डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 06 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-323, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



राहुल गांधी ने महाराष्ट्र को बताया कांग्रेस ...

सेंसेक्स
82,201.16 -151.48

डॉलर
83.986 +0.012

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,880
01 किलो 84,880

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# एसीबी ने 10 हजार रिश्वत लेते सदर अस्पताल के फार्मासिस्ट को पकड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बार फिर पलामू एसीबी ने कार्रवाई की है। यह कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने के एवज में घूम मांगने का है। यह मामला लातेहार सदर अस्पताल का है। फार्मासिस्ट परमानंद के द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने के नाम पर 15 हजार रुपए घूस मांगा जा रहा था। 10 हजार रुपए में डील फाईनल हुई। इसके बाद शिकायतकर्ता छोटन उरांव ने इसकी शिकायत पलामू एसीबी से की। पलामू एसीबी द्वारा एक टीम का गठन कर पीड़िता को पैसा लेकर देने के लिए भेजा गया। जैसे ही पीड़ित ने परमानंद को पैसा दिया वैसे ही एसीबी ने रंगे हाथ परमानंद को घूस लेते गिरफ्तार कर लिया।



जानकारी के अनुसार छोटन उरांव अपने पिता के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए पिछले दो माह से सदर अस्पताल का चक्कर काट रहे थे। उन्हें पोस्टमार्टम रिपोर्ट के एवज में पैसे की मांग की जा रही थी। इसके बाद छोटन ने इसकी शिकायत पलामू एसीबी से की। गिरफ्तार परमानंद ने कहा कि यह पैसा उपर तक जाता था। अब देखना है कि इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है। इधर एसीबी की टीम ने परमानंद को हिरासत में लेकर पलामू ले गई है। वहीं इस कार्रवाई से पूरे सदर अस्पताल में हड़कंप मच गया है।

# ट्रस्ट गठन और सौंदर्यीकरण के विरोध में आदिवासियों ने दिउड़ी मंदिर में जड़ा ताला

- दिउड़ी मंदिर में शुरू हुई पूजा, एसडीएम की मौजूदगी में तोड़ा गया ताला
- यह दिउड़ी मंदिर नहीं, दिवड़ी दिरी है, सरकार का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं



**तमाड़ (रांची)।** रांची जिला के तमाड़ स्थित दिउड़ी मंदिर अब राजनीति का नया केंद्र बनने लगा है। गुरुवार सुबह 5 बजे दिवड़ी गांव व आसपास के आदिवासियों ने मंदिर के सौंदर्यीकरण के विरोध और मंदिर ट्रस्ट गठन के तरीके से सहमति जताते हुए मंदिर के मुख्यद्वार पर ताला जड़ दिया। आदिवासियों का कहना है कि कि यह दिउड़ी मंदिर नहीं, बल्कि दिवड़ी दिरी है। मंदिर पर सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। मंदिर पहले की तरह बिना सरकार के हस्तक्षेप के चलना चाहिए। मालूम हो कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की इस मंदिर पर अपार श्रद्धा है। मंदिर से उनका नाम जुड़ने के बाद इसकी प्रसिद्धी और बढ़ गई है। मंदिर में तालाबंदी की खबर जंगल की आग की तरह चारों ओर फैलते ही बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी मोहन लाल मरांडी मंदिर पहुंचे और मुख्यद्वार पर लगाया गया ताला तोड़ा गया।

**क्या है ग्रामीणों का कहना :** ग्रामीणों का कहना है कि वे मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए तैयार नहीं हैं और ट्रस्ट गठन के तरीके से वे सहमत नहीं हैं। इस मुद्दे पर प्रशासन को भी सूचित किया गया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी मांगों पर अडिग हैं और मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए लगभग आठ करोड़ की लागत से काम होना था। लेकिन ग्रामीणें ने इसे भी रोक दिया। काम रोके जाने को लेकर संवेदक ने तमाड़ थाने में लिखित शिकायत दी है।

**पूरे इलाके तनाव :** आदिवासी समूह के इस कदम से मंदिर के आसपास के इलाके में तनाव है। दिवड़ी ग्राम के आसपास के आदिवासी ग्रामीण एकजुट होकर ग्रामसभा कर रहें है। बुंडू प्रशासन के साथ वार्ता हुई, इसमें दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बातें रखीं। अंचल अधिकारी तमाड़, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू सहित ट्रस्ट के एडवोकेट रितेश जायसवाल ने ग्रामीणों के समक्ष बात रखी और ग्रामसभा की भीड़ को हटाने का आग्रह किया। खबर लिखे जाने तक आदिवासी समुदाय के लोग इकट्ठा होकर सभा कर रहे हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा अंतिम चेतावनी दिया गया है। बुंडू अनुमंडल पुलिस प्रशासन की पूरी टीम देवी मंदिर परिसर में डटी हुई है। एसडीपीओ रतीभान सिंह ने बताया कि मामले को लेकर लोगों को समझाया बुझाया जा रहा है लेकिन लोग अभी वहां डटे हुए हैं।

## एक नजर

### पीएम 15 को आएंगे जमशेदपुर, झारखंड को देंगे तीन वंदे भारत की सौगात

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड के दौरे पर आ सकते हैं। पीएम इस दौरान टाटानगर रेलवे स्टेशन से तीन वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगें। इसके तहत पीएम टाटा-पटना, टाटा - बरहमपुर (ओडिशा) और देवघर बनारस वंदेभारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। प्रधानमंत्री टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर टाटा-बरहमपुर ट्रेन और प्लेटफार्म नंबर 3 से टाटा-पटना ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। देवघर बनारस वंदेभारत ट्रेन को ऑनलाइन हरी झंडी दिखाई जाएगी।

### हजारीबाग के चरही के पास वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव

**हजारीबाग।** रांची से चलकर पटना जाने वाली वंदे भारत ट्रेन पर गुरुवार को पथराव हुआ है। ट्रेन नंबर 22350 पर हजारीबाग के चरही एवं बेस रेलवे स्टेशन के बीच में पथराव हुआ। इससे ट्रेन को नुकसान पहुंचा है। बोगी नंबर ई वन की सीट नंबर 5 और 6 के पास का ग्लास पूरी तरह टूट गया। हालांकि, इससे अंदर बैठे किसी यात्री को नुकसान नहीं हुआ है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए असामाजिक तत्वों की पहचान की कोशिश हो रही है। इस हमले को लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है और न ही किसी ओर से इस घटना की आधिकारिक पुष्टि ही की गई है। रेलवे पुलिस इस मामले में पड़ताल कर रही है कि किसने और क्यों पत्थरबाजी की, सीसीटीवी के आधार पर इसके सुराग खोजने की कोशिश की जा रही है।

## आज | कल




# उत्पाद सिपाही नियुक्ति दौड़ अब फिर 10 से

- नए गाइडलाइंस और नए शेड्यूल के अनुसार होगा शारीरिक दक्षता परीक्षा
- युवकों की मौत के कारणों का नहीं चल पाया पता, आगे की जांच जारी
- मृत्यु का कारण सम्भवतः हृदय गति का रुकना हो सकता है : एडीजी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में उत्पाद विभाग में कांस्टेबल नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान 12 अभ्यर्थियों की मौत के बाद स्थगित हुई शारीरिक दक्षता परीक्षा नई गाइडलाइंस और नए शेड्यूल के अनुसार 10 सितंबर से फिर शुरू होगी। सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुवार को राज्य के आला पुलिस अफसरों के साथ पूरे मामले की समीक्षा की। इसके बाद यह निर्णय लिया गया। झारखंड के एडीजी (हेडक्वार्टर) आरके मल्लिक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 अभ्यर्थियों की मृत्यु के मामले की समीक्षा की गई। सीएम ने इन घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त किया। समीक्षा में मृत्यु के कारणों का स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया। एडीजी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद आगे की जांच हो रही है। यह अनुमान लगाया गया कि जिनकी भी अचानक मृत्यु हुई, उसका कारण सम्भवतः हृदय गति का रुकना हो सकता है। ऐसे में आने वाले दिनों में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सुझाव दिया गया है कि अगर किसी को कोई लंबी बीमारी हुई हो या कभी सांस संबंधी दिक्कत हुई हो तो वे डॉक्टर से परामर्श कर लें। अगर शारीरिक दक्षता परीक्षा के तहत दौड़ के पहले किसी अभ्यर्थी को कोई परेशानी महसूस हो तो वे जांच करा लें।

### अब पलामू में नहीं होगी दौड़

समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि शारीरिक जांच की परीक्षा अब पलामू में नहीं होगी। जिन अभ्यर्थियों की दौड़ पलामू में होनी थी, अब उनकी परीक्षा 19 और 20 सितंबर को राज्य के अन्य 6 सेंटरों पर होगी। इन अभ्यर्थियों के लिए नया एडमिट कार्ड जल्द ही जारी किया जाएगा। अब रांची के दो केंद्रों के अलावा गिरिडीह, हजारीबाग, जमशेदपुर और साहिबगंज में शारीरिक दक्षता परीक्षा 10 सितंबर से ली जाएगी। इसका शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। बहाली की दौड़ हर रोज अधिकतम सुबह 8.30 बजे तक कराई जाएगी।

# विधायक-मंत्री खरीदो, ईडी-सीबीआई से धमकी दिलवाओ का चल रहा खेल : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को गुमला जिला मुख्यालय में 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर जनता इन्हें नहीं चुनती है तो ये विधायक खरीदो, मंत्री खरीदो, ईडी-सीबीआई से धमकी दिलवाओ, छापे पड़वाओ, जेल भिजवाओ का खेल शुरू कर देते हैं। लोकतंत्र में जनता सरकार चुनती है, लेकिन इन्हें आपसे मतलब नहीं। अगर आपने किसी और की सरकार बनाई तो ये सरकार ही खरीद लेते हैं। ये लोग हमारे पीछे भी दो साल से पड़े हैं। हमारे विधायकों के पीछे पड़े हैं, लेकिन हमलोग पैसे पर नहीं बिकते। हेमंत सोरेन ने भाजपा पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप मढ़ते हुए कहा, "इन लोगों ने बड़े-बड़े, ऊंचे-ऊंचे पदों पर बैठकर सदियों से पूरे देश में आदिवासी-पिछड़ों का शोषण किया है। अब जब हम मंत्री बन रहे हैं, मुख्यमंत्री बन रहे हैं तो इनके पेट में दर्द हो रहा है। हमको चार साल से चैन से बैठने नहीं दिया। दो साल तो कोरोना से नहीं बैठ पाए और अब बचे हुए समय में इन लोगों ने हमें परेशान कर दिया। सोरेन ने कहा कि अब इनके पास कुछ बोलने के लिए नहीं रहा तो ये लोग छत्तीसगढ़ से, असम से, मध्य प्रदेश से नेता बुलाते हैं और हिंदू-मुस्लिम का जहर घोलते हैं। हम लोग नियुक्तियां कर रहे हैं, वो इन्हें नहीं दिखता है। हम जितना आप लोगों के लिए काम करते हैं, उतना ही ये लोग हमें काटने के लिए दौड़ते हैं।

### अधिकार आपका दरवाजा खटखटा रहा है आएं और योजना घर ले जाएं : मुख्यमंत्री



**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को गुमला जिले के सिसई प्रखंड अंतर्गत शिवनाथपुर पंचायत के पण्डरानी ग्राम में आयोजित चौथे चरण के आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में हर घर में हर वर्ष एक लाख रुपए पहुंचाने का हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का चौथा चरण चल रहा है। हर गांव- मोहल्ला- टोला में शिविर लगाकर आपकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मेरा आपसे कहना है कि आपका अधिकार आपका दरवाजा खटखटा रहा है। आप आगे आएं और और अपनी जरूरत की योजना को अपने घर में ले जाएं। हमारी कोशिश विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आपके और आपके परिवार को सशक्त और स्वावलंबी बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आज भी कई ऐसे सुदूर गांव है, जहां आने जाने का कोई रास्ता नहीं है। लेकिन, आज उन्ही गांवों में पगडंडियों पर चलते हुए अधिकारी आपके घर पहुंच रहे हैं और विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के साथ ऑन द स्पॉट आपकी समस्याओं का निष्पादन रहे हैं।

# संथाल परगना घुसपैठ मामले में झारखंड हाई कोर्ट में छह जिलों के डीसी की रिपोर्ट पर जताई हैरानी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में संथाल परगना में घुसपैठ के मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने संथाल के छह जिलों के उपायुक्त की उस रिपोर्ट पर हैरानी जतायी, जिसमें उन्होंने संथाल में घुसपैठ की बात से इनकार किया है। कोर्ट ने सभी डीसी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक भी घुसपैठ पाया गया तो संबंधित जिले के डीसी पर अवमानना का केस चलेगा। बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में याचिकाकर्ता सैयद दानियाल दानिश ने जनहित याचिका दाखिल की है, जिस पर हाई कोर्ट सुनवाई कर रही है। सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने हाई कोर्ट से मौखिक कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की वजह से संथाल परगना में ट्राइबल आबादी घटना गंभीर मामला है, केंद्र सरकार इस पर गहन अध्ययन कर रही है। केंद्र सरकार इस संवेदनशील विषय पर अपने सभी स्टेक होल्डर यथा आईबी, बीएसएफ आदि से विचार-विमर्श कर एक कंप्रिहेंसिव जवाब दाखिल करेगी। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर निर्धारित की है। सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया की ओर से खंडपीठ से आग्रह किया गया कि इस मामले में आईबी को प्रतिवादी से हटाया जाए क्योंकि कई सीक्रेट चीज आईबी के पास होती है, जो सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। आईबी से मिले कुछ डाटा को वह केंद्र सरकार के कंप्रिहेंसिव जवाब के रूप में दायर कर सकती है। जिस पर कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र सरकार को आवेदन दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की खंडपीठ ने वर्चुअल रूप से हाई कोर्ट से जुड़े सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता से मौखिक कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का झारखंड में प्रवेश अलार्मिंग स्थिति है, क्योंकि ये घुसपैठिए झारखंड के रास्ते देश के अन्य राज्यों में भी घुसकर वहां की आबादी को प्रभावित करेंगे।

# टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- पिस्टल, गोली, धमकी में प्रयुक्त मोबाईल, तकनीकी उपक्रम, डायरी, नक्सली पर्चा बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** पुलिस ने चतरा, हजारीबाग, लातेहार और रांची के कोयला कारोबारी और ठेकेदार को धमकी देने वाले टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी) के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो पिस्टल, 26 गोली, आठ मोबाइल, राउटर और नक्सली पर्चा भी बरामद हुए हैं। एसपी विकास पांडेय के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने एटीएस की टेक्निकल टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई की है। पुलिस ने बड़ी घटना को अंजाम देने में लगे प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में तकनीकी शाखा, झारखंड एटीएस के साथ टंडवा व पिपरवार थाने की पुलिस टीम ने संयुक्त रुप से पिपरवार थाना क्षेत्र के बन्हे जंगल में घेराबंदी कर सघन सर्च अभियान चलाया। मौके पर अन्य सदस्य जंगल व अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहें। पकड़े गये उग्रवादीयों के पास से पुलिस ने पिस्टल, गोली, धमकी में प्रयुक्त मोबाईल, तकनीकी उपक्रम, डायरी व नक्सली पर्चा बरामद किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि कई महीनों से अभिषेक, ऋषिकेश के नाम से टीएसपीसी संगठन के सदस्यों द्वारा चतरा, टंडवा, पिपरवार क्षेत्र के अलावा हजारीबाग के केरेडारी एवं बडकागांव, लातेहार के बालूमाथ, चंदव व बारियातु, तथा रांची के खलारी एवं बुडमू आदि थाना क्षेत्रों में प्रभावी रूप से सक्रीय रहते हुए ठेकेदारी, ट्रांसपोर्ट एवं कोल व्यवसायियों को फोन से डरा धमका कर लेवी के रूप में मोटी रकम की वसूली करते थे। गिरफ्तार उग्रवादियों में अमन लकड़ा उर्फ बौना पिता ऐतवा उरांव, ग्राम बोटका थाना केरेडारी जिला हजारीबाग, सुमित टाना भगत पिता राजकुमार टाना भगत, ग्राम कल्याणपुर थाना पिपरवार जिला चतरा, शंकर उरांव पिता ऐतवा उरांव ग्राम छोटकी गोरांग गेतलसुद थाना अनगड़ा जिला रांची व आर्यन कुमार भोगता पिता स्व. जेठु भोगता ग्राम हेठ नगड़ू, थाना सिकिदिरी जिला रांची के रहने वाले हैं। छापामारी टीम में एसडीपीओ के साथ लव कुमार पुलिस निरीक्षक झारखण्ड एटीएस, अनिल उरांव पुनि सह थाना प्रभारी टंडवा, प्रशांत कुमार मिश्रा थाना प्रभारी पिपरवार, अभिमन्यु कुमार पुअनि पिपरवार, सुनील कुमार सिंह पुअनि टंडवा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## इंडिया

# एआई या गूगल ज्ञान दे सकता है भावना नहीं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

किसी भी बच्चे को अपने मां बाप के अलावा जो सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं वे उसके शिक्षक हैं जो उसके बालमन पर गहरा प्रभाव डालते हैं और कभी कभी बहुत बुरा भी। पाठ्यक्रम याद रहे न रहे पर शिक्षकों की कही बातें या व्यवहार जीवन भर याद रह जाती हैं ।कुछ शिक्षक ज्ञान के प्रति जुनून कहा देते हैं और छात्रों के साथ जुड़ने के मजेदार तरीकों को अपनाकर गणित या विज्ञान जैसे कठिन विषयों को भी आसान बना देते हैं। उनके अनुशासित व्यवहार और नैतिक गुणों का स्पष्ट प्रभाव हजारों छात्रों की जिंदगी पर दिखाई पड़ता है जिन्हें उनके गुणों के आधार पर ही पहचाना जा सकता है।

आज के गूगल और ईआई के सबसे तेज सूचना क्रांति के दौर में भी हर एक व्यक्ति को ऐसे कौशल सीखने की कोशिश करनी चाहिए, जो मशीन नहीं सिखा सकती और जो सही मायनों में आपको इन्सान बनाएंगे। खुद को मौलिक बनाए रखना जरूरी है। वैचारिक तौर पर सतर्क बने रहना जरूरी है, क्योंकि मशीन की आदत आपको एक ही ढर्रे पर सोचना सिखाती है, वह आपकी रचनात्मकता को सीमित भी कर सकती है ।पिछली गर्मियों में एआई से निर्मित एक कलाकृति को कोलोराडो स्टेट फेयर में पहला पुरस्कार मिला। पहली नजर में किसी को भी यह कलाकृति बहुत अच्छी लगेगी। लेकिन दूसरे ही पल वह मुझे बेजान-सी बासी लगने लगेगी। किसी व्यक्ति का जुनून, दर्द, लालसा या गहराई से महसूस किए गए जीवंत एहसास उसमें नहीं हो सकते। लता मंगेश्कर जैसी मीठी आवाज बहुतों की हो सकती है एआई उनके जैसी आवाज बना सकती है पर वो भाव दिलों को छूने वाले अहसास पैदा नहीं कर सकती। कल्पना और अंतर्दृष्टि, जो शिक्षक पैदा करते थे, मानवीय रचनात्मकता के आधार होते हैं। कोई भी मशीन या गूगल जैसा सर्वज्ञ नहीं कर सकता। आपने एनिमल फॉर्म पढ़ी और अब आप जॉर्ज ऑरवेल जैसा लिखना चाहते हैं, तो आप लेखन से जुड़े कोर्स करेंगे, कक्षाएं लेंगे। एआई की मदद भी ले सकते हैं। लेकिन इन सबका मकसद क्या है, यह पहचानना जरूरी है। एआई सब कुछ कर सकता है, लेकिन खुद की आवाज तो आप ही पहचान सकते हैं। आप हर समय यह दिखाना चाहते हैं कि आप सामान्य लोगों से बढ़कर हैं। आप एक भाषण देते हैं, लेकिन उससे पहले उसे तैयार करना होता है, जिसमें एआई आपकी मदद कर सकता है। लेकिन श्रोताओं से जुड़ने के लिए उनके मूड के हिसाब से कौन-सी बात पहले कहनी है, कौन-सी बाद में या कहनी ही नहीं है, यह गणना तो आपको ही करनी होगी। एआई इसमें क्या करेगा? बच्चों के दिमाग पर अपने अध्ययनों के लिए मशहूर एलिसन गोपनिक कहती हैं कि जब बच्चे जीपीटी-3 जैसे सिस्टम से बात करते हैं या कंप्यूटर पर कोई गेम खेलते हैं, तो वह प्रत्यक्ष व कल्पना की दुनिया के बीच एक मधुर रचनात्मकता का आनंद लेने लगते हैं। लेकिन, जब बच्चे किसी जीते-जागते व्यक्ति से बात करते हैं, या फिर मैदान में दोस्तों के साथ खेलते हैं, तब रचनात्मक ऊर्जा का जो प्रवाह होता है, वह एआई के साथ काम करते वक्त नहीं होता। जाहिर है कि एआई काफी कुछ सिखा सकता है, लेकिन सजीव चीजों से जो सीख मिलती है, उसकी बराबरी नहीं हो सकती।




जब हम साहित्य पढ़ते हैं, या नाटक, जीवनी या इतिहास, तो आप विभिन्न परिस्थितियों में दूसरों के दृष्टिकोण व व्यवहार का अर्थ समझते हैं। किसी दूसरे के दिमाग में क्या चल रहा है, अगर आप यह समझ सकते हैं, तो आपके पास किसी मशीन की तुलना में कहीं ज्यादा मूल्यवान कौशल है। एआई यह नहीं सिखा सकता। कोई व्यक्ति किसी परिस्थिति विशेष में कैसा व्यवहार करेगा, यह एआई नहीं बता सकता। हां, वह यह जरूर बता सकता है कि उसे कैसा व्यवहार करना चाहिए। लेकिन उसकी यह सीख हर व्यक्ति पर सटीक बैठेगी, इसकी कोई गारंटी नहीं, क्योंकि हर व्यक्ति मौलिक है। अनुभव, ऐतिहासिक ज्ञान, विनम्रता, चिंतनशीलता और सबसे महत्वपूर्ण संवेदनशीलता भी एक तरह का ज्ञान है, जो मशीन नहीं दे सकती। एआई के युग की खासियत यह है कि यह हमें उस ज्ञान से अलग करने पर मजबूर करता है, जो मानवतावादी नहीं है। यह इस बात का संकेत करती है कि आने वाले एआई युग की वास्तविकता क्या हो सकती है। एआई संभवतः हमें शानदार उपकरण देगा, जो हमें मौजूदा मानसिक काम को आउटसोर्स करने में मदद करेगा। एआई के बारे में सबसे महत्वपूर्ण बात यह हो सकती है कि यह हमें दिखाता है कि यह क्या नहीं कर सकता है, और इसलिए यह बताता है कि हम कौन हैं और हमारे पास क्या है। मशीन मददगार हो सकती हैं, लेकिन जो ज्ञान आपको समझदार बनाता है और रूपांतरित करता है, वह मशीन की परिधि से बाहर है।

# तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़ में दो महिला समेत छह नक्सली ढेर

**बीजापुर।** तेलंगाना-छत्तीसगढ़ की सीमा पर गुंडाला-करकागुडेम वनक्षेत्र में गुरुवार सुबह हुई मुठभेड़ में दो महिला समेत छह नक्सली मारे गए। कुछ नक्सली घायल भी हुए हैं। वहीं दो जवानों को गोली लगी है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। तेलंगाना के भद्राद्रि कोठागुडेम जिले के पुलिस अधीक्षक रोहित राज ने मीडियाकर्मियों को बताया कि मुठभेड़ में ढेर नक्सलियों की पहचान कुंजा विरैया, तुलसी, शुक्र, चालो, दुर्गेश और कोटो के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले की सीमा से लगे तेलंगाना के भद्रादि कोठागुडेम जिले और पिनपाका मंडल करकागुडेम वनक्षेत्र में तड़के हुई मुठभेड़ में ग्रे-हाउंड्स फोर्स के जवानों ने कमांडर लक्ष्मण सहित छह नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में तेलंगाना पुलिस के दो जवान घायल हुए हैं, जिनमें से एक जवान की हालत गंभीर है। जवानों को भद्राचलम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को गुंडाला-करकागुडेम वनक्षेत्र में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके आधार पर ग्रे-हाउंड्स फोर्स को बुधवार को ही सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। जवान गुरुवार सुबह नक्सलियों के ठिकाने पर पहुंचे, जहां नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई। उल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित अंदरुनी इलाकों में लगातार मुठभेड़ हो रही है और जवानों को इसमें सफलता भी मिल रही है। तीन सितंबर को दंतेवाड़ा जिले में बैलाडीला की पहाड़ियों के नीचे बसे गांवों के जंगल में मुठभेड़ हुई थी। जवानों ने तेलंगाना निवासी डीकेएसजेडसी रणधीर सहित नौ नक्सलियों को ढेर कर दिया था।

## सहदेव चंद्रवंशी बीएड कॉलेज में मनाई गई सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती

# पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन जैसे महान विचारक व शिक्षाविद के पद चिन्हों पर चलने की जरूरत : डॉ. कल्याण सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** सहदेव चंद्रवंशी बीएड कॉलेज (नावाडीह) विश्रामपुर में गुरुवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. कल्याण कुमार, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद डॉ. देवाशीष मंडल, कुल सचिव डॉ. हरीभूषण प्रसाद, डीन एकेडमी एंड रिसर्च डॉक्टर जयप्रकाश ने सामूहिक रूप से पूर्व राष्ट्रपति व शिक्षक सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कुलपति श्री कुमार ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे महान विचारक और शिक्षाविद के पद चिन्हों पर चलते हुए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने समारोह में शामिल छात्र छात्राओं को शिक्षक व शिक्षार्थी के कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौजूद सभी अतिथियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नागेंद्र राम ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में शामिल बीएड व डीएलएंड के छात्र छात्राओं ने अपने गुरुके प्रति उदार भाव रखते हुए बुके,डायरी व कलम देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने केक भी काटा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार पांडेय ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर शिक्षक अजय कुमार सिंह,महबूब आलम, पंकज कुमार, शशिकला, सुनील कुमार, शशि रेशमा कुजूर, अनिल कुमार, कुतुबुद्दीन अंसारी, पंकज तिवारी सहित बीएड, डीएलएड के कई छात्र छात्राओं की मौजूद थे।

### आरके रहमानिया स्कूल में मना शिक्षक दिवस

**मोहम्मदगंज।** आदर्श राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा में बुधवार को पहले अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी में शिक्षा विभाग की गाइडलाइन पर चर्चा की गई। इसमें शामिल माता-पिता व अभिभावकों को विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं दिखाई गई। साथ ही साथ प्रत्येक दिन बच्चों को स्कूल भेजने वाले तथा साप्ताहिक रेल टेस्ट में लगातार टॉप आने वाले छात्र- छात्राओं के माता-पिता व अभिभावकों को प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने सम्मानित किया। वहीं गुरुवार को शिक्षक दिवस के पर शिक्षकों के सम्मान में छात्र-छात्राओं ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें सभी शिक्षकों और प्रधानाध्यापक ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इन कार्यक्रमों में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार के अलावा संतोष चौहान, हरेंद्र सिंह यादव,जागेश्वर प्रसाद, संजय कुमार, सगुफ्ता प्रवीण, हसनैन रजा, श्रीराम पांडेय, शैलेश कुमार शुक्ला व आशीष कुमार पटेल और ग्रामीण शिक्षक तहसीन अंसारी शामिल थे।

## एक नजर

### करंट से युवक की मौत, मातम पसरा

**मोहम्मदगंज।** थाना अंतर्गत वीरधवर निवासी युवा धनंजय पासवान (25) की गुरुवार को बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। घायलावस्था में उन्हें तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद ले जाया गया था। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। वह माता पिता के इकलौती संतान थे। उनकी तीन सगी बहनें भी हैं। मेहनत मजदूरी कर किसी प्रकार से वे परिवार का भरण पोषण करते थे। उनकी मौत से परिवार पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी मातम छा गया है। परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। फिलहाल, इनके पिता प्रवेश पासवान बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। जिन्हें इस घटना की सूचना दे दी गई है।

### पितृपक्ष मेला को लेकर एक्सप्रेस ट्रेन का होगा ठहराव

**मोहम्मदगंज।** पितृपक्ष मेला (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) को लेकर पुनपुन घाट हाल्ट पर 9 और अनुग्रह नारायण स्नान घाट पर भी 5 जोड़ी सवारी गाड़ियों का अस्थायी ठहराव होगा। गुरुवार को हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वतीचंद्र ने प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी है। इसमें उन्होंने बताया है कि इन ट्रेनों में इस रूट पर चलने वाली 13347/48 बरकाकाना-पटना (पलामू एक्सप्रेस)और 13349/50 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस का भी दो-दो मिनट ठहराव पुनपुन घाट हॉल्ट स्टेशन पर होगा।पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए उक्त तिथियों में रेलवे की यह अस्थायी व्यवस्था होगी।

## शिक्षक दिवस पर सरकारी स्कूलों में दिखा बच्चों में उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में गुरुवार को पूरे उमंग व उत्सव के रुप में शिक्षक दिवस मनाय गया। इसे लेकर कई स्कूलों में बच्चों में उत्साह दिखा। प्राथमिक विद्यालय बहेरा व मीडिल स्कूल सोबा में प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय, सहायक शिक्षक संजय राम, कुसुम कुमारी व प्रधानाध्यापक चक्रवर्ती कुमार सिंह ने बच्चों संग गुरुजनों की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर बच्चों के बीच टॉफी, कॉपी, कलम भी बच्चों के बीच वितरण किया गया। जबकि उत्क्रमित हाईस्कूल पांती व पतरिया में प्रभारी व शिक्षकों ने स्कूली बच्चों के साथ उत्सव के रुप में इस दिवस को मनाया है। इस दौरान बच्चों के बीच खेल मैदान में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्रों को विद्यालय परिवार की ओर पुरस्कृत भी किया गया। उन्होंने कहा कि देश के महान शिक्षाविद व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के रुप में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पूरे देश में मनाने की परंपरा रही है। बच्चों को ज्ञान का भंडार भरने, जीवन में नई रोशनी देने और प्यार व डांट के बीच अच्छी राह दिखने वाले गुरुजनों को इसी दिन सम्मानित भी किया जाता है।

## सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, संपूर्ण प्रकृति ही हमारा गुरु : प्राचार्य




**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कॉलेज में भारत के पूर्व राष्ट्रपति और दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन 5 सितंबर के अवसर पर प्राचार्य सूर्य मणि सिंह की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया गया। मंच का संचालन भूगोल विभाग की छात्रा रिंकी कुमारी ने किया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्य दिये। जिसमें दिव्या कुमारी, किरण कुमारी, सोनम मेहता, शशि रंजन, रिंकी कुमारी और स्नेहा रानी। मुख्य वक्ता के रूप में दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष सह एकेडमिक इंचार्ज डॉ. राम सुभग सिंह ने कहा कि गुरु का व्यक्तित्व एवं व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि छात्र के सम्मान को आकृष्ट करे। सम्मान कोई भीख या दया की चीज नहीं है। यह कहना कि विद्यार्थी, शिक्षक का सम्मान करें; यह कहना बेहतर होगा कि शिक्षक ऐसा होना चाहिए, जो विद्यार्थी को सम्मान देने पर विवश कर दे। शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. आनंद कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.राजेश कुमार सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. आलोक रंजन कुमार ने भी अपने विचार पेश किये। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने कहा कि पूरी प्रकृति ही हमारी गुरु है। प्रकृति के अवलोकन से ही हमारे ज्ञान संसार में वृद्धि होती है। यहां तक कि हम विद्यार्थियों से भी सीखते हैं। गुरु और शिष्य एक सापेक्ष शब्द है, जिसमें दोनों ही परिस्थिति और प्रसंग भेद से एक दूसरे के गुरु हैं। शिक्षकों सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं छात्र सेमिनार में मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राहुल कुमार सिंह ने किया।

### टीएसपी कोचिंग सेंटर में मना शिक्षक दिवस

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत टीएसपी कोचिंग सेंटर सिगसिगी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर छात्र छात्राओं ने संस्थान को बहुत ही आकर्षक तरीके से सजाया। सर्वप्रथम छात्रों ने संस्थान के डायरेक्टर संतोष कुमार गुप्ता को फूल का गुलदस्ता देकर स्वागत गान गाकर स्वागत किया। उसके बाद डायरेक्टर संतोष कुमार गुप्ता ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर संतोष गुप्ता ने कहा कि गुरु शिष्य का रिश्ता प्राचीनकाल से चलते रहा है और आज भी यह कायम है। उन्होंने शिक्षक दिवस की महत्ता एवं गुरु शिष्य के रिश्तों का व्याख्यान किया। वहीं डायरेक्टर संतोष गुप्ता ने कहा की छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने व आगे चल के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना ही संस्थान का उद्देश्य है। मौजूद छात्र छात्राओं के समक्ष झारखंड निषाद विकास संघ के पलामू जिला अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने गुरु शिष्य के परंपरा को निभाने और एक अच्छे शिक्षक की तरह छात्रों को प्रेरणा दिया। उन्होनें छात्र छात्राओं से अपने आस पास रहने वाले अशिक्षित, भटके हुए छात्रों को सही राह दिखाने एवं एक अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भारत में पांच सितंबर डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। मौके पर पंकज कुमार कुशवाहा, संजय मेहता, गुरुचरण गुप्ता , सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस मना



**नावाबाजार।** प्रखंड के कंडा पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहां विद्यालय के शिक्षक सहित छात्र-छात्राओं द्वारा भारतरत्न पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के 136 वे जन्मदिन पर शिक्षक दिवस स्कूलों में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इसके पूर्व विद्यालय में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के बाद प्राचार्य सुमित शंकर सहित सभी शिक्षकों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षक सहित अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर प्राचार्य सुमित शंकर ने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने देश की राजनीति में अहम भूमिका निभाई थी। वह 1949 से 1952 तक सोवियत संघ में भारतीय राजदूत के रूप में कार्य किया। इसके साथ ही 1952 में भारत के उपराष्ट्रपति बने व 1962 तक इस पद पर बने रहे। 13 मई 1962 से 13 मई 1967 तक वे भारत के राष्ट्रपति भी रहे। छात्र-छात्राओं को बताया शिक्षक समाज की रीढ़ की हड्डी होता है। मौके पर शिक्षक विक्रम कुमार दुबे ,प्रेम गौरव ,बीगू राम ,विवेक कुमार पाठक, परमेश्वर गुप्ता शिक्षिका मेहनाज ,सुलेखा रानी , मीनाक्षी चौधरी ,कविता कुमारी सहित क्लर्क दीपालीका मौजूद थे।

### जिला पैक्स संघ अध्यक्ष ने किसानों की समस्याओं के लिए पलामू प्रमंडल में को-ऑपरेटिव बैंक खोलने की मांग की

**हुसैनाबाद।** रांची खेलगांव के टाना भगत स्टेडियम में आयोजित झारखंड राज्य को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के पंचम वार्षिक आमसभा 2024 में पलामू जिला के पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा के नेतृत्व में झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष बिभा सिंह से मिलकर किसानों की समस्या के समाधान के लिए पलामू प्रमंडल के तीनों जिला में को-ऑपरेटिव बैंक खोलने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इसे गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द पलामू प्रमंडल के तीनों जिला पलामू, गढ़वा, लातेहार में बैंक खोली जाएगी। मौके पर पैक्स अध्यक्ष कृष्णा गिरी, रंजन दुबे, सुरेश प्रसाद यादव, मिथलेश सिंह, शशिकांत दूबे, शिव प्रसाद साव, अशोक राम, मुखलाल चौधरी, भैरो सिंह, आलोक सिंह, मुरारी सिंह, संतोष सिंह, कन्हाई राम, निरंजन प्रसाद, दीपनारायण प्रसाद, अनुज कुमार सिंह, श्यामबिहारी सिंह, गिरवर पांडेय समेत सभी सम्मानित अध्यक्ष मौजूद थे।

## थाना प्रभारी ने महिला सशक्तिकरण व जागरूकता अभियान का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कन्या मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी पार्वती कुमारी द्वारा महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभिहयान का नेतृत्व महिला एवं बाल संरक्षण थाने के पदाधिकारी और कर्मियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास, सेल्फ डिफेंस, दहेज प्रथा, बाल विवाह और महिला उत्पीड़न से निपटने के तरीके बताये गए। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी ने छात्राओं को समाज में महिलाओं के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने डायन बिसाही जैसी कुरीतियों और बाल विवाह जैसी समस्याओं के प्रति छात्राओं को सचेत रहने की सलाह दी। इस अवसर पर छात्राओं को मोबाइल फोन के दुरुपयोग और इसके दिमागी प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कैसे मोबाइल का सही उपयोग उनके जीवन में सहायक हो सकता है और इसके दुरुपयोग से बचने के लिए सावधान रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में छात्राओं को यह बताया गया कि यदि वे किसी भी प्रकार की छेड़खानी का शिकार होती हैं, तो घबराने की बजाय हिम्मत और बुद्धिमत्ता का प्रयोग करें। उन्हें यह भी जानकारी दी गई कि किसी भी तरह की आपात स्थिति में वे डायल फ्री नंबर 112 का उपयोग कर सकती हैं। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य छात्राओं को न केवल आत्मरक्षा के तरीकों से परिचित कराना था, बल्कि उन्हें समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना भी था। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

## पंचतत्व में विलीन हुए जिप उपाध्यक्ष के पिता, शव यात्रा में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिला परिषद उपाध्यक्ष सह जेएमएम के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार सिंह ऊर्फ टूटू सिंह के पिता श्यामदेव सिंह का अंतिम संस्कार गुरूवार को देवरी सोन नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। श्यामदेव सिंह 96 वर्ष का निधन बुधवार को उनके पैतृक गांव महुअरी गांव में हो गया था। उनका शव यात्रा गुरूवार को महूअरी गांव से शुरू हुआ। वहां शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शमिल हुए। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के अलावा सामाजिक व ग्रामीण इलाकों के लोग शमिल थे। बड़े पुत्र उमेश सिंह ने पिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के बाद उपस्थित लोगों ने शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजली दी। शोक सभा में जेएमएम के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, विवेकानंद सिंह, डॉ. एजाज आलम, रामपरवेश सिंह, नेहाल असगर मुन्न देव, बरूण सिंह , भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह, मनोज सिंह, विकास दुबे, कुश कुमार सिंह ऊर्फ मिंटू सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्धिकी, अब्बास कादरी, लाल सिंह, अजय सिंह, रतन लाल, भुनेश सिंह, समेत कई लोग शमिल थे। वहीं श्यामदेव सिंह के निधन पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता,दशरथ कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह, शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रंधीर कुमार सिंह, प्रिंस सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, रविंद्र कुमार सिंह ऊर्फ बब्लू सिंह,अजय गुप्ता, योगेंद्र सिंह, बिमलेश पासवान, अमरेंद्र ठाकुर सहित कई लोगो ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## शिक्षकों के सम्मान में अपग्रेडेड उच्च विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर अपग्रेडेड हाई स्कूल कामगारपुर के प्रशाल में शिक्षकों के सम्मान में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह का उद्घाटन आध्यात्मिक गुरु परमहंस तिवारी,विद्यालय के प्रधानाध्यापक विश्वजीत कुमार तथा वरीय शिक्षक अंगद किशोर ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। अपने उद्घाटन भाषण में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि शिष्यों द्वारा गुरुओं का सम्मान देने की परंपरा आदि काल से चलती आ रही है। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक अंगद किशोर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षा का एक आवश्यक अंग है इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों में मानसिक, शारीरिक तथा नैतिक शक्तियों का विकास संभव है। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मानित अन्य शिक्षकों में सुरेन्द्र कुमार, सूरज कुमार, भंवर सिंह, संजय कुमार सिंह, कुमारी अलका, संतोष कुमार रवि, राजेश्वर सिंह, अमरेश कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, गीता कुमारी, विनीता कुमारी आदि का नाम हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न नारायण सिंह ने प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र -छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वर्ग षष्ठ के छात्र -छात्राओं द्वारा अपनी हिंदी की पाठ्य-पुस्तक की एक कविता ‘वीर तुम बढ़े चलो’ पर एक रोचक देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। देशभक्ति नृत्य गीत ‘देश रंगीला’ ने धूम मचा दी। लक्ष्मी कुमारी तथा करिश्मा का एकल नृत्य बेजोड़ रहे। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में लगभग तीन दर्जन प्रतिभागियों ने अपने नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। उक्त प्रतिभागियों में श्वेता,रागनी, परी, पुष्पांजलि,आराध्या, खुशी, अमिंता, मंजू,सुमन, रूबी, महिमा,जिआ, लक्ष्मी, अनन्या, प्रिया,माही,गौरी, प्रियांशु, सुप्रिया, नंदनी आदि का नाम शामिल हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन वर्ग अष्टम की छात्रा कोमल कुमारी ने किया।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा नेता 40 दिनों से कर रहे क्षेत्र का दौरा

**उंटारी रोड।** भाजपा के युवा नेता रामाशीष यादव 40 दिनों से लगातार जनसम्पर्क कर स्थानीय लोगों से मिल रहे हैं। समय-समय पर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न लोगों के साथ बैठकों का आयोजन कर रणनीति भी तैयार कर रहे हैं। चुनावी तैयारीयों के क्रम में उन्होंने गुरुवार को भी बैठकों का आयोजन किया। विभिन्न बैठकों में उन्होंने कोर कमिटी, समाज के प्रबुद्ध लोगों, पार्टी कार्यकताओं, विभिन्न प्रखंडों के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समर्थकों एवं सक्रिय साथियों संग विचार-विमर्श किया। इस दौरान चुनावी तैयारियों पर गंभीर चर्चा की। समस्याओं के निवारण के लिए लोगों द्वारा दिए गए सुझाव पर कार्य शुरू करने का अश्ववासन दिया।

### शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन : सुरेश कुमार

**छतरपुर।** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत सक्सेस मंत्रा एकेडमी (जपला रोड), विजन कोचिंग सेंटर (अर्जुन डीह) एमएस कंप्यूटर सेंटर जपला मोड़ एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। एसएम अकादमी के डायरेक्टर विकाश कुमार और उमेश कुमार व विजन कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर विनय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में बच्चे बहुत अच्छा प्रगति कर रहे है। बच्चों ने इस कार्यक्रम में अपने विलक्षण प्रतिभा प्रदर्शित की। इंजीनियर सुरेश कुमार ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि शिक्षा ही समाज की नींव मजबूत कर सकते हैं। शिक्षित व्यक्ति किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए सक्षम होता है। उन्होंने बताया कि एक शिक्षित महिला अपने आने वाले वंशज को भी शिक्षित बनाती है।

### हुसैनाबाद की छह सड़कों को मिली स्वीकृति, टेंडर की प्रक्रिया हुई शुरू

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छह महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति मिल गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि उनकी अनुसंशा के आलोक में हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड में छह ग्रामीण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। अब इन सड़कों के निर्माण के लिए दो दिनों में निविदा निकलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अपने अपने क्षेत्र की सड़कों पुल पुलिया की समस्या से उन्हें अवगत कराया था। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर उन पुल पुलिया व सड़कों का निर्माण कराने की अनुसंशा की थी। उन्होंने कहा कि पुल पुलिया की निविदा निकाल दी गई है। जल्द ही सड़कों की निविदा भी निकल जायेगी। जिन ग्रामीण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है, उसमे हुसैनाबाद के हदना से सैदा बिगहा होते बैजली तक सड़क निर्माण, मिडिल स्कूल बड़ेपुर से पंचायत भवन होते पुराना बड़ेपुर तक पथ निर्माण, महुअरी पंचायत के मिराहियाडीह गांव से झरहा मुख्य पथ तक सड़क निर्माण, नारायणपुर नहर से शिवपुर तक पथ निर्माण, हैदरनगर के बरेवा मेन रोड से कुट्टी सरयू नदी तक सड़क निर्माण, हैदरनगर बभनडीह मेन रोड से लोहरपुरा रोड चहका भाया बरवाडीह तक सड़क निर्माण शामिल है। उन्होंने बताया कि अब क्षेत्र की लग भाग सभी सड़कों को स्वीकृति दिलाने का काम उन्होंने किया है। अधिकांश सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। कुछ पर कार्य चल रहा है, कुछ पर काम शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि उन्हें एक-एक समस्या की चिंता रहती है। वह लगातार समाधान कराने की दिशा में प्रयासरत रहते हैं। पिछले जनप्रतिनिधियों ने क्या किया यह बताने की जरूरत नहीं है। यही वजह है की उन्हें अधिक मेहनत करना पड़ा है।

### रेलवे स्टेशन के विकास कार्य की गुणवता पर उठा सवाल, जीएम से मांगा जवाब

**हैदरनगर।** रेल क्षेत्र में लगातार उतरोत्तर विकास कार्य के बावजूद डीडीयू रेलमंडल के बीडी सेक्सन अंतर्गत हैदरनगर रेलवे स्टेशन के विकास कार्य की गुणवता व असुविधाओं पर सवाल खड़ा होने लगा है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा ने रेल महाप्रबंधक हाजीपुर को ट्वीट कर चार सूत्री सवालों को जवाब मांगा है। जिस पर उन्होंने तत्काल डीआरएम को इस संबंध में आवेदक को जवाब देने की अनुशंसा भी की है। उन्होंने जानना चाहा है कि हैदरनगर स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल है कि नहीं। यदि है तो विकास कार्यों का विवरण के अलावे इस योजना के तहत मिलने वाली सुविधा व सेवाओं की सूची के साथ विकास के लिये आवंटित राशि की जानकारी मांगी गई है। उन्होंने यात्री हित में जानकारी भी रेल अधिकारियों को दी है कि अब तक इस स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो और तीन पर यात्री शेड, पेयजल, कुर्सी व बेंच की नगन्य स्थिति से प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों को काफी कठिनाई हो रही है। साथ ही नवनिर्मित प्लेटफार्म के सतह की ढलाई होने के एक माह के भीतर ही दरारें पड़ गई है। उन्होंने वर्तमान में हो रहे कई कार्यों के गुणवता की जांच कराकर संबंधित संवेदक के विरुद्ध समुचित कार्रवाई करने का आग्रह रेल महाप्रबंधक से की है।

### आपकी सरकार, आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम में हजारों आवेदन कई आए

**नीलांबर पीतांबरपुर।** जनकल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों को जोड़ने के लिए 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन व्यापक स्तर पर प्रखंड में किया जा रहा है। वहीं राज्य सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार को पंचायत स्तरीय शिविर लेस्लीगंज पंचायत में आयोजित किया गया। शिविर में लोगों को योजना की सटीक जानकारी और लाभ मिल रही है या नहीं इस पर प्रखंड के अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह निरंतर नजर रखे हुए है। उन्होंने बताया कि शिविर से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सुगम रूप से प्रदान किया जा रहा है। लोगों को भटकना नहीं पड़े, इसलिए पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागीय कर्मियों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है। कि शिविर में आने वाले लोगों को न सिर्फ सभी योजना की जानकारी दी जाए बल्कि लोगों की समस्या और निवेदन का त्वरित गति से निष्पादन करने का प्रयास किया जाए। पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में पूछे जाने पर पंचायत के उप मुखिया हेमायू खाँ ने बताया कि योजनाओं का प्राथमिकता के तहत इस शिविर में अबुआ आवास, स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, जाति, आय, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़े मामले का शिविर में प्राप्त हो रहे आवेदन का निष्पादन किया जा रहा है। मौके पर आपूर्ति विभाग द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत 35 धोती साड़ी एवं जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह के दीदीयों को 20 लाख रुपए का ऋण ,आई कार्ड एवं लखपति दीदी का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम सत्य प्रिय तिवारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी , बीपीआरओ राजीव रंजन पांडे, सीआई रितेश रंजन तिवारी, हल्का कर्मचारी महेद्र राम, जनसेवक राजेश कुमार पाठक, तारकेश्वर पासवान, इस्लाम अहमद, बबलू खाँ सहित योजनाओं से संबंधित प्रखंड स्तरीय अधिकारी कर्मीए एवं सैकड़ो लोग शिविर में उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शिक्षक दिवस पर पूर्व नेशनल एथेलेटिक्स कोच को किया गया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर पूर्व नेशनल एथेलेटिक्स कोच बालमुकुंद पाण्डेय को एथेलेटिक्स फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही जिला उत्पाद सिपाही के भर्ती में सफल कैंडिडेट को मुख्य अतिथि बीएम पाण्डेय द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों को किसी भी दौड़ प्रतियोगिता में सफल होने के लिए कई टिप्स की जानकारी दी। उन्होंने एथेलेटिक्स फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर के कोच मोनू कुमार के कार्यों की सराहना की। कहा कि मोनू कुमार के अच्छे ट्रेनिंग के कारण ही विभिन्न प्रतियोगिता में दर्जनों छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिता में सफलता अर्जित कर रहे हैं। मौके पर इस ट्रेनिंग सेंटर के स्पोट्र्स प्रमोटर के रूप मे मुख्य रूप से अमित सिंह और पीटी टीचर सुनील सिंह मौजूद थे।



## एमकेडीएवी में धूम-धाम से मना शिक्षक दिवस

# प्रलय व सृष्टि दोनों ही शिक्षक की गोद में पलते हैं: डॉ. जीएन खान




- शिक्षक त्याग की अद्भुत प्रतिमूर्ति होते है
- शिक्षकों को सदैव सकारात्मक सोच रखना चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में भारतरत्न व पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनायी गयी। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान ने सभी शिक्षकों के साथ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां शिक्षक दिवस पर ही आधारित थी। 12 वीं ब की छात्रा प्रियांशु ने राधा कृष्णन की जीवनी, कार्यों व देश के लिए योगदान का विस्तृत वर्णन करते हुए शिक्षकों को पूज्यनीय, स्मरणीय तथा प्रेरणा स्रोत बताया। मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने कहा कि शिक्षक त्याग की अद्भुत प्रतिमूर्ति होते हैं। शिक्षकों को पुराणों में भी भगवान के समतुल्य बताया गया है। गुरु गोविंद दोउ खड़े... दोहे से स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सदैव सकारात्मक सोच रखना चाहिए और छात्रों में भी सकारात्मकता का ही विकास करना चाहिए। शिक्षक- प्रदत नकारात्मक विचार देश को भारी क्षति पहुंचा सकते हैं।प्राचार्य ने डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान,आर्यरत्न,पद्मश्री पूनम सूरी का शिक्षकों के लिए प्रेषित संदेश भी पढ़कर सुनाया। पूनम सूरी ने कहा कि सीबीएसई में 15000 विद्यार्थियों द्वारा 90 से अधिक अंक लाना एवं पेरिस ओलंपिक में डीएवी के छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के पीछे डीएवी के शिक्षकों की कड़ी मेहनत, निष्ठा एवं लगन को ही स्वीकार करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामना प्रेषित किया है।

### सर्वपल्ली राधाकृष्णा के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत : सोमेश्वर

मेदिनीनगर लोक विचार मंच के तत्वावधान में स्थानीय कचहरी परिसर में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की शिक्षक दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भृगुनाथ चौधरी ने की। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेसी नेता सोमेश्वर प्रसाद ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का व्यक्तित्व एवं कृतित्व शिक्षक एवं बुद्धिजीवी समाज के लिए सदैव अनुकरणीय है। मौके पर श्याम नारायण सिंह एक साधारण परिवार में जन्मे राधाकृष्णन एक साधारण शिक्षक के पद से लगातार संघर्ष करते हुए देश में विभिन्न पदों के दायित्वों का निर्वहन करते हुए राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी दीनानाथ तिवारी, श्रीकांत तिवारी, अलख निरंजन चौबे, गोकुल बसंत, सुरेन्द्र तिवारी, प्रेम कुमार, धन्नजय सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

### कलाकारों ने बांधा समां

मेदिनीनगर संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने कहा कि भारतीय सभ्यता में गुरु ही एक ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनके योगदानों का सम्मान समाज सदैव करती है। मनुष्य जीवन में गुरु का उतना ही महत्त्व है जितना जीने के लिये हवा तथा जल का है। गुरु सन्मार्ग दिखाते हैं और गुरु ही अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाकर लक्ष्य तक पहुंचाते हैं। वह शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर संत मरियम स्कूल परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इससे पूर्व अविनाश देव ने अतिथियों के साथ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की व मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यालय प्रबंधन समस्त सम्मानित शिक्षकों को आदर के साथ उपहार प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि गुरु ही हमारे शुभ चिंतक सही मार्गदर्शक और हमारे समूचे व्यक्तित्व का निर्माण कर भविष्य निर्माण में सहयोग करते हैं। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, उप प्राचार्य एसवी शाहा, रानी, पूजा देव, देवम इंस्टिट्यूट के विभागाध्यक्ष आरएन सिंह, शैक्षणिक प्रमुख यूएस चौबे, प्रवीण दुबे, संजय सिन्हा, विद्यालय समन्वयक अमरेंद्र कुमार, अचला कुमारी, रिजवाना प्रवीण, रोशन राज, एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी, राजेश राय, जितेंद्र श्याम, राज गुप्ता के साथ समस्त शिक्षक कर्मचारी व मौजूद थे।



## न्यूज बॉक्स

### हरितालिका तीज आज, खरीददारी के लिए महिलाओं की उमड़ी भीड़



**मेदिनीनगर।** तीज को लेकर मेदिनीनगर के मुख्य बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। गुरुवार को भी तीज की पूर्व संध्या पर मुख्य बाजार सहित सभी चौक चौराहा पर खरीददारी के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाएं तीज के लिए आवश्यक खरीददारी में जुटी हैं। व्रत करने वाली महिलाएं विभिन्न श्रृंगार सामग्री जैसे चूड़ी, लहठी, टिकूली, अलता, नेल पॉलिश आदि की खरीदारी में जुटी हैं। तीज पर डलिया सजाने के लिए जरुरी पूजन सामग्री व पंडित-पुरोहित को दान देने के लिए भी सामग्री की खरीदारी करने में लगी है। महिलाओं को बड़ी संख्या में रेड़मा चौक, कचहरी चौक, छह मुहान, सब्जी बाजार सहित सभी जगह फल तथा पूजन सामग्री की खरीददारी करते हुए देखा गया। सुहागिनों और कुंवारी कन्याओं के सबसे बड़े पर्व में से हरतालिका तीज भी है। हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का विशेष महत्व है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरतालिका तीज मनाई जाती है। ये पर्व भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़ा है। इस दिन भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा करते हैं। महिलाएं तीज में निर्जला व्रत रखती हैं और पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस बार हरतालिका तीज 6 अगस्त को मनाया जा रहा है। इस दिन सुहागिन महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती और उनके पूरे परिवार की मिट्टी की मूर्तियां बनाकर घर में मंदिर में स्थापित करते हैं। माता का श्रृंगार किया जाता है। महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं, हाथों पर मेहंदी रचाती हैं और रात में माता गौरी की पूजा करती हैं। सुहागिनों के साथ ही कुंवारी लड़कियां भी इस दिन उपवास करती हैं।

### कमजोर बूथों पर मिलकर काम करने की जरूरत है: रघुराज पांडेय





**मेदिनीनगर।** भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पलामू में हुई। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री अनिल कुमार सिन्हा किया। विषय प्रवेश कराते हुए मंडल अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि पार्टी के निदेर्शों का अक्षरसः पालन करने का काम सभी कार्यकर्ताओं को करना है। कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत होकर समाज व देश की उन्नति के लिए दिन रात लगे रहते हैं। डालटनगंज विधानसभा प्रभारी रघुराज पांडेय ने कहा कि हमारा ध्यान बूथ पर केंद्रित रहना चाहिए। जहां कमजोर हैं, वहां सभी को मिलकर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए कमर कस चुकी है। जिला उपाध्यक्ष व ग्रामीण मंडल प्रभारी अभिमन्यु तिवारी ने कहा किसभी मंडल और बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ हैं। इसलिए मजबूती से जो जिम्मेदारी पार्टी दे उसे निभाना है। भाजयुमो के प्रदेश मंत्री विश्वजीत पाठक ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में ग्रामीण मंडल के प्रत्येक बूथ जीत कर भाजपा का परचम लहराना है और राज्य में भाजपा की मजबूत सरकार बनाना है। बैठक में प्रेमजीत कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पांडेय, छोटू सिंहा, नित्यानंद तिवारी, सुनील तिवारी, वार्ड पार्षद रोशन गुप्ता, मनदीप, संगीता कुमारी, सुमन सिंह, आशीष कुमार सिंह, प्रधान कुमार, सुभक तिवारी, प्रभात तिवारी, रंजीत चंद्रवंशी, दीपक तूफान सहित काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिक्षित होने से पूरा समाज शिक्षित होता है: किरण मेहता




**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में गुरुवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के सचिव किरण मेहता, प्राचार्य डॉ. एके सिंह अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूपसे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सचिव किरण मेहता ने केक काटकर विद्यालय प्रबंधन व निदेशक सह पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण प्रसाद मेहता की ओर से शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज सेवक भी हैं। बच्चों के शिक्षित होने से पूरा समाज शिक्षित होता है, इसलिए हमें शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाए दी। कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है। इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों के द्वारा स्वागत नृत्य, शिक्षिका नबोनिता चक्रवर्ती, खुशबू एवं रितिका के द्वारा नृत्य। शिल्पी गुप्ता, दिलीप मिश्रा, मैनाक मुखर्जी, आशीष सेनापति एवं राजीव मिश्रा द्वारा संबोधन। कीर्ति निशा, गौरव कुमार एवं राकेश कुमार के द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए। नर्सरी, प्रेप एवं प्रथम से तृतीय तक की शिक्षिकाओं ने विभिन्न विषय आधारित गीत प्रस्तुत किए।

### कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस मना



**मेदिनीनगर।** कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था। एक प्रसिद्ध दार्शनिक और शिक्षक थे, जिन्होंने भारतीय शिक्षा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके जन्मदिन को भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो शिक्षकों के योगदान को मान्यता देने और सम्मानित करने का अवसर है। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व और भविष्य की पीढ़ियों के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को उजागर किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर एक समृद्ध शैक्षिणिक वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर स्कूल के निदेशक संजीव कुमार तिवारी, प्रशासन विभाग के विजय कुमार दुबे, प्रधानाचार्य डॉ. संगीता पांडेय, अकादमिक हेड एसकेएल दास, मुकेश कुमार सिंह व सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# महिलाओं को युवा पेंशन नहीं नौकरी रोजगार दे सरकार: अरुणा शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पथरा मंडल, खुरा पंचायत, बहेराखुर्द गांव में जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान चौधरी समाज ने अरूणा शंकर का अपने क्षेत्र में स्वागत किया। पिछले 15 दिनों से ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर निकली प्रथम महापौर अरुणा शंकर से ग्रामीण क्षेत्र के लोग मिलकर अपनी बातों को रख रहे हैं, वहीं महिलाओं में भी प्रथम महापौर के प्रति आकर्षण ज्यादा देखा जा रहा। ग्रामीणों ने प्रथम महापौर से कहा जैसे वह शहर मेदिनीनगर को चंद समय में बेहतर रूप दी हैं। वैसे ही गांव को भी बेहतर रूप देने का प्रयास करें। ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव में मुलभूत सुविधा भी नहीं। गांव में आम लोगों को बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध नहीं है। मौके पर प्रथम महापौर ने कहा कि विधानसभा चुनाव आने वाला है। झारखंड सरकार अपनी और आकर्षित करने के लिए पढ़ी-लिखी बहनों को भी एक-एक हजार युवा पेंशन देकर अपना पाप छुपाना चाहती। पढ़ी-लिखी बहनों को सरकार युवा पेंशन नहीं नौकरी दे। जब तक नौकरी नहीं दे पाती तब तक शिक्षा के अनुसार न्यूनतम पांच-पांच हजार बेरोजगारी भत्ता दे। उन्होंने कहा शिक्षित बहनों को नौकरी और ग्रामीण बहनों को रोजगार की आवश्यकता है। मौके पर जवाहर चौधरी, राजीव रंजन चौधरी, शिवकुमार चौधरी, संजय चौधरी, सुधीर चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, पुनीत बैठा, अजीत कुमार बैठा, डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. विनोद, नंदू चौधरी, सत्यनारायण चौधरी, प्रमोद चौधरी, डॉ. वीरेंद्र चौधरी, राजमणि देवी, करिश्मा कुमारी, रीमा देवी, पार्वती देवी सहित काफी संख्या में लोग में मौजूद थे।



# आपकी योजना,आपकी सरकार कार्यक्रम में पिछले एक सप्ताह में आये 95 हजार से अधिक आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य सरकार के 30 अगस्त से 5 सितंबर तक जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस क्रम में पिछले एक सप्ताह में पूरे जिले में विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 95695 आवेदन प्राप्त किये हैं, जिसमें में 12035 का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया है। शेष आवेदनों का वेरिफिकेशन के पश्चात स्वीकृति प्रदान की जाएगी। प्राप्त आवेदनों में सबसे अधिक 59778 अबुआ आवास से संबंधित है। शिविर में 5 हजार से अधिक लाभुकों के बीच धोती-साड़ी,लुंगी का वितरण किया गया है। राशन कार्ड में संशोधन से जुड़े कुल 3013 आवेदन मिले हैं। वृद्धा पेंशन को लेकर 2530 आवेदन प्राप्त किया गया है। प्रखंडों में सबसे अधिक पांकी प्रखंड में 11071 आवेदन प्राप्त किये गये हैं।




### 6 सितंबर को इन पंचायत में आयोजित किए जाएंगे शिविर

आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मोहम्मदगंज के भजनिया,हैदरनगर के बरडंडा हुसैनाबाद के महुआरी,हरिहरगंज के खड़गपुर,नौडीहाबाजार के खैरादोहर,छतरपुर के कचनपुर,पांडु के महूगांवां,ऊंटरीरोड के मुरमाकला, विश्रामपुर के गुरहाकला,नवाबाजार के तुकबेरा,पड़वा के पड़वा,चैनपुर के बांसडीह,सदरमेदिनीनगर के सुआ,पाटन के हिसराबरवाडीह,मनातू के पदमा, तरहसी के मंझौली-2,नीलांबर-पीतांबरपुर के कुराईन पतरा,सतबरवा के रबदा व पांकी के हुटाई पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# सांसद ने मृतक दीपक के घर पहुंच कर दिया मदद का भरोसा

### पीड़ित परिवार के परिजनों को दिया एक लाख का आर्थिक सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में भर्ती के दौरान जिले के पांडू प्रखंड के वृद्धखैरा गांव के स्व. राजेश पासवान के 25 वर्षीय पुत्र दीपक पासवान की दर्दनाक मौत पर सांसद विष्णु दयाल राम भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ मृतक दीपक पासवान के घर पहुंच कर शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। सांसद ने कहा कि भाजपा परिवार पीड़ित परिजनों के साथ है। पार्टी द्वारा परिजनों को तत्काल ही सहायता के रूप में एक लाख का आर्थिक सहायता भी प्रदान किया। सांसद ने पीड़ित परिवार को आवास दिलाने का आश्वासन देने के साथ भविष्य में हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। परिजनों ने सांसद विष्णु दयाल राम को बताया कि झारखण्ड सरकार मौके पर यदि उचित स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराया होता आज उनका दीपक उनके साथ होता और उनके घर का दीपक यू न बुझता। उन्होंने बताया कि अभ्यार्थियों का दौड़ वाले स्थल पर भेड़-बकरी से भी बदत्तर स्थिति थी। अभ्यर्थी जिंदा रहे या मरे कोई सुध लेने वाला नहीं था। बताते चले कि पूर्व में भी उत्पाद सिपाही भर्ती में छतरपुर के कउवल निवासी अरुण कुमार का मौत हो गया था, जिसकी खबर सुनकर सांसद पीड़ित परिवार से मिले थे। मौके पर संगठन द्वारा एक लाख की मदद राशि प्रदान की गई थी। सांसद ने कहा कि दोनों परिवार के पीड़ित परिजनों को वह आवास दिलाने के लिए कृत संकल्पित हैं। गरीबी से जूझ रहे परिवार को दीपक से बड़ी उम्मीद थी। परंतु परिजनों का सपना सदा के लिए अधूरा रह गया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, विभाकर नारायण पांडेय, रविन्द सिंह, सुनील पासवान, धर्मदेव यादव, रामचन्द्र यादव, संध्या सिंह, चन्द्रदेव मांझी, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# गुरु परंपरा के वाहक हैं डॉ जी एन खान : दीपक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक की सेवादार टीम ने शिक्षक दिवस पर एमके डीएवी के प्राचार्य जीएन खान को सम्मानित किया। आईआरबी द्वारा संचालित उड़ान एजुकेशन स्क्वाड के कर्ताधर्ता सेवादार दीपक तिवारी, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी अभिमन्यु सिंह, सेवादार परवेज अख्तर, महताब खान ने प्राचार्य डॉ जी एन खान को शिक्षक दिवस पर शुभकामनाएं दी। साथ ही झारखंड जोन में चियांकी डीएवी स्कूल का परचम लहराने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर स्थानीय सेवादारों के हाथों सम्मानित हुए प्राचार्य डॉ खान ने शिक्षा के क्षेत्र में नौनिहालों के लिए और अधिक उर्जा से काम करने का भरोसा दिया। साथ ही बताया कि दीपक तिवारी के नेतृत्व में संचालित निशुल्क डिजिटल क्लास सेवा का अनोखा तरीका है। इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप प्रभारी दीपक तिवारी ने कहा कि डॉ खान के आगमन के उपरांत डीएवी में पठन पाठन में कार्यरत शिक्षक हों या छात्र उनका सर्वागिण विकास हुआ है। कर्मक्षेत्र में कई गुरु मिलते हैं, लेकिन मेरे जीवन में डॉ जी एन खान सर की भूमिका व्यक्तित्व निखारने में उपयोगी रहा है।

## कार्यक्रम

## गोल्डन ऑवर इन ट्रॉमा व सीपीआर कैंप कल

# सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा: डॉ. प्रवीण

- मेडिकल साइंस में इस प्रक्रिया को जीवन रक्षक प्रणाली के रूप में मान्यता प्राप्त है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के प्रस्तावित सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम को ले कर आम लोगों में बहुत ही उत्साह देखा जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि 7 सितंबर को होने वाले गोल्डन ऑवर इन ट्रॉमा व सीपीआर कैंप के लिए सभी विभाग व बहुत सारे स्कूलों और समाज के विभिन्न तबकों से जानकारी मांगी जा रही है। आगामी 7 सितंबर को होने वाले कैंप के प्रति बढ़ती दिलचस्पी व भागीदारी की संख्या को देखते हुए उपायुक्त के निर्देश पर शहर के टाउन हॉल में करना निश्चित हुआ है। सीपीआर की आम जीवन में उपयोगिता को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि अक्सर बुजुर्ग, दिल के मरीज या दुर्घटनाओं के शिकार लोग जानकारी के अभाव में दम तोड़ देते हैं। जिन्हें आसानी से बचाया जा सकता है। किसी दुर्घटना या बेहोशी की स्थिति में दिल की धड़कन रुक सकती है। गोल्डन ऑवर ट्रॉमा के दौरान कई बार सीपीआर के जरिए कृत्रिम सांस दे कर या दिल की धड़कन को दुबारा हाथ से धक्का दे कर चालू किया जा सकता है। मेडिकल साइंस में इस प्रक्रिया को जीवन रक्षक प्रणाली के रूप में मान्यता प्राप्त है। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के इस सीपीआर कैंप को आयोजित करने के पीछे उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोग खास करके पुलिस बल के जवान, स्कूलों के लोग इस विधि को सीखे ताकि किसी इमरजेंसी में प्रभावित व्यक्ति की जान बचाई जा सके। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की पूरी टीम जिसमें उनके अलावा डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. गौरव विशाल, डॉ. रविश कुमार, डॉ. अभय कुमार, डॉ. उदय सिंह, डॉ. अमित, डॉ. निशांत कुमार कुमार कैंप के लिए तैनात रहेंगे। कैंप में कई डेस्क बनाया जायेगा, जिस पर नकली मानव शरीर के माध्यम से शामिल लोगों को सीपीआर की ट्रेनिंग दी जाएगी। कैंप संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



### डीसी शशिरंजन होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

गोल्डन ऑवर ट्रॉमा व सीपीआर कैंप में पलामू जिला प्रशासन पुलिस बल के अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा स्कूलों के वार्डन और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त शशि रंजन, विशिष्ट अतिथि आरक्षी अधीक्षक रीष्मा रमेशन, आईएएस भोर सिंह यादव, आईएएस मो. फैज अहमद, डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर व सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह भाग लेंगे।

### कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को किया जागरूक

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पलामू प्रमंडल क्षेत्र के गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर में आयोजित विशेष शिविर के दौरान ग्रामीणों को जागरूक किया गया। प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई पलामू प्रमंडल की ओर से मेला प्रदर्शनी व नुक्कड़-नाटक का आयोजन कर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। मेला-प्रदर्शनी सह नुक्कड़-नाटक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

## एक नजर

### जंगल से 25 बोटा लकड़ी जब्त



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परती कूशवानी पंचायत के बाघमानवा जंगल से हरे-भरे पेड़ों को बड़े पैमाने पर काटे जाने की सूचना पर वन समिति आमवाडीह के अध्यक्ष चमन साह, नागेन्द्र प्रजापति, चंदेश्वर उरांव, अखिलेश चेरो ने जंगल से 25 बोटा लकड़ी जब्त किया। ग्रामीणों ने लकड़ी जब्त कर वन विभाग को सौंप दिया है।

### वज्रपात से मवेशी की मौत



**केतार।** थाना क्षेत्र के परती गांव में गुरुवार को बारिश और तेज गरज के साथ हुई वज्रपात से मवेशी (गाय)की मौत हो गई। भुक्तभोगी किसान नाटा सिंह ने बताया की मवेशी का चारा खिलाकर पेड़ के नीचे छाया में बांधे थे। इस बीच दोपहर में अचानक बारिश के साथ वज्रपात की घटना में गाय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। भुक्तभोगी किसान नाटा सिंह ने बताया कि गाय छह माह की गर्भवती थी। इससे किसान को लगभग 25 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। किसान ने आपदा प्रबंधन विभाग से मुवाबजे की मांग की है। मौके पर अमरकेश यादव, अंकित गुप्ता, कन्हैया बैठा, चंद्रदेव बैठा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हरियाली तीज पर मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता

# मेहंदी लगाना प्राचीन संस्कृति है : थाना प्रभारी



### भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता लाना है:शंभूनाथ

चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर ने कहा कि हमारे त्योहार सांस्कृतिक विरासत का परिचायक हैं। मेहंदी प्रतियोगिता आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करना है हम हाथों में मेहंदी भी लगा कर अपनी सभ्यता और संस्कृति का परिचय देते हैबइस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं में उत्साह के साथ आत्मविश्वास बढ़ता है सह संयोजक लवली आनंद ने कहा किबच्चों में छिपी रचनात्मक क्षमता को निखारने में प्रतियोगिताएं लाभकारी होती है। मौके पर संरक्षक रवि प्रकाश,महिला संयोजक संगीता कुमारी,उपाध्यक्ष उमेश कुमार चाहत,वीरेंद्र प्रसाद अग्रहरी,तस्लीम खान,आनंद अग्रवाल, रंजन कुमार छोटू, राजू सोनी, रूपेश जायसवाल, कमलेश कुमार, लालती देवी, मीना देवी, काजल गुप्ता, कुमुद कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**मेहंदी प्रतियोगिता में शालू प्रथम रही**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में बुधवार की शाम चेचरिया स्थित अलका मैरिज गार्डन में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। तीज महोत्सव का शुभारंभ महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्कू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन गया। प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। महिलाओं ने हथेलियों पर मेहंदी के एक से बढ़कर एक रचना से कला का प्रदर्शन किया। महिलाओ ने प्रतिभागियों द्वारा बनाए गये मेहंदी के डिजाइनों की खूब प्रशंसा की। मेहंदी प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान शालू सोनी, द्वितीय स्थान अक्षरा,अंशिका तथा तृतीय स्थान किरण गुप्ता व अन्नू कुमारी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन के पश्चात थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्कू, चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर सहित चैंबर के पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्कू ने कहा की खास अवसरों पर हाथों में मेहंदी लगाना हमारी प्राचीन संस्कृति है। मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है मांगलिक अवसरों पर भी मेहंदी लगाने की परंपरा है क्योंकि यह सौभाग्य की प्रतीक मानी जाती है। तीज-त्यौहारों पर महिलाएं मेहंदी लगाकर प्रसन्नता का इजहार करती हैं। उन्होंने चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे आपस में एकता का संचार होता है। अपनी संस्कृति को मजबूत बनाने की इच्छा जागृत होती है। उन्होंने कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता से छात्राओं की क्रियाशीलता, सृजनात्मकता, एकाग्रता व मिलकर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है।

## शिशु विद्या मंदिर के छात्रों ने प्रांत में लहराया परचम



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहन प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में भाग लेने फुसरो, बोकारो में गए थे। वहां बहन शिखा रानी और भैया अंकित कुमार ने मूर्तिकला प्रतियोगिता में पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रौशन किया। अब ये क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए 22-23 अक्टूबर को सीतामढ़ी, बिहार जाएंगे। इस उपलब्धि के लिये प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बधाई देते हुए कहा कि भैया बहन अपने परिश्रम द्वारा राज्य में विद्यालय का नाम रौशन किया। ये सभी बधाई के पात्र है। इनकी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना। विद्यालय द्वारा भैया बहन और उनके अभिभावकों को वंदना स्थल पर अंग वस्त्र और उत्सर्ग पत्रिका देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष धर्मचंद लाल अग्रवाल सचिव रविप्रकाश सह सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने भी विद्यालय और स्थान लाय भैया बहनो को शुभकामनाएं दीं।

## शिविर में अबुआ आवास समेत कई योजनाओं के लिए 553 आवेदन आये

**नवीन मेल संवाददाता**



**धुरकी।** झारखंड राज्य हेमन्त सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में गुरुवार को धुरकी सदर पंचायत भवन के परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। शुभारंभ बीडीओ ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी जुलफिकार अंसारी ने लोगों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत विभिन्न पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, खाद आपूर्ति, पेंशन, मनरेगा, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, वन सुरक्षा, विद्युत विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण सहित अन्य विभाग का स्टाल लगाए गए थे। बीडीओ ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि शिविर में पहुंचे अंतिम व्यक्ति तक आवेदन प्राप्त करने के बाद ही शिविर का समापन किया जाना है। उक्त शिविर में मुखिया द्वारा अन्नप्राशन गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों को मिलाकर अबुआ आवास सहित 553 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से कार्यक्रम का सफल आयोजन वर्तमान सरकार द्वारा हो रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रशासन, सरकार एवं जनता के बीच की दूरी को कम करना है। साथ ही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी करना है। इस मौके पर पंचायत सचिव, मुखिया सहित पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## बच्चों का भविष्य संवारते हैं शिक्षक: संचालक



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में गुरुवार को शिक्षक दिवस धूमधाम और उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित आरके सिंह पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका और विद्यार्थियों ने मिलकर केक काटा और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शिक्षक दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने शिक्षक और शिक्षिका को सम्मानित किया और उन्हें उपहार भेंट की। इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर विद्यालय के संचालक ब्यूटी सिंह ने उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को कहा की शिक्षा अमूल्य धन है और सभी को पूरी निष्ठा के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक के लिए सबसे बड़ा उपहार बच्चों की सफलता है। देश के उच्च पदों पर बैठे लोगों को शिक्षक ने ही इस योग्य बनाया है। मौके पर प्रिंसिपल ऐनुल परवेज, बिट्टू सिंह,संध्या जयसवाल, वेदभूषण पाठक, इंदल सिंह, रोहित कुमार, उपेन्द्र कुमार, अभिमन्यु कुमार, अजीत कुमार यादव, पूनम देवी,किरण देवी, मुक्ता जयसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### शिक्षक सभ्यता व संस्कृति के आदर्श हैं : निदेशक

मेराल बंका रोड मेराल अवस्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन में शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों व बच्चों ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधा कृष्णन के योगदान को याद कर शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने संबोधित करते हुए कहा कि सर्वपल्ली अनेक पदों पर कार्य करने के बावजूद शिक्षक जीवन को सर्वोपरि मानते थे। शिक्षकों के कारण ही व्यक्ति में आत्मबल एवम आत्मनियंत्रण विकसित होते हैं। शिक्षक सभ्यता,संस्कृति एवम समाज के आदर्श होते हैं। मौके पर करण कुमार कौशल,रामाशीष राम,राहुल कुमार, अखिलेश्वर मिश्र,संजय ठाकुर, संजय कुमार गुप्ता, आकाशदीप एवम पंकज कुमार चौधरी सहित सभी बच्चे उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास से मना शिक्षक दिवस

**रमना।** राज्यकिय मध्य विद्यालय सिलीदाग में विधार्थियो एवं शिक्षिकों द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस केक काटकर और उनके तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर सम्मान पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर विधार्थियो द्वारा अपने शिक्षकों को कलम उपहार स्वरुप दिया गया। हर वर्ष पांच सितम्बर को पुरे भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता, इस दिन सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक का जन्म दिवस के रूप में मनाते हैं, इसकी शुरूआत देश के भारतीय संस्कृति के संवाहक और दार्शनिक डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इस मौके पर शिक्षक,नंदकिशोर चौबे,मनोज कुजूर, रविन्द्र पाल, सहायक, लाल सिंह, रागनी सिंह रेनू सिंह, आशुतोष कुमार सिंह एवं विधार्थी उपस्थित थे।

## मनरेगा लाभुक पैसा भुगतान को लेकर धरना पर बैठे



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड में वेंडर शिवाय ट्रेंड्स दुकान के सामने मनरेगा के लाभुक अपने भुगतान की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। धरने का नेतृत्व बीडीसी विकास कुमार सिंह और झामुमो नेता संजीव कुमार सिंह कर रहे हैं। लाभुकों का कहना है कि कई महीनों पहले शिवाय ट्रेडर्स के प्रोपराइटर अंजन कुमार गुप्ता के पास उनका मनरेगा भुगतान लंबित है। लाभुक काजू कनॉजिया, मनोज चौधरी ने बताया कि हमलोग बकरी सेड, गाय शेड आदि का निर्माण मनरेगा योजना के तहत किये थे, जिसमें भेंडर द्वारा सामग्री नही दिया गया। हम खुद सामग्री खरीद कर लगाए हैं। हमलोग का सामग्री मद का पैसा शिवाय ट्रेंड्स में भुगतान हुआ है, लेकिन सामग्री मद का पैसा उनके द्वारा हमलोगों को नही दिया जा रहा है। जिससे वे आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। इस धरना के जरिए वे प्रशासन से तुरंत भुगतान करने की मांग कर रहे हैं। नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र होगा। मौके पर स्थानीय लोग भी समर्थन में जुटे हुए हैं। मौके पर अशोक उरांव, रामावतार उरांव,कामेश्वर उरांव, यमुना राम, नरेश राम, गुरुचरण यादव, जोखू बैठा आदि उपस्थित थे।

### पैसा बकाया नहीं है: अंजन

मेरे पास किसी भी लाभुक का पैसा बकाया नही है,सभी लाभुकों का भुगतान मेरे द्वारा कर दिया गया है। अंजन कुमार गुप्ता शिवायः ट्रेंड्स खरौंधी।

**सराहनीय पहल**

## आधुनिक सुविधा से युक्त स्टेडियम निर्माण कार्य का शिलान्यास

# 4.9 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला स्टेडियम अपनी पहचान रखेगा



**अटौला वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी एवं जनप्रतिनिधियों का गांव रहा है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के अटौला गांव स्थित सिधवन के मैदान में पेयजल व स्वच्छता पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने आधुनिक सुविधा से युक्त स्टेडियम निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। इसके पश्चात अटौला हाई स्कूल के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शहीद आशीष तिवारी की प्रतिमा पर मंत्री ने माल्यार्पण किया। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूर्व मुखिया हरिवंश तिवारी, रामकृष्ण तिवारी, उदय नारायण तिवारी, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र चौधरी ,प्रमुख दीप माला कुमारी सहित लोगों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि 4 करोड़ 9 लाख रुपए के लागत से बनने वाला यह स्टेडियम झारखंड राज्य में अपना पहचान रखेगा। यहां के लोगों द्वारा विगत 50 वर्षों से स्टेडियम निर्माण के लिए मांग किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि वह गढ़वा की मिट्टी से बचपन से ही जुड़े हैं। पूर्व की तरह गढ़वा की सेवा में हर बार करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि अटौला गांव वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी एवं जनप्रतिनिधियों का गांव रहा है। यहां पर स्टेडियम निर्माण होने से एक और ऐतिहासिक कार्य जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से इस स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल मैच का खेल कराएंगे। कार्यक्रम का संचालन सुनील सिंह ने किया। इस अवसर पर रेखा चौबे , मिथिलेश देव, बीडीसी बबीता देवी, मनोज चौधरी, अरविंद तिवारी ,धर्मेंद्र तिवारी, श्रीकांत तिवारी, उप प्रमुख निजामुद्दीन खान , मुखिया अजीज अंसारी, मोहम्मद खालिद कार्यपालक विशेष प्रमंडल के पदाधिकारी के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### गढ़वा जिला झारखंड में विकास के पटरी पर आगे

मंत्री ने कहा कि उनके द्वारा गढ़वा का चहूंमुखी विकास किया गया है। उनका साढ़े 4 वर्ष के विकास कार्य विगत 19 वर्ष तक रहे जनप्रतिनिधियों के कार्य पर बहुत भारी है। सड़क, शिक्षा ,बिजली, पानी, डिग्री कॉलेज, पिछड़ा वर्ग छात्रावास, सहित काफी संख्या में लोगों के लिए कार्य किया गया है, लेकिन पहले के जनप्रतिनिधियों ने जात-पात, भाई गोतिया एवं जमींदारी के नाम पर वोट को लूटने काम किया है। जिस कारण झारखंड में गढ़वा जिला का पहचान पिछड़ा जिला में होता था। मंत्री ने कहा कि लेकिन आज मेरे प्रयास से गढ़वा जिला झारखंड में विकास के पटरी पर आगे आ गया है। लेकिन आज वैसे राजनीति करने वाले लोग वोट मांगने के लिए कुकुरमुत्ते की तरह घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरुरत है।

## न्यूज बॉक्स

### स्वरोजगार से संबंधित सर्वेक्षण शुरू

**श्री बंशीधर नगर।** पंचायत शहरी क्षेत्र के छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यवसायियों के अच्छे दिन आने वाले हैं। भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से असमाविष्ट क्षेत्र के उद्यमों (स्वरोजगार से संबंधित) का वार्षिक सर्वेक्षण किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के आंकड़े संग्रहण के लिये गढ़वा जिला अंतर्गत श्री बंशीधर नगर (नगर ऊंटारी) का चयन किया गया है। जानकारी के मुताबिक भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन कार्यरत राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) मेदिनीनगर की ओर से 4 सितंबर से वार्षिक सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एक निश्चित क्षेत्र एवं निश्चित आबादी का चयन कर प्रतिदर्श के आधार पर यहां संचालित असमाविष्ट क्षेत्र के कई उद्यमों का सर्वेक्षण किया जाना है। इस सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग भारत सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न प्रकार के योजना बनाने एवं नई नीतियों को निर्धारित करने में किया जाता है। राष्ट्रहित में संचालित उक्त सर्वेक्षण का संपादन सर्वेक्षण प्रगणक मिथिलेश कुमार शर्मा के द्वारा किया जा रहा है। सर्वेक्षण कर रहे प्रगणक मिथिलेश कुमार शर्मा ने शहरवासियों से उक्त सर्वेक्षण में सहयोग कर राष्ट्र के विकास में सहयोगी बनने की अपील की है।

### पंचायत स्तरीय टीम का गठन, रामाधार बने अध्यक्ष

**मेराल।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में मेराल उत्तरी मंडल का प्रखंड स्तरीय सह पंचायत स्तरीय टीम का गठन गुरुवार को मेराल कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी व संविधान निमार्ता बाबा साहब अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दिन रात अथक परिश्रम का फल है जो इतनी बड़ी टीम का गठन किया गया। आप सभी के सहयोग से ही गढ़वा विधानसभा में व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेखने में मदद मिलेगी। वह विश्वास दिलाते हैं कि हर प्रखंड में जो विचौलियागिरी व भ्रष्टाचार व्याप्त है उसे सत्ता में आने के बाद बंद कराने का काम करेंगे। गठित टीम में अध्यक्ष रामाधार राम मेराल, डॉ. प्रेमचंद्र गुप्ता उपाध्यक्ष तेनार, लक्ष्मी साव तरके उपाध्यक्ष, गोपी चंद्र चौधरी पू. तरके उपाध्यक्ष, अनिल कुमार तिवारी अटौला उपाध्यक्ष, नजमुदिन अंसारी मकुना उपाध्यक्ष, ललसू यादव पढ़ूआ उपाध्यक्ष, बनारसी प्रजापति रजबंधा उपाध्यक्ष, छठु चौधरी सोहबरिया उपाध्यक्ष, धीरेन्द्र कुमार सिंह भंडार उपाध्यक्ष, मेंहदी खान टिकुलडीहा उपाध्यक्ष, उत्तरी मंडल कमेटी मेराल, युवा कमेटी डॉ. इलियास अंसारी विकताम अध्यक्ष, दुर्गेश कुमार यादव टिकुलडीहा उपाध्यक्ष, राजू रंजन पाल बाजुडीह उपाध्यक्ष, अवधेश चौधरी खोलरा उपाध्यक्ष, संजय राम पतरिया सचिव, उत्तरी मंडल महिला कमेटी मेराल महिला कमेटी में लाली देवी छवनवा टोला मेराल अध्यक्ष, सुचिता देवी सुकठवा मेराल (उपाध्यक्ष ), अंजू कुमारी पढ़ूवा सचिव, साथ ही साथ अन्य पंचायतों का टीम भी गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद व संचालन शिवनाथ चौधरी ने किया। कार्यक्रम में दक्षिणी मंडल अध्यक्ष दुखन चौधरी, मंडल अध्यक्ष मेराल दक्षिणी, सुरेश गुप्ता,मकसूद अंसारी,सुनील चंद्रवंशी,बाबुल सिंह,अवध सिंह, पवन जायसवाल, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, रमेश पाल, ईश्वर सिंह, डॉ. प्रेमचंद गुप्ता, कैलाश जायसवाल, कुंती देवी, लालो देवी, सरयू चौधरी, हरिवंश राम शाबीर आलम,प्यार मोहम्मद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन करें : ब्रजेश कुमार

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में महान शिक्षाविद, राष्ट्रभक्ति तथा देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन का जन्म दिवस सह शिक्षक दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कई शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रखंड मुख्यालय के एसडी मेमोरियल एकेडमी में विद्यालय के शिक्षक को विद्यार्थियों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित करने के बाद माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर विद्यालय परिवार द्वारा प्रखंड के पांच सेवानिवृत शिक्षकों को अंग वस्त्र, कलम एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले शिक्षकों में उमाशंकर तिवारी, राम लखन तिवारी सुरेंद्रनाथ चौबे सुरेंद्रनाथ मिश्रा सीताराम भगत शामिल थे। विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन करें। आज का दिन शिक्षकों के लिए गौरव का है लेकिन साथ ही अपने दायित्व निर्वहन के लिए संकल्प लेने का भी दिन है। शिक्षक अपने दायित्व का शत प्रतिशत निर्वहन करें,यही डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर उपस्थित गौरीशंकर तिवारी उमाशंकर तिवारी संजय भगत सुरेंद्रनाथ मिश्र सुरेंद्रनाथ चौबे राम लखन तिवारी डॉक्टर लालमोहन रितेश चौबे कलम अहमद विनोद प्रसाद प्राचार्य अरुण कुमार अमरेंद्र कुमार मिश्रा आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए गुरु शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों व शिक्षकों को प्रेरित किया। इसके अलावा एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्डन, एसबी एकेडमी, इंडियन पब्लिक स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय, ब्लॉक कॉलोनी स्थित मध्य विद्यालय सहित कई शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।

### सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है :

**खरौंधी।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह शिक्षकों व बच्चों के साथ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षकों और छात्रों ने डॉ. राधाकृष्णन की महान शिक्षाविद्, दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति के रूप में उनकी भूमिका पर चर्चा की। विद्यालय के शिक्षकों ने डॉ. राधाकृष्णन की शिक्षाओं और उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षक अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने शिक्षा के महत्व और शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। शिक्षक राजीव कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं और विद्यार्थियों के जीवन में उनका अहम योगदान होता है। इस अवसर पर विद्यालय में केक काटकर डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन भी मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर शिक्षक दिवस को और भी खास बनाया। प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### शिक्षक समाज का आइना होते है: प्रधानाध्यापक




**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर केक काटा गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज का आइना है। जो बच्चों का भविष्य संवारने का काम करते हैं। बच्चों के शिक्षित होने से पूरा समाज शिक्षित होता है। इसलिए हमें हमेशा गुरु का सम्मान करना चाहिए।

## एक नजर

### पूर्वी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**चंदवा।** प्रखंड के चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू व मुखिया रंजीत उरांव ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुनी व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन भी किया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, जेएसएलपीएस सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। ग्रामीणों को सरकार की योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान बीडीओ श्री प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान ऑन द स्पॉट किया जा रहा है।

### विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ मना शिक्षक दिवस

**गिद्धौर (चतरा)।** देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में पूरे प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गिद्धौर प्रखंड विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत संबंधित विद्यालय के शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित एवं राधा कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। वक्ताओं ने बताया कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने लगभग 40 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दिया। वह आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय में 1931 से 1936 तक कुलपति थे। उन्होंने ऑक्सफॉर्ड में पूर्वी धर्म और नैतिकता के विषय में 1936 से लगातार 16 साल तक पढ़ाया था।

### टेट सफल सहायक अध्यापक 7 को करेंगे शिक्षा मंत्री का आवास का घेराव

**हेरहंज।** टेट सफल सहायक अध्यापक आगामी सात सितंबर को राज्य के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम के आवास का घेराव करेंगे। प्रखंड मुख्यालय स्थित भण्डार चौक पर प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश यादव न कहा है कि झारखंड सरकार एवं शिक्षा मंत्री ने टेट पास सहायक अध्यापकों के साथ छल कर रही है। योग्यताधारी टेट पास पारा शिक्षकों को वेतनमान देने के लिए तत्कालीन शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो ने अपने कार्यकाल में एक उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक 9 जून 2020 को किए थे। जिसमें टेट पास सहायक अध्यापक को वेतनमान देने की सिफारिश की गई थी। शिक्षा मंत्री ने 28 अगस्त को आधिकारिक वार्ता में टेट पास पारा शिक्षकों को वार्ता में शामिल नहीं किया गया। वर्तमान शिक्षा मंत्री ने अपने ही सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री के द्वारा लिए गए निर्णय को दरकिनार कर टेट पास के हित में कोई निर्णय नहीं लिया।

### जिप सदस्य ने वज्रपात से हुई मौत पर परिजनों को दी आर्थिक सहायता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के बारी पंचायत अंतर्गत सेलबार गांव निवासी किसान बिहारी गंझू के बज्रपात से मौत मामले को लेकर गुरुवार को चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेत्री सरोज देवी पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंची। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही 50 किलों अनाज व नकद आर्थिक सहायता भी प्रदान की। सरोज देवी ने कहा कि प्रावधान के तहत पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा मिले, इसको लेकर मैं स्वयं पहल करूंगी। बता दें कि बीते 26 अगस्त की शाम बिहारी गंझू अपने खेत मे खाद डाल रहे थे इसी दौरान अचानक बारिश के बीच हुई बज्रपात के चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गयी थी।

## उपायुक्त ने सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक की

# फर्जी किसानों का बीमा नहीं करें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लैंप्सो की संख्या, गत माह तक निबंधित समितियों की संख्या, गोदाम निर्माण हेतु जमीन उपलब्धता से संबंधित, अंकेक्षण, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सौर ऊर्जा/ विद्युत ऊर्जा चालित कोल्ड रूम निर्माण, धान बीज उठाव, उर्वरक उठाव की समीक्षा कर निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को लैंप्स, पैक्स केंद्रों के माध्यम से ससमय किसानों को बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 51950 किसानों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य था, जिसके 05 सितंबर तक कुल 75812 किसानों को लक्ष्य के विरुद्ध 145 प्रतिशत किसानों को जोड़ा जा चुका है। आगामी 15 सितम्बर तक फसल बीमा की तिथि को भारत सरकार द्वारा बढ़ाया गया है। पूर्व में यह तिथि 31 अगस्त तक निर्धारित थी। जिसपर लातेहार उपायुक्त गतिमा सिंह के द्वारा निर्देश दिया गया कि फर्जी किसान जिन्होंने फसल (धान, मक्का की बुआई नहीं की है उनका बीमा नहीं होना चाहिए तथा एक ही जमीन के रसीद पर एक से अधिक किसानों द्वारा बीमा नहीं किया जाए। यदि इस प्रकार के मामले संज्ञान में आते हैं तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कारवाई की जायेगी। उपायुक्त के द्वारा गोदाम निर्माण हेतु जमीन उपलब्धता की जानकारी ली गई। जिस पर जिला सहकरिता पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि (लैंप्स) की संख्या 116, गोदाम-भवन की उपलब्धता 33 है। जमीन की उपलब्धता 79 व जमीन नहीं उपलब्ध रहने वाले लैंप्स की संख्या चार है। निवाड़ी, डाढ़ा , रेंगाई, एवं अम्बाटोली लैंप्स में जमीन उपलब्ध कराने हेतु अपर समाहर्ता को पत्र प्रेषित की गई है। बैठक में जिला सहकरिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो प अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शैक्षणिक संस्थानों में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में गुरुवार को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दौरान 5 सितंबर 1888 को जन्मे दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उन्हें माल्यार्पण किया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के कई शैक्षणिक संस्थानों में केक भी काट कर लोगों ने जश्न मनायें। गुरुगोष्ठी के दौरान उनके जीवनी व आदर्शों का स्मरण कर आत्मसात करने की प्रतिबद्धता दुहराई गई। उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग के विद्यार्थियों ने मनमोहन गुरुवंदन गान प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। प्रधानाध्यापक विकास पांडेय ने कहा कि शिक्षा व शिक्षकों के प्रति अटूट श्रद्धा हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का सृजन करती है। इस मौके पर शिक्षक अनिल कुमार, राजेश कुमार,वीणा देवी, पूनम कुमारी,आशिष कुमार व धर्मनाथ महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## शिविर में अबुआ आवास व मंईयां सम्मान योजना को ले उमड़ रही भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के पहरा पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, बीडीओ राहुल देव,जिप सदस्य, अनिता देवी,प्रमुख अनिता यादव व मुखिया बेबी देवी ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विभिन्न विभाग के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जहां विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु सैकड़ो आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अबुआ आवास एवं मंईयां योजना को लेकर लाभुकों की भीड़ उमड़ रही है। कार्यक्रम के दौरान नाट्य मंडली द्वारा सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दिया गया। बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा नवजात शिशु को मुंह जूठी कराया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार घर-घर जाकर अपने योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। सरकार का यह कदम काफी सराहनीय है। सरकार गरीब, मजदूर, किसान के हित के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को उन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।इस मौके पर इटखोरी के प्रभारी, डॉ. अमृता अनुप्रिया, डॉ. अंजली कुमारी भगत, पंचायत समिति सदस्य लालो साव, सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**चंदवा।** प्रखंड के सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में गुरुवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ केक काटकर खुशियां मनाई। छात्रों ने अपने गुरुजनो के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उन्हें उपहार भेंट की। इस मौके पर दर्जनों शैक्षणिक संस्थानो में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों ने गीत,नृत्य,भाषण आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षकों ने कहा कि गुरु शिष्य का रिश्ता आदि काल से चलते आ रहा और आज भी यह कायम है। उन्होंने शिक्षक दिवस की महत्ता एवं गुरु शिष्य के रिश्तों का व्याख्यान किया। शिक्षकों ने छात्रों को उज्जवल भविष्य बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने की बात कही।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में टॉपर छात्राओं को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू।** गारू कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लातेहार मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इंटर की परीक्षा में निशा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं काजल कुमारी द्वितीय और विनीता तेलर तृतीय स्थान पर रहीं। मैट्रिक में काजल कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया, रेशमा कुमारी ने दूसरा स्थान और अंशु कुजूर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, 11वीं कक्षा में अंजली कुमारी, 9वीं कक्षा में सीता कुमारी, और 8वीं कक्षा में पूर्णिमा कुमारी ने अपने-अपने कक्षाओं में टॉप किया। इन सभी छात्राओं को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं को भी बच्चों द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस के मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उनके भविष्य के लिए प्रेरक संदेश दिया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानमंत्री मनीता कुमारी, अध्यक्ष अनिमा तेलर, सांस्कृतिक मंत्री खुशबू कुमारी, बाल मंत्री रूम लकड़ा, खुशबू खातून, वार्डन रेशमा लकड़ा और शिक्षिकाएं संगीता,मंजुला टोप्पो बिनीता मौजूद थी।

## खेल आपसी सौहार्द के साथ एक जुटता का प्रतीक : सुरेश राम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड के शेरगढ़ पंचायत अंतर्गत चेटर ग्राम के ग्रामीणों ने फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि राजद नेता सुरेश राम व राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव सहित कई राजद नेता व ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। मौके पर श्रीराम ने कहा कि खेल शारीरिक मानसिक विकास के साथ साथ आपसी एकता के साथ शांति का प्रतीक है। उन्होंने आयोजन कर रहे चेटर ग्रामीण एवं आसपास के ग्रामीणों को धन्यवाद करते हुए कहा कि यह ग्राम आने वाले दिनों में आपसी एकजुटता का मिशाल बनेगी। मौके पर गांव के दो टीम ने अच्छी खेल का प्रदर्शन किया। आयोजन समिति प्रभारी प्रमोद राम, और मधु गंझु, संजय यादव, हरिहर यादव, संदीप उरांव , संतोष उरांव, सुरेश गंझु, राजेंद्र गंझु वासुदेव गंझु, सहित सैकड़ों महिला पुरुष फुटबॉल खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## क्षेत्र की मौजूदा हालत देखी नहीं जाती : प्रकाश राम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम ने प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत का दौरा कियाद्ध इस दौरान ग्राम के ग्रामीणों से मिल उनकी मंतव्य को सुना। ग्रामीणों के हालात पर पूर्व विधायक ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों की यह स्थिति हमसे देखी नहीं जाती। कहीं सड़क नहीं तो बिजली, पानी की समस्या है। रोजगार के लिए बड़े कोलवरी होने के बावजूद भी लोग पलायन कर रहे हैं। मौके पर सत्यनारायण प्रसाद, त्रिवेणी साव, मिथुन साव, ईश्वर साव, शंकर साव, कुलदीप साव, खुशियाल साव, मोहन साव, केदार साव, शिव नारायण यादव, कालेश्वर साव, नरेश साव, राजेंद्र साव, नरेश साव, देवलाल साव सहित कई ग्रामीण व भाजपाई मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बनवारी साहू महाविद्यालय में छात्रों ने शिक्षक दिवस मनाया



**लातेहार।** बनवारी साहू महाविद्यालय में छात्रों के द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र नेता श्रीराम कुमार ने किया । सर्वप्रथम मां शारदे एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद छात्रों के द्वारा उपस्थित सभी शिक्षक को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।इसके बाद सभी लोगों ने शिक्षक दिवस पर प्रकाशडालते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी, समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भाग लिया।मंच का संचालन प्रीति कुमारी एवं बसंत कुमार ने किया।

### कुजरूम के ग्रामीणों को पुनर्वास का अवसर, सरकार देगी 15 लाख की सहायता



**गारू।** झारखंड सरकार ने लातेहार जिले के गारू प्रखंड के कुजरूम गांव के 56 आदिवासी परिवारों को पुनर्वास का सुनहरा अवसर प्रदान किया है। सरकार की इस पहल के तहत ग्रामीणों को दो विकल्प दिए गए हैं। जिससे वे कहीं और बेहतर जीवन बसा सकें। यह योजना राज्य सरकार द्वारा आदिवासी समुदाय के जीवन स्तर को सुधारने और उनके बच्चों के उज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। कुजरूम गांव गारू प्रखंड मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर स्थित है और यह गांव आज भी बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। लंबे समय से इन समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों की जीवनशैली में सुधार लाने के लिए सरकार ने वन विभाग से मिल कर पुनर्वास का निर्णय लिया है।

### 15 दिनों से अंधेरे में रह रहे थे ग्रामीण सांसद की पहल पर लगा ट्रांसफार्मर



**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया पंचायत के टूढामू भोक्ता स्थान का ट्रांसफार्मर पिछले 15 दिनों से खराब होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। बुधवार को बदल कर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा व जिप सदस्य पश्चिमी सरोज देवी ने खराब ट्रांसफार्मर को बदलवाने की सूचना स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह को दिया था, जिसके बाद सांसद ने संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग को नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। विभाग द्वारा 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर बुधवार को लगाया गया। इस ट्रांसफार्मर में 40 से ज्यादा कनेक्शन का लोड है। इस कारण यह जल जाता है। ग्रामीणों ने स्थानीय सांसद से 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग भी की है। मौके पर मनोज ठाकुर,पप्पू कुमार,धर्मेंद्र यादव, राजबल्लभ सिंह,मनोज कुमार, जयपाल उरांव,गुड्डू ठाकुर समेत दर्जनों लोगों ने सांसद को साधुवाद दिया।

## हाथियों ने मचाया उत्पात, क्षेत्र में दहशत

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात फिर से शुरू हो गया हैं। साल्वे ग्राम में विनोद मिश्रा पिता बैजनाथ मिश्रा के घर का चाहरदीवारी को तोड़ कर लगभग दो कठा भूमि में लगे मक्का के फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विनोद मिश्रा ने बताया कि बीती रात लगभग साढे बारह बजे क्षेत्र में जंगली हाथी के आने से गुरु साल्वे गांव के ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू किया। मूसलाधार वर्षा हो रही थी। हमलोग घर के अंदर थे। तेज बारिश के कारण हमे ज्यादा कुछ सुनाई नही दे रहा था। सुबह जब उठे,तब देखा कि घर के आंगन की दीवारी जो पांच फीट उंचा व सात फीट लबां था। वह बिलकुल टूटा है। लगभग दो कठ्ठा भूमि पर लगा मक्का के फसल को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जंगली हाथीयों के इस उत्पात से लगभग 40 हजार रुपये का क्षति हुआ है। उन्होने विभाग से इसकी क्षतिपूर्ति व क्षेत्र में हर वर्ष जंगली हाथियों का उत्पात को संज्ञान में लेकर इस क्षेत्र से जंगली हाथियों को भगाने के लिए ठोस प्रयास करने का आग्रह किया है।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक

**हेरहंज।** लातेहार जिले के चुनाव प्रभारी अविनाश वर्मा, लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विस्तारक कमलेश पासवान, पूर्व सांसद बृजमोहन राम ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नए एवं पुराने कार्यकर्ताओं से मिले। प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से एक एक बिन्दुओं पर चर्चा की। मौके पर मंडल प्रभारी बृजमोहन राम प्रदेश प्रवक्ता ऐसी मोर्चा गोरी, राजेश शर्मा मंडल अध्यक्ष, कन्हाई प्रसाद महामंत्री, श्याम लाल गोस्वामी मंडल उपाध्यक्ष, कैलाश कुमार ठाकुर, जितेन्द्र यादव, देवनंदन प्रसाद, मुरली प्रसाद, विजय प्रसाद, बिहारी प्रसाद, मनोज यादव, संजय यादव, जसमतिया देवी, चिंता मनी देवी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष के साहू ने की।

## शिक्षक दिवस शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर : डॉ. एमके जोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स कॉलेज के सभागार में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमके जोश ने सभी शिक्षकों को इस अवसर पर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रदान की तथा सभी शिक्षकों को बुके व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सिस्टर चन्द्रोदया के नेतृत्व में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षकों के सम्मान में सुमधुर गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डॉ एमके जोश ने कहा कि शिक्षक दिवस शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होता है। वह हमारे समाज के आधार स्तंभ हैं। केवल पाठ्यक्रम का ही ज्ञान नहीं बल्कि जीवन की सच्ची शिक्षा भी देता हैं। शिक्षक दिवस के इस अवसर पर महाविद्यालय में लगभग 1 महीने से चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच का भी आयोजन किया गया। मंच संचालन राजनीति विज्ञान के शिक्षक अजय कुमार खाका ने किया। मौके पर संत जोसेफ प्लस टू के प्राचार्य दिलीप, महुआडांड़ पारिश के पल्ली पुरोहित सुरेश, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार लियो, टूर्नामेंट कोआर्डिनेटर राजीप, स्पोर्ट्स कोआर्डिनेटर डॉ. मन्नू कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।


## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार

### अति अल्पकालीन पुर्न निविदा आमंत्रण–सूचना

**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 12-09.2024 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 13-09.2024 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 13-09.2024 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 10 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग ग्राम पतरातु में देवा उरांव के घर से लक्ष्मण उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1096700 | 22000 | 2500 | 02 माह | NIT 13/2024-25 |
| 2 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग ग्राम सासंग में सोहराई भुईया के घर से ईस्तफार मिंया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 12,18,900 | 24500 | 2500 | 02 माह | NIT 14/2024-25 |
| 1 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत तासु ग्राम सरधावार में प्रकाश राम के घर होते हुए सिमोन तिग्गा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2489000 | 50000 | 5000 | 02 माह | NIT 16/2024-25 |
| 2 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत रजवार में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र भवन का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 06 माह | NIT 18/2024-25 |
| 3 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मारंगलोईया ग्राम बारा में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र भवन का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 06 माह | NIT 18/2024-25 |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र का मूल्य निविदा निर्गत की तिथि के बाद का निर्गत मान्य होगा एवं संबंधित संवेदक/फर्म के नाम से Bank Draft/DD निर्गत होना अनिवार्य होगा।

10-अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

11. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक भाग ले सकेंगे।
12. प्रखण्ड लातेहार के योजना में प्रखण्ड लातेहार एवं चन्दवा के संवेदक एवं प्रखण्ड हेरहंज के योजना में प्रखण्ड हेरहंज एवं बालूमाथ के संवेदक एवं बालूमाथ के योजना में प्रखण्ड बालूमाथ के संवेदक भाग लेंगे।
13. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

14- वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 334906 Rural Development(24-25)#D

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुरिया के ग्रामीणों से सीएम ने की बात

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने योजनाओं के लाभुकों से की बात



लाभुकों ने सीएम का किया धन्यवाद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** जुरिया पंचायत लोहरदगा में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए बेहद विशेष रहा। इस कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से अपना अनुभव साझा करने का अवसर मिला। माननीय मुख्यमंत्री गुमला जिला के सिसई पंचायत में आयोजित कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुरिया के ग्रामीणों से लाईव जुड़े थे। इस दौरान मुख्यमंत्री, झारखंड ने जुरिया पंचायत के पांच लाभुकों; सीमा उरांव (झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना), नाजरीन खातून (झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना), सुशांति कुजूर (सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना),जयमंती भगताईन (अबुआ आवास योजना) और रामप्यारी कुमारी(मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना) से बातचीत की और राज्य सरकार की ओर से मिल रही योजनाओं के बारे जानकारी ली। लाभुकों ने मुख्यमंत्री को योजनाओं की सौगात देने, निरंतर युवाओं, महिलाओं समेत हर वर्ग की सेवा के लिए कार्य करने के लिए धन्यवाद दिया और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के लाईव प्रसारण को जुरिया व आसपास के ग्रामीणों ने लाइव देखा।कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का भी वितरण जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा सोरेंग, प्रखंड विकास पदाधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता फाइनल मैच का हुआ आयोजन

# जारी ने 2-0 से जामटोली की टीम को किया पराजित



**नवीन मेल संवाददाता। जारी** जारी प्रखंड अन्तर्गत जरमाना पारिश मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड कमिटी द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मैच का आयोजन किया गया जिसका मुख्य अतिथि गुमला विधानसभा के विद्यायक भूषण तिर्की रहे। मैच मे कुल 56 टीम हिस्सा ली थी जिसमेआज फाईनल मैच जारी बनाम जामटोली के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबला मे जारी टीम 2-0 से जामटोली की टीम को पराजित किया।

मैच के पहले प्रखंड के सभी गांवों से आये नृत्य मंडलियों के द्वारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया।मुख्य अतिथि भूषण तिर्की एवं विशिष्ट आतिथियों के द्वारा विजेता टीम को 25000/- एवं उपविजेता टीम 15000/- का चेक प्रदान किया गया। वहीं बाकी सभी टीमों को एक एक सेट जर्सी देकर टीम को सम्मानित किया गया साथ ही नृत्य मंडली भाग ली थी उसे भी पुरस्कृत किया गया।

वहीं मौके पर उपस्थित भूषण तिर्की ने सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री माईया योजना के तहत महिलाओं को सम्मान देने के लिए लगभग एक लाख पैंतीस हजार महिलाओं के खाता मे एक महीने की राशि हस्तातंरित कर दिया।आवास विहीन लोगो को अबुआ आवास देने का काम किया।हेमन्त सोरेन के कार्य मे विकास देखकर विपक्ष के भाजपा के लोगो मे पेट दर्द शुरू हो गया और भाजपा पार्टी के लोगों ने बिना वजह के हेमन्त सोरेन को जेल भेजने का काम किया लेकिन हेमन्त ने नही घबराई और ज्यादा जोश खरोश के साथ झारखंड राज्य के विकास मे लग गये।झारखंड राज्य के आदिवासी मूलवासी के जल,जंगल ,जमीन को छिनने की काम भाजपा के लोगो का काम है,भाजपा पार्टी की सोच है कि झारखंड से आदिवासियों का नामोनिशान मिटाने का लेकिन ऐसा होने हेमन्त सोरेन के राज्य मे नही होगा भाजपा की सरकार ने यहां के मिशनरी स्कूलो को बन्द करने और शिक्षको की बहाली मे रोक लगाने का काम की थी।

## न्यूज बॉक्स

### नसीम अंसारी बने एलएडीसीएस चीफ



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार साक्षात्कार के आधार पर अधिवक्ता नसीम अंसारी को कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली का चीफ नियुक्त किया गया। उन्होंने दिनांक 21/8/2024 को हुए साक्षात्कार के आधार पर कुल छः प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए यह पद हासिल किया। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के अनुशंसा के पश्चात उन्होंने आज मुख्य कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के रूप में अपना योगदान दिया। वहीं पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय ने अधिवक्ता नसीम अंसारी को बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली में अब कुल छः अधिवक्ता पूर्ण कालिक सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। एलएडीसीएस टीम का नेतृत्व मुख्य एलएडीसीएस के द्वारा किया जाएगा। एलएडीसीएस का मुख्य कार्य गरीब एवं निर्धनों के केसों की पैरवी करना, वैसे बंदी जो अपना अधिवक्ता नहीं कर पा रहे हैं उनकी सहायता करना, डालसा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होना है।

### समस्या : सघन आबादी वाले अपर बाजार में नाली का पानी सड़क पर

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के सघन आबादी वाले इलाके अपर बाजार वार्ड नं 18 में लोहरदगा में विगत 2 माह से बारिश में नाली का पानी सड़क पर निकल कर बह रहा है। जिससे आम जनता व राहगीर को खासा परेशानी उठानी पड़ रही हैं। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत नगर पालिका में किया है लेकिन कई बार नगर परिषद के कर्मचारी और अधिकारी स्थल का मुआयना कर जल्द निदान करने की बात कहकर चल देते हैं लेकिन निदान के लिए अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। नगर पालिका सिर्फ जनता को भरोसा व दिलासा देकर रख रहा है लेकिन कार्य करने में अपनी असमर्थता जता रहे है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मेन रोड अपर बाजार में नाली में कही पर जाम है और इसी नाले में महावीर चौक , अग्रवाल मुहल्ले और पूरे मुख्य पथ का पानी नाली में बहता है। इस संदर्भ में कई बार लिखित आवेदन देकर नाली सफाई की मांग की गई है। 30 अगस्त को भी नागरिकों ने सामूहिक आवेदन दिया लेकिन अबतक कोई पहल नहीं किया गया है जिससे आम जनता को नगर पालिका के प्रति नाराजगी है।

### 10 धाम यात्रा के लिए निकले कार राइडर्स युवाओं को डीएसओ ने किया रवाना

**लोहरदगा।** 10 धाम यात्रा के लिए जाने वाले जांबाज लोहरदगा के स्थानीय कार राइडर्स युवाओं को समाहरणालय परिसर से डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल एवं उपवन बड़ा ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के डोढा टोली निवासी वेद प्रकाश साहू, सीठीओ गांव निवासी सूरज महली, 10 धाम यात्रा के लिए कार से निकले हैं। जांबाज युवा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल का भ्रमण कर लगभग 1 महीने बाद वापस लोहरदगा लौटेंगे। मौके पर डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने कार राइडर्स युवाओं को मंगलमय यात्रा होने की शुभकामना दिया।

## दो बाइक की सीधी भिडंत में एक की मौत, तीन घायल, एक रिम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर** चैनपुर थाना क्षेत्र के कातिंग मोड़ के समीप हुई दो बाइक की सीधी भिडंत में एक की मौत हो गयी।जबकि तीन युवक घायल है. मृतक में चैनपुर किरतोटोली निवासी सुजल उरांव (15) है। वहीं घायलों में मुरूमकेला गांव निवासी रविंद्र सिंह, कांसीर निवासी विनोद सिंह उर्फ अजय सिंह व चैनपुर के कुल्ही गांव निवासी बबलू कुमार है। सभी घायलों को सदर अस्पताल गुमला में भरती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर प्रेमचंद्र भगत ने सुजल उरांव को मृत घोषित कर दिया। वहीं रविंद्र सिंह व विनोद सिंह का इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है। जबकि बबलू उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संबंध में घायल रविंद्र सिंह ने बताया कि वह, सुजल उरांव व विनोद सिंह बाइक पर सवार होकर बेंदोरा जाने के क्रम में कातिंग मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बबलू कुमार की बाइक से सीधी भिडंत हो गयी।

## कोलसिमरी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। कुड़ू/लोहरदगा** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने राज्य सरकार के द्वारा संचालित विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार आमजनों को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने से निजात दिलाना चाहती है. राज्य सरकार की योजना हैं कि आमजनों को उनके गांव व पंचायत में अधिकारी पहुंचे तथा विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ लाभ दे। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों अबुवा आवास, वृद्धावस्था पेंशन, सावित्रीबाई फुले योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाल विकास परियोजना कार्यालय से संबंधित स्टाल, अंचल कार्यालय में जमीन संबंधी स्टाल लगाया गया था। मौके पर शंखधारा महिला विकास मंडल कुड़ू के तहत कोलसिमरी पंचायत की महिला समुह के विकास को लेकर दो लाख रुपए का चेक दिया गया।

### छात्र-छात्राओं ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में छात्र छात्रओं द्वारा शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया.शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सभी का मन होल लिया साथ ही छात्र छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया.प्रखण्ड क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में उपहार भेंट कर गुरु शिष्य का परम्परा को निर्वहन किया गया.कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे बच्चियों द्वारा गीत संगीत के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं का भव्य स्वागत किया गया।

## छह पंचायतों में आयोजित हुआ आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम




**लोहरदगा।** मुख्य सचिव, झारखण्ड के निदेश पर 30 अगस्त 2024 से संचालित हो रहे आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारद्य कार्यक्रम अंतर्गत शिविर में प्रतिदिन लोगों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। आज गुरुवार को जिला के छह पंचायतों में शिविर आयोजित किये गये जिनमें सेन्हा प्रखण्ड का डान्दू पंचायत, सदर प्रखण्ड का जुरिया पंचायत, किस्को प्रखण्ड का परहेपाट पंचायत, भण्डरा प्रखण्ड का भौंरो पंचायत, पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत और कुडू प्रखण्ड का कोलसिमरी पंचायत शामिल है। अब तक सभी सात प्रखण्डों और नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित शिविरों में कुल 11246 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 786 त्वरित रूप से निष्पादित किये गये। वहीं अन्य आवेदन संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दिये गये हैं जो जल्द निष्पादित कर लिये जाएंगे।

शिविर में सरकार की योजनाओं का लाभ इन शिविरों में दिया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से मुख्य प्रक्षेत्र के अंतर्गत जिन योजनाओं के आवेदन प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जा रहे हैं उनमें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त शिविर में सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, सामुदायिक वन पट्टा/व्यक्तिगत वन पट्टा के भी आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। शिविर में जाति प्रमाण-पत्र, साइकिल क्रय हेतु राशि का चेक, धोती/साड़ी/लुंगी, राजस्व अभिलेखों में संशोधन से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरण किये जा रहे हैं।

# गांवों के विकास का सिस्टम हड़ताल पर

## ठप हुआ विकास योजनाओं का काम, ग्रामीण परेशान

### प्रखंड में गांवों का विकास कार्य और योजनाओं का काम प्रभावित




**कुलदीप कच्छप**

**भंडरा ।** प्रखंड में गांव का विकास ठहर गया है. गांव के विकास की जिम्मेदारी जिन लोगों के कंधे पर है, उनमें अधिकांश लोग हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मियों की हड़ताल के कारण गांव में विकास योजनाएं संचालित होने में कठिनाई आ गई है। हालांकि प्रशासन के द्वारा कहा जा रहा है कि विकास कार्यों को सुचारू रूप से चलने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। दरअसल, झारखंड राज्य के अन्य जिलों की तरह ही भंडरा प्रखंड में भी मनरेगा कर्मी पिछले एक माह से अधिक समय से हड़ताल पर हैं। इस कारण मनरेगा का कार्य गांव में प्रभावित हुआ है। अब पिछले सप्ताह से पंचायत सचिव और मुखिया भी हड़ताल पर चले गए हैं। पंचायत सचिव और मुखिया के हड़ताल पर चले जाने के कारण मनरेगा योजनाओं के साथ-साथ, अबुआ आवास योजना, मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य सभी प्रकार की गांव से जुड़ी योजनाएं ठप हो गई हैं। गांव में विकास कार्य रुक जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। मनरेगा का कार्य रुकने से ग्रामीणों को काम भी नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा पंचायत स्तर पर बनने वाले प्रमाण पत्र भी बनवाने में ग्रामीणों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल से ग्रामीण परेशान विकास कार्य रुक जाने से ग्रामीण काफी परेशान हैं । स्थानीय ग्रामीण महिला सुनीता देवी ने बताया कि वे लोग मनरेगा से कुआं निर्माण का कार्य किए थे। परंतु उसका भुगतान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि मनरेगा से जुड़े सभी लोग हड़ताल पर हैं। अब तो पंचायत सेवक और मुखिया भी हड़ताल पर चले गए, इसी कारण गांव में कोई काम नहीं हो पा रहा है। वहीं ग्रामीण शनिया उरांव ने बताया कि मनरेगा से काम होने पर ग्रामीणों को रोजगार भी मिलता था। लेकिन सभी के हड़ताल पर चले जाने के कारण गांव में मनरेगा समेत अन्य सभी प्रकार की योजनाएं बंद हो गई हैं। इस संबंध में पूछने पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि प्रखंड प्रशासन के द्वारा हड़ताल पर गए कर्मियों के एवज में वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। प्रखंड में कार्यरत अन्य कर्मियों के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है कि गांव का विकास रुक नहीं पाए।

### शिक्षा और खेल से युवा बेहतर भविष्य का निर्माण करे : रोहित उरांव

**लोहरदगा।** गुरुवार को भंडरा प्रखंड के ग्राम कसपुर में शिक्षक दिवस पर बालक एवं बालिका वर्ग का फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेसी युवा नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। रोहित प्रियदर्शी उरांव ने फाइनल मैच का उद्घाटन करने के उपरांत खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि वर्तमान युग में शिक्षा के साथ-साथ खेल का भी विशेष महत्व है आज युवा खेल के माध्यम से अपना कैरियर बना रहे हैं।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 28/2023-24(IInd call)

पत्रांक–568 लातेहार / दिनांक– 04.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | नगर नदी पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य प्रखंड–,चन्दवा जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 77.886 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 09.09.2024 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.09.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.09.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 26.09.2024 5.00 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 334694 Water Resource(24-25)#D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj, e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 174/PR/JUSNL/ 2024-25 | Repair & Maintenance, painting of boundary wall around the switchyard area and colony campus alongwith provision of barbed wire at 132/33 kV GSS, Japla. | 03 Months | 1476/- | 18,300.00 | 9,10,392.00 |
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | | | | 06.09.2024 at 12:00 PM | | |
| Start Date & Time of upload of BID | | | | 06.09.2024 at 12:00 PM | | |
| End date and time of upload of BID | | | | 26.09.2024 Up to 05:00 PM | | |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | | | | 27.09.2024 at 12:30 PM | | |
| BID Opening date for Price Part | | | | Will be communicated later on | | |
| Tender Inviting Authority and address for communication | | | | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand | | |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 334693 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D


## शिक्षक से बड़ा कोई गुरु नहीं हो सकता, गुरु - शिष्य का रिश्ता पवित्र रहे : सत्येंद्र कुमार गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू /लोहरदगा** स्टुडेंट पब्लिक स्कूल डोरोटोली कुडू में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सह संचालक सत्येंद्र कुमार गुप्ता व प्राचार्या अंजनी गुप्ता तथा सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर विधालय की प्राचार्या अंजनि गुप्ता ने संत कबीरदास के दोहे सब धरती कागज करूं, लेखनी सब बनराय, सात समंदर की मासी भरूं, गुरु गुण लिखा न जाय, से शुरूवात कर विद्यालय के बच्चों को समाज व जीवन में शिक्षकों के योगदान व महत्व को जानकारी दी। बच्चों ने गुरू के महिमा पर आधारित एक से बढ़कर अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया. मौके पर बच्चों के द्वारा शिक्षक - शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया. मौके पर मनोज कुमार,राजेश कुमार,कुलेश्वर भोक्ता, संदीप कुमार रवि,राधा रमण मिश्रा, समीर खान,सुषमा कुमारी, खालिदा खान, बसंती मुंडा, संयुक्ता देवी ,सोनी कुमारी ,आशा भारती, आरती कुमारी, समरीन खान, चांदनी प्रवीण सहित अन्य शामिल थे।

### डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक थे : सुरेश चंद पांडेय

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक दिवस पर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई । मुख्य वक्ता के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा की डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान विद्वान एवं दार्शनिक थे। इस अवसर पर विद्यालय की बहन कक्षा 4 की शिवानी सिंह एवं कक्षा 5 की बहन रिमझिम कुमारी ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर अपना अपना विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य महेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की हमें महापुरुषों के आदर्श को जीवन में उतारना चाहिए। इस अवसर पर सुनीता दीदी के द्वारा भी डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान उन्होंने संसार को एक रंग मंच बताया और हम सभी मनुष्यों को इस रंग मंच पर अपना-अपना अभिनय प्रस्तुत करने वाला बताया।

### शिक्षक वही जो देश- समाज संवारे : राजीव कुमार सिंह

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। शिक्षक राजीव कुमार ने कहा कि शिक्षक वही जो देश- समाज संवारे ।भारत में गुरु शिष्य परंपरा का प्रतीक शिक्षक दिवस छात्रों तथा अध्यापकों के लिए संकल्प प्रेरणा का समय है। विद्या ही जीवन की सबसे कठिन साधना है। शिक्षा घर से आरंभ होकर पाठशाला और विश्वविद्यालय तक पल्लवित होती है। शिक्षक अपने शिष्य को लक्ष्य तक पहुंचने में सहायक होता है। शिक्षा देश का बल है ।संसार का संबल है ।विद्या जीवन का संपूर्ण सार है। विद्यालय के प्रभारी वरिष्ठ आचार्या मधुमिता शर्मा ने कहा जीवनोपयोगी ज्ञान के लिए गुरु के निकट प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य जी दीदी जी एवं भैया /बहन उपस्थित थे।

# दुमका में रही शिक्षक दिवस की धूम

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले भर के शिक्षण संस्थानों ने अपने अपने संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन किया। शिक्षा दिवस के अवसर पर सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, सिदो कान्हु उच्च विधालय, संत तेरेसा बालिका उच्च विद्यालय, श्री अमड़ा स्थित नेत्रहीन आवासीय विद्यालय, ग्रीन माउंट स्कूल के अलावा अन्य शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस पर गुरु-शिष्य के बीच के अटूट रिश्तें को मनाते हुए बच्चों ने अपने गुरुजनों को सम्मान दिया। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विभाग के शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों में देश के महान शिक्षाविद्, दार्शनिक, विचारक एवं भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

## धूमधाम से मना गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश उत्सव

**रामगढ़।** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश उत्सव को लेकर गुरुवार को विशेष दीवान सजाया गया। इस विशेष दीवान में बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु उपस्थित हुए। मौके पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने सभी साध संगत को बधाई दी । इस मौके पर जालंधर से आई बीबी जागीर कौर ने अपने मधुर गायन से सभी संगत को निहाल किया। ₹अमृतवाणी हर हर तेरी सुन सुन होवे परम गत मेरी₹ जैसे शब्दों को गाकर संगत को निहाल किया। इसके पश्चात रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने अरदास किया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी ने भी एक से बढ़कर एक सबद पढ़कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा आदि उपस्थित थे

## शिक्षकों को सम्मान मिलना उनके पावन कर्मों का फल है : महुआ सिंह

**धनबाद।** जोड़ापोखर डीएवी मॉडल स्कूल डिगवाडीह में विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया । स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने देश के महान शिक्षाविद, प्रथम उपराट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही सभी नतमस्तक होकर उनकी निस्वार्थ त्याग एवं देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या द्वारा सभी शिक्षकों को उपहार भेंट किया गया। गुरु शिष्य की परंपरा को बरकरार रखते हुए विद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने स्कूल के सभी शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने शिक्षको को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि शिक्षकों को सम्मान मिलना उनके अथक परिश्रम एवं सेवाकर्म का अधिकार फल है।

### कार्यालय-कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि PR No. 334281 ( Rural Development) 24-25(D) द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालिन निविदा आमंत्राण, सूचना संख्या–10/2024–25 में निविदा में क्र0 संख्या 15 एवं संख्या 16 में अंकित योजना का नाम प्रखंड– लातेहार, नगर पंचायत में समाहरणालय गेट से हाई स्कूल के गेट तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। भाग–3 एवं भाग–04 में परिमाण विपत्र की राशि मों0–2500.00 रु0 को संशोधित करते हुए उसके स्थान पर मो0– 5000.00 रु0 किया जाता है साथ ही परिमाण विपत्र लेने हेतु बैंक ड्राफ्ट के साथ निबंधन प्रमाण पत्र एवं UCAN नंम्बर देना अनिवार्य होगा।

निविदा की शेष सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

PR 334832 Rural Development (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मेदिनीनगर

जेलहाता, रेलवे क्रोसिंग के नजदीक, डालटनगंज, जिला–पलामू–822101
Ph. No. 06562- 231237,
E-mail Id- eenhmedini-jhr@nic.in, eenhmedini@gmail.com

**संशोधित अतिआवश्यक सूचना**

पूर्व में एतद् द्वारा PR No.-333864 District (24-25)#D के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया गया था कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं0–343 के कि0मी0 158.200 में अवस्थित डाण्डो पुल की स्थिति जर्जर होने के दृष्टिकोण से एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निदेश के आलोक में उक्त पुल का Rehabilitation कार्य करने हेतु दिनांक 01.09.2024 से आवागमन वर्जित रहेगा।

परन्तु अपरिहार्य कारणों से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कि वर्त्तमान में उक्त पुल पर छोटी वाहनों यथा कार, मोटरसाईकिल, ऑटोरिक्शा एवं टोटो आदि का आवागमन अगले आदेश तक जारी रहेगा। परन्तु भारी वाहनों का आवागमन विषयांकित पुल की जर्जर स्थिति की दृष्टिकोण से सदैव के लिए वर्जित रहेगा।

निवेदक
**कार्यपालक अभियंता,**
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल,
मेदिनीनगर।

PR 334787 (District) 24-25 (D)

### कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड,राँची
### कार्यालय –भूमि संरक्षण पदाधिकारी,गढ़वा

E-Mail ID:- dscogarhwa@gmail.com

**आम सूचना**

1. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, राँची का राज्यादेश सख्या –29, दिनांक 01.07.2024 द्वारा गढ़वा जिला अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना के तहत् कृषक समूह/व्यक्तिगत कृषक को अनुदानित दर पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 | कृषि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य ओ0एस0पी0 | अधिकतम अनुदान राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 5 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रु0 / प्रति कृषि उपकरण बैंक लागत 10 लाख रुपये। |
| 2 | Tractor 4WD (08-20 PTO HP) | 3 | रु0 2.25 लाख प्रति इकाई |
| 3 | Tractor 2WD (20-40 PTO HP) | 12 | रु0 2.50 लाख प्रति इकाई |
| 4 | Self Propelled Weeder (below 2 bhp) | 4 | रु0 0.25 लाख प्रति इकाई |
| 5 | Self Propelled Weeder (Above 2 bhp) | 1 | रु0 0.35 लाख प्रति इकाई |
| 6 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | 2 | रु0 1.5 लाख प्रति इकाई |
| 7 | Self Propelled Crop Reaper (4 Rows) | 4 | रु0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| | Tractor ( Below 20 BHP) driven | | |
| 8 | MB plow(Single Bottom) | 2 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 9 | Cage Wheel | 3 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 10 | Cultivator | 3 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 11 | Multi Crop Treashers | 2 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 12 | Paddy Treasher | 2 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| | Tractor ( Above 20-35 BHP) driven | | |
| 13 | MB plow(Single Bottom) | 2 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 14 | Cage Wheel | 12 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 15 | Cultivator | 12 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 16 | Multi Crop Treashers | 2 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 17 | Paddy Treasher | 2 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 18 | Rotovator upto 5 feet | 4 | रु0 0.35 लाख प्रति इकाई |
| 19 | Rotovator 5 feet | 2 | रु0 0.42 लाख प्रति इकाई |
| 20 | Rotovator 6 feet | 7 | रु0 0.45 लाख प्रति इकाई |
| 21 | Rotovator 7 feet | 2 | रु0 0.48 लाख प्रति इकाई |
| 22 | Mini Rice Mill | 1 | रु0 2.40 लाख प्रति इकाई |
| 23 | Mini Dal Mill | 0 | रु0 1.50 लाख प्रति इकाई |
| 24 | Manual Sprayer Knapsack/Battery Operated sprayer | 7 | रु0 0.0075 लाख प्रति इकाई |
| 25 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 6 | रु0 0.018 लाख प्रति इकाई |
| 26 | Powered Knapsack Sprayer/Power Operated Sprayer (Capacity 8-12 lts) (≤0.75 hp engine) | 7 | रु0 0.031 लाख प्रति इकाई |

लाभुक का चयन

1. इस योजना के कार्यन्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त स्वय सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. जिन कृषक समूहों एवं कृषको द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित/ राज्य योजना के माध्यम से कृषि यंत्र प्राप्त किया गया हो उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
3. इस योजना के तहत् प्रत्येक कृषक का एक वित्तीय वर्श में एक ही आवदेन स्वीकार होगा एवं एक आवेदन पर कृषक कोई तीन अलग–अलग कृषि यंत्र ले सकेंगे।
4. कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदनों की जॉचोपरान्त उन पर सम्बंधित ग्राम सभा से अनुशंसा प्राप्त कर चयन प्रकिया की जायेगी।
5. आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 18.09.2024 निर्धारित की जाती है।

विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा
संयुक्त कृषि भवन गढ़वा

ह0/
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,गढ़वा

PR 334837 Agriculture(24-25).D

### कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू
(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, पलामू)
ई0 मेल0:- Civilsurgeonpalamu@gmail.com

In Ref. to Letter No.................., Dated........................

**-: आवश्यक सूचना :-**

विज्ञापन संख्या 04/2023 के आलोक में दिनांकः– 25.08.2024 को District CM School of Excellence (Zila School), Chhah Muhan Chowk, Medininagar, Palamu में आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल कुल 587 अभ्यर्थी के मूल प्रमाण पत्रों की सत्यापन दिनांकः–09.09.2024 से 13.09.2024 को सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू के सभागार में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन् 05:00 बजे तक आयोजित किया गया है जिसकी पूरी जानकारी https://applygov. ind. in पर एवं NIC Palamu एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापठ पर प्रकाशित कर दी गई है।

अतः सभी अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्रों की सत्यापन हेतु पूरी जानकारी https://applygov. ind. in & NIC Palamu & कार्यालय से ससमय प्राप्त कर आपको आवंटित तिथि को ससमय निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज कराते हुए ससमय अपने प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों का सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 334843 District (24-25)_D

### कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू
( जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई,पलामू )
ई0मेल0:–Civilsurgeonpalamu@gmail.com

**In Ref. to Letter No. 2704, Dated. 02.09.2024**

**–:आवश्यक सूचनाः–**

विज्ञापन संख्या 04/2023 के आलोक में दिनांकः–25.08.2024 को District CM School of Excellence (Zila School), Chhah Muhan Chowk, Medininagar, Palamu में आयोजित परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का परीक्षाफल https://applygov. ind. inपर प्रकाशित कर दी गई है। आप सभी अपना–अपना परीक्षाफल आपके Application Number (For Example PLM******) के माध्यम से देख सकते है साथ ही इस परीक्षा का Final Merit List आपके द्वारा समर्पित सभी प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरान्त पदानुसारविज्ञापित शैक्षणीक योग्यता से लिए गए 60 प्रतिशत अंक एवं लिखित परीक्षा से लिए गए 40 प्रतिशत का योग सेतैयार कर https://applygov. ind. inएवं NIC Palamu पर प्रकाशित की जाएगी।

उक्त हेतु पात्रता सूची तैयार करने के लिएआपके द्वारा समर्पित प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु तिथि/स्थल की सूचना भीhttps://applygov. ind. inएवं NIC Palamu पर प्रकाशित की जाएगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 334841 (District)24-25*D

### जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षावाहिनी, पलामू

**(आवश्यक सूचना)**

झारखण्ड गृह रक्षावाहिनी, पलामू से नामांकित वैसे सभी गृह रक्षक जिनका बॉन्ड समाप्त हो गया है/निकट भविष्य में समाप्त होने वाला है, का पुनः नामांकन किया जाना है। उपायुक्त,पलामू के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में गृह रक्षकों के पुनः नामांकन हेतु प्रखण्डवार तिथि का निर्धारण किया गया है, जो निम्नवत् है :–

| क्रम सं0 | दिनांक | प्रखण्ड |
|---|---|---|
| 1. | 09.09.2024 | सदर, चैनपुर, पाण्डु, मनातु, हरिहरगंज, पांकी, हुसैनाबाद एवंछत्तरपुर (पुरूष/महिला। |
| 2. | 10.09.2024 | लेस्लीगंज, विश्रामपुर, पाटन एवं शहरी (पुरूष/महिला)। |

उक्त तिथि को पुनः नामांकन हेतु सभी गृह रक्षक पूर्ण वर्दी में समय 10:00 बजे पूर्वाहन में जिला समादेष्टा काकार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षावाहिनी, पलामू में सशरीर उपस्थित होकर पुनः नामांकन की प्रक्रिया शामिल होंगे। विहित तिथि के उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

ह0/–
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षावाहिनी, पलामू

PR 334834 District(24-25)#D

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू
Email I.D.- rdsd.palamau@rediffmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् समाचार पत्र के माध्यम से जिला कल्याण निधि मद से कॉमन फैसिलिटी सेन्टर भवन निर्माण कार्य से संबंधित संवेदक को सूचित किया जाता है कि निर्माण कार्य लम्बी अवधि से बन्द पड़ा है। ऐसी परिस्थिति में आपको इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि अधूरे निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करावें एवं इससे संबंधित Work Programme अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करें, अन्यथा बाध्य होकर विभागीय निर्देश के आलोक में आपके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए आपके फर्म को काली सूची में डालने की कार्रवाई की जायेगी एवं आपके जमानत की राशि जब्त करते हुए एकरारनामा विखण्डित कर दिया जायेगा एवं अन्तिम मापी लेने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। **योजना की विवरणी निम्नवत् है।**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | एकरारनामा संख्या दिनांक | कार्य पूर्ण करने की तिथि | संवेदक का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | प्रखण्ड छतरपुर अन्तर्गत ग्राम लोटो में कॉमन फैसिलिटी सेन्टर भवन का निर्माण। | 02F2/2012-13 04.05.2012 | 03.11.2012 | श्री विकास कुमार, बारालोटा जी0एल0ए0 कॉलेज, डालटनगंज, पलामू। |

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 334789 District (24-25)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-07/2024-25/RE-01** **P.R.No.332471**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड रामगढ़ अन्तर्गत पंचायत–बेड़मा, ग्राम–चौपरिया में लमती के पास गुरदह नदी पर पुल निर्माण। | 34732200.00 | 695000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.09.2024 से दिनांक 12.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 18.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,पलामू

PR 334785 District(24-25).D

### कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (आपूर्त्ति शाखा)
दूरभाष सं0:– 06562–223116 ई–मेल :– food.palamu@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अपवर्जन मानक/समावेशन मानक के शर्तों के आलोक में लाभुकों को राशनकार्ड का लाभ दिया जाना है। पलामू जिला हेतु वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 1828926 सदस्य तथा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 88208 सदस्यों को आच्छादन हेतु लक्ष्य निर्धारित है। निर्धारित लक्ष्य पूर्ण हो जाने की स्थिति में वैसे पात्र लाभुक परिवार के सदस्यों को आच्छादित नहीं किया जा सका है जो राशनकार्ड में सदस्यों का नाम जोड़ने हेतु काफी अत्यधिक दिनों से ऑनलाईन आवेदन समर्पित किये हैं।

वर्तमान में ऐसी सूचनाएं प्राप्त हो रही है कि उक्त अधिनियम/योजना के तहत वैसे लाभुक परिवार के सदस्य आच्छादित हैं, जो अयोग्य/अपात्र हैं, जो मात्र आयुष्मान कार्ड के लाभ प्राप्त किये जाने के उद्देश्य से राशनकार्ड का निर्माण करा लिये हैं, परन्तु खाद्यान्न का उठाव नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण प्रतिमाह खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत भी आहार पोर्टल पर कम प्रदर्शित हो रहा है।

वैसे सभी लाभुक परिवार, जो उक्त अधिनियम/योजना के तहत पात्रता नहीं रखते हैं, अयोग्य हैं अथवा दोहरा लाभ प्राप्त करने या अन्य कारणों से खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु सक्षम नहीं हैं, वे सभी दिनांक .......15.09.2024 तक अनिवार्य रूप से अपने संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी/जिला आपूर्ति पदाधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में राशनकार्ड सरेण्डर कर सकते हैं। उक्त अवधि तक अयोग्य लाभुक परिवारों के द्वारा राशनकार्ड सरेण्डर नहीं किये जाने की स्थिति में भविष्य में जांचोपरांत अयोग्य पाये जाने अथवा गलत तरीके से राशनकार्ड का लाभ प्राप्त तथा राशन का उठाव किये जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध "झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश–2022" के कंडिका–7 "अयोग्य लाभार्थियों द्वारा धोखाधड़ी किये जाने की स्थिति में दण्डात्मक प्रावधान" के आलोक में कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
पलामू

PR 334826 District(24-25).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0ः–09/2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :– 12/09/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– 13/09/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :– 13/09/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा .कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर। |
| 8 | कार्य का विवरणः– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवनिर्मित दिषोम गुरू इण्डोर स्टेडियम, गढ़वा में पेभर ब्लॉक का कार्य। | ₹ 7,06,300/- | ₹ 14,200/- | ₹ 1250/- | 07 दिन |

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट :– **Updated Character PAN, GST Return File Latest,** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 334815 Building(24-25)#D

### कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**आम सूचना**

नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत DAY-NULM के SEP (Self Employment Program) घटक के अंतर्गत SEP-I तथा SHG बैंक लिंकेज प्राप्त कुल 35 लाभुकों को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण (EDP) दिया जाना है। EDP प्रशिक्षण हेतु प्रति प्रशिक्षणार्थी अधिकतम अनुमान राशि 3126.18 (तीन हजार एक सौ छबीस रू0 अठारह पैसे) विभाग द्वारा स्वीकृत है। अतः स्वीकृत दर अनुसार प्रति प्रशिक्षणार्थी अनुसार भुगतान की जायेगी। इच्छुक एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि दिनांक 11.09.2024 को कार्यालय अवधि तक नगर पंचायत, लातेहार कार्यालय में संबंधित दस्तावेज, बन्द लिफाफे में पुर्ण पता एवं मोबाईल संख्या के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

शर्त :–

1. एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि का पंजीकरण/Affiliation हो।
2. Entrepreneurship development/training etc. का प्रशिक्षण देने का अनुभव हो।
3. संस्था ब्लैक लिस्टेड नहीं है, इसका शपथ पत्र देना होगा।
4. अनुभव प्रमाण पत्र/ट्रेनिंग सर्टिफिकेट देय होगा।
5. निविदा का प्रस्ताव कार्यालय में पहुँच कर देना होगा।
6. एजेंसी/एन0जी0ओ0 के अधिनस्त कार्यरत ट्रेनर को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
7. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्रांतर्गत प्रशिक्षण के लिए क्लास रूम (हवादार एवं रौशनी युक्त रूम, पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
8. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रत्येक बैच में प्रत्येक दिन दो बार चाय, भोजन एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था करनी होगी।
9. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को Stationary Kit (पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, चॉट पेपर, स्केच पेन, डायरी/ कॉपी इत्यादि) की व्यवस्था करनी होगी।
10. प्रशिक्ष DAY-NULM के SEP घटक के प्रशिक्षण Module के अनुसार की जायगी। उक्त प्रशिक्षण में अंतर पाए जाने पर भुगतान रोक दिया जायगा।
11. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को कार्य आवंटित करने, रद्ध करने अथवा प्रशिक्षण प्रकिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्त्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 334806 Urban Development(24-25).D

### JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**E- Tender Notice**

**e-NIT No. 173 /PR/ JUSNL/ 2024-25**

E- Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work: -

| | |
|---|---|
| Name of Work | Overhauling cum oil leakage arresting of 132/33kV 50MVA Areva make Power Transformer (Transformer no.03, Sl. No.TEJA6675/2006) installed at 132/33kV GSS Garhwa road. |
| Period of Work | 45 days. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs.1,476.00/- Rupees One thousand four hundred seventy six only (to be paid through online mode only) |
| Earnest Money Deposit | Rs.19,400.00/- Rupees Nineteen Thousand four hundred only. (to be paid through online mode only) |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 06.09.2024 at 02:00 PM to 26.09.2024 upto 03:00PM |
| Start Date and time of upload of BID | 06.09.2024 at 02:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 26.09.2024 upto 03:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 27.09.2024 at 04:30 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9771850485 for any enquiry.
2. **The bids will be received through electronic tendering mode only.**
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 334687 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)24-25*D

संपादकीय

# राजतपट भी हो महिला अनुकूल

भारतीय समाज सबसे अधिक फिल्मों से प्रभावित होता है और अनेक कालजयी फिल्मों या गीतों ने भारत को एक दिशा दी है पर 17 फरवरी, 2017 को मलयालम अभिनेत्री के साथ जो हुआ, उस घटना के संबंध में जब जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट उजागर हुई, तो एक बार फिर यह मामला सुर्खियों में है कि चमकते हुए सितारों के पीछे की दुनिया कितनी स्याह है ।फिल्म जगत की चमक-दमक के पीछे की अनैतिकता को उजागर कर रही है, क्योंकि मलयालम सिनेमा की और भी महिलाओं ने साहस जुटाया और अपने स्तब्ध कर देने वाले कटु अनुभवों के साथ आगे आईं।समाज के अन्य उद्योगों में ऐसा के साथ हॉलीवुड भी शामिल है, जिसे प्रगतिशील मूल्यों वाला फिल्मोद्योग माना जाता है। हॉलीवुड में मीटू आंदोलन ने इस उद्योग के सबसे कायर और कामुक लोगों में से एक हार्वे वीनस्टीन के नाम को उजागर किया, जो अब अपने अपराधों के लिए जेल में है। फिर भी दशकों तक वह वैश्विक मनोरंजन उद्योग का चहेता था, उसने ऑस्कर पुरस्कार जीते और खूबसूरत अभिनेत्रियां उसके साथ थीं। यह सब तब हो रहा था, जबकि इस व्यवसाय के अंदरूनी लोग उसकी गतिविधियों और शोषण के बारे में जानते थे।अक्सर डब्ल्यूसीसी (मलयालम सिनेमा में बहादुर महिलाओं द्वारा स्थापित संगठन) ने बताया है कि कैसे पुरुषों का एक समूह शिकारी की तरह काम करता है और वे एक-दूसरे को बचाते हैं। यह समूह इतना शक्तिशाली है कि जिन महिलाओं ने इस मुद्दे को उठाया है, उन्हें काम करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है और उन्हें मुश्किल से काम मिल रहा है। कल्पना कीजिए कि यह ऐसी स्थिति है, जिसमें कुछ भी छिपा हुआ नहीं है। वर्ष 2017 में हुए उस क्रूर अपराध की प्रेरणा यह थी कि कथित तौर पर अभिनेत्री सुपरस्टार दिलीप की पूर्व पत्नी की करीबी दोस्त थी, जिसे उसने अपने विवाहेत्तर संबंध के बारे में बताया, जिसके कारण तलाक हो गया। आरोप है कि दिलीप को लगता था कि पूर्व पत्नी से तलाक में इस अभिनेत्री का हाथ है। इसलिए वह गुस्से से आगबबूला हो गया और उसने बदला लेने की ठान ली। यह एक सी ग्रेड फिल्म की पटकथा की तरह लगता है, फर्क सिर्फ इतना है कि हमला वास्तव में हुआ था और चौंकाने वाली यह घटना याद दिलाती है कि फिल्म उद्योग में पुरुष वर्ग न केवल बॉक्स ऑफिस पर, बल्कि फिल्म उद्योग के अंधेरे हिस्से में भी हावी है ।ऐसी घटनाओं की अभी बाढ़ नहीं आई है और ऐसी घटनाएं कभी-कभार ही सामने आती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह शोषण अन्य फिल्म उद्योगों में नहीं होता है, जिसमें सबसे हाई प्रोफाइल बॉलीवुड भी शामिल है। अब तक, यौन शोषण की रिपोर्ट के मामलों को 'गॉसिप' या 'विवादास्पद' महिलाओं द्वारा ध्यान आकर्षित करने का हथकंडा बताकर खारिज कर दिया गया है ।ऐसा लगता है कि इन प्रथाओं पर लगाम लगाने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और जब यह बांध टूटेगा, जैसा कि मलयालम फिल्म उद्योग में हुआ है, तो जिन लोगों को हम आम जनता ने आदर्श के रूप में सम्मान दिया है, उनमें से कई लोगों की असली पहचान सामने आ जाएगी।

> वर्ष 2017 में हुए उस क्रूर अपराध की प्रेरणा यह थी कि कथित तौर पर अभिनेत्री सुपरस्टार दिलीप की पूर्व पत्नी की करीबी दोस्त थी, जिसे उसने अपने विवाहेत्तर संबंध के बारे में बताया, जिसके कारण तलाक हो गया। आरोप है कि दिलीप को लगता था कि पूर्व पत्नी से तलाक में इस अभिनेत्री का हाथ है।


# माटी चुन-चुन महल बनाया

हम हर तरह की हिंसा से परहेज करें और अपनी सांसों पर ध्यान दें तथा मौन की साधना करें तो हम आध्यात्मिकता की ओर निश्चित कदम बढ़ा लेते हैं। सांसों पर ध्यान का मतलब सिर्फ इतना सा है कि हम एकांत में बैठें, चुपचाप बैठें और सिर्फ अपनी आती-जाती सांस की ओर ध्यान फोकस करें। नासिका और ऊपर के होठ के बीच की जगह पर ध्यान फोकस करें तो हम आती-जाती सांस को महसूस कर सकते हैं। इस अवस्था में हमें करना कुछ नहीं है। सांस को नियंत्रित नहीं करना, तेज या धीमा नहीं करना, गहरा या छोटा नहीं करना, बस सिर्फ आती-जाती सांस पर ध्यान देना है, मौन रहना है और यदि ध्यान भटके तो उसे फिर से सांस पर ले आना है...

हम सब एक शरीर के साथ जन्म लेते हैं। यह शरीर जो हमें दिखता है, यह एक स्थूल शरीर है और इसकी अपनी सीमाएं हैं। जीवन में रहते हुए यह शरीर सुख-दुख भोगता है, बीमारी आदि भोगता है। अगर मोटी-मोटी बात करें तो हमारा एक और शरीर भी है जो सूक्ष्म शरीर है। सूक्ष्म शरीर एक प्रकाश पुंज मात्र है। हमारा यह सूक्ष्म शरीर बहुत शक्तिशाली है। यह भी सुख-दुख भोगता है। मृत्यु के पश्चात यदि हमें मोक्ष न मिले तो हमारा सूक्ष्म शरीर धरती की दुनिया से ऊपर की दुनिया में चला जाता है और समय आने पर फिर से जन्म लेकर संचित कर्मों के फल भोगता है तथा नए कर्म करता है। अगला जन्म लेने से पूर्व यही शरीर स्वर्ग-नर्क भी भोगता है। आत्मा इन दोनों शरीरों से परे है। यह सुख-दुख से परे है और परमात्मा का शुद्ध अंश है। भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद्भगवद गीता में इसी के बारे में बताया है कि यह अजर-अमर है। इस पर हवा, पानी, आग और हथियारों आदि का कोई असर नहीं होता। निर्वाण की स्थिति में आत्मा ही परमात्मा में विलीन होती है जिससे हमें जीवन-मरण के चक्र से छुटकारा मिल जाता है। ऋषियों, मुनियों, मनीषियों ने इस संसार को मिथ्या और जीवन को सपना इसलिए कहा क्योंकि हमारा यह शरीर नश्वर है और जीवन के बाद कभी न कभी मृत्यु का होना भी निश्चित है। मृत्यु के बाद यह शरीर नहीं रहता। जब हम जरा गहराई में जाते हैं तो यह समझ आता है कि यह जीवन वास्तव में एक स्कूल है जहां हम इसलिए आते हैं ताकि निर्वाण की प्राप्ति के लिए हम अभी तक जो नहीं सीख पाए हैं, वह सीख लें और जीवन-मरण के चक्र से मुक्त होकर सर्वेश्वर परमपिता परमात्मा से जा मिलें।

जब हम दोबारा जन्म लेते हैं तो हम अपने संचित कर्मों का फल तो भोगते ही हैं, पर साथ ही हम नए कर्म भी करते हैं। ये नए कर्म ही अगर ऐसे हों जो हमें परमात्मा के और करीब ला सकते हों, तो हम निर्वाण की ओर बढ़ते चलते हैं। शरीर नश्वर है और जीवन के साथ मृत्यु अवश्यंभावी है, तो हमारे कर्मों के अलावा यहां प्राप्त की गई अथवा जोड़ी गई शेष हर चीज यहीं रह जाएगी। हमें कोई संपत्ति विरासत में मिले या हम स्वयं अर्जित करें, वो अंततः यहीं रह जाएगी। अक्सर तो ऐसा भी होता है कि किसी ने बहुत मेहनत करके, कंजूसी करके, बचत कर-कर के कुछ बनाया, लेकिन अपने जीवन में उसे कभी भोग नहीं पाया और चाहे अपनी संतानों के लिए अथवा दुनिया के लिए छोडकर स्वर्गवासी हो गया। इसीलिए संत कबीर दास जी ने कहा कि माटी चुन-चुन महल बनाया, लोग कहें घर मेरा, ना घर तेरा, ना घर मेरा, चिडि?ा रैन बसेरा, कौड़ी-कौड़ी माया जोड़ी, जोड़ भरेला थैला, कहत कबीर सुनो भाई साधो, संग चले ना धेला, उड़ जाएगा हंस अकेला, जग दो दिन का मेला। हम सब अक्सर समय की कमी का रोना रोते हैं। अक्सर हम कहते हैं कि अगर हमारे पास समय होता तो हम फलां-फलां काम कर लेते, पर असली सच यह है कि समय ही एक ऐसी वस्तु है जिसका हम सबसे ज्यादा दुरुपयोग करते हैं, समय ही ऐसी वस्तु है जिसे हम सबसे ज्यादा बेकार में गंवाते हैं, समय ही एक ऐसा उपहार है कि हम जिसकी कीमत नहीं समझते और इसे व्यर्थ के कामों में, उलझनों में, लड़ाई-झगड़ों में, किसी की आलोचना में, किसी की निंदा में, षड्यंत्रों में और गपशप में गंवा देते हैं। तभी तो हमारे ऋषियों, मुनियों, संतों और मनीषियों ने कहा है कि हीरा जनम अमोल सा, कौड़ी बदले जाए, जबकि इसी समय का सदुपयोग करके हम निर्वाण की ओर कदम बढ़ा सकते थे और सर्वशक्तिमान त्रिलोकीनाथ सवेश्वर परमात्मा से मिल पाने का जुगाड़ कर सकते थे। सवाल उठता है कि हम परमात्मा से मिलन के लिए क्या कर सकते हैं, और कैसे कर सकते हैं। हर धर्म परमात्मा के मिल पाने के रास्ते बताता है। सहज संन्यास मिशन ने इसे ह्यन भागो, न त्यागो, सिर्फ जागोका मंत्र देकर बहुत आसान बना दिया है।

इस मंत्र का खुलासा करें तो हमें समझ में आता है कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए हमें संसार से भागने की आवश्यकता नहीं है, संसार को त्यागने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि सिर्फ जागरूक होकर आत्म-मंथन करके अपनी सोच और अपने जीवनयापन के ढंग में कुछ छोटे-छोटे और आसान बदलाव करके आध्यात्मिकता की ओर बढ़ते रहना है। इसी दुनिया में रहकर, समाज में रहकर, परिवार में रहकर, अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए, हमें सिर्फ इतना करना है कि हम किसी भी तरह की कोई हिंसा न करें। यहां हमें यह समझना होगा कि ह्यहिंसाह्न की अवधारणा बहुत व्यापक है। जीव की हत्या तो हिंसा है ही, पर उसके अलावा जब हम किसी की निंदा करें, चुगली करें, शिकायत करें, दोषारोपण करें, अपमान करें, क्रोध करें तो यह भी हिंसा है। किसी का दिल दुखाना हिंसा है, पर सिर्फ किसी का दिल दुखाना ही हिंसा नहीं है, अपना दिल दुखाना भी हिंसा है। जब हम अपमानित महसूस करते हैं, अपनी किसी गलती पर पछताते हैं, किसी पर गुस्सा करते हैं, तो हम दुखी हो जाते हैं। यह समझना आवश्यक है कि क्रोध इसलिए आता है क्योंकि हम दुखी हुए। किसी ने हमारी बात नहीं मानी और हम दुखी हुए तो गुस्सा आया। किसी ने हमारा अपमान कर दिया और हम दुखी हुए तो गुस्सा आया। किसी ने हमारा नुकसान कर दिया और हम दुखी हुए तो गुस्सा आया। तो क्रोध का कारण दुख है और दुखी होना खुद की हिंसा है। इसी तरह अपने शरीर का ध्यान न रखना, अपनी सेहत का ध्यान न रखना, जंक फूड खाकर शरीर को बीमार करना, चिंता करते हुए, उदास रहते हुए, डर-डर कर जीवन जीते हुए अपनी सेहत को खतरे में डालना खुद के प्रति हिंसा है। हमें हर हालत में हर तरह की हिंसा से बचना है। यही आध्यात्मिकता है। यह आध्यात्मिकता की शुरूआत है। हम हर तरह की हिंसा से परहेज करें और अपनी सांसों पर ध्यान दें तथा मौन की साधना करें तो हम आध्यात्मिकता की ओर निश्चित कदम बढ़ा लेते हैं। सांसों पर ध्यान का मतलब सिर्फ इतना सा है कि हम एकांत में बैठें, चुपचाप बैठें और सिर्फ अपनी आती-जाती सांस की ओर ध्यान फोकस करें। नासिका और ऊपर के होठ के बीच की जगह पर ध्यान फोकस करें तो हम आती-जाती सांस को महसूस कर सकते हैं। इस अवस्था में हमें करना कुछ नहीं है। सांस को नियंत्रित नहीं करना, तेज या धीमा नहीं करना, गहरा या छोटा नहीं करना, बस सिर्फ आती-जाती सांस पर ध्यान देना है, मौन रहना है और यदि ध्यान भटके तो उसे फिर से सांस पर ले आना है। बस इतना ही। धीरे-धीरे के अभ्यास से हम इस काबिल हो जाएंगे कि हमारे दिमाग के विचार शांत हो जाएं और हम दिव्य तंद्रा की स्थिति तक पहुंच जाएं। शुरूआत यहीं से होगी, बाकी सब अपने आप होता चलेगा। चलना शुरू करेंगे तो आगे के रास्ते खुद-ब-खुद खुलते चलेंगे।



आज की बात



सिद्धगुरु प्रमोद जी

आप की बात

# धूप छांवः खत में छुपा रोमांस

पुरानी बॉलीवुड फिल्मों में अगर किसी पुराने खत का जिक्र हो तो मतलब आम तौर पर यही होता था कि उससे जन्म या मृत्यु से जुड़ा कोई बड़ा रहस्य खुलेगा। हाल ही में किसी से 1995 की बनी हॉलिवुड फिल्म ह्यद ब्रिजेज ऑफ मैडिसन काउंटीह्न का जिक्र छिड़ा तो ध्यान आया कि उसकी भी शुरूआत मुख्य किरदार की मौत के बाद खुलने वाले उसके कागज-पत्रों (यानी वसीयत, डायरी, तस्वीरें वगैरह) से होती है। लेकिन उससे जन्म-मौत का कोई रहस्य नहीं बल्कि एक बेहद खूबसूरत रिश्ते की परतें खुलती हैं। वे परतें जिन्हें खोलने की हिम्मत उस किरदार ने जीते जी नहीं की। असल जिंदगी में ऐसी नाटकीयता की उम्मीद हम नहीं करते। हां, सत्तर और अस्सी के दशक में, जब कुंभ के मेले में बिछड़े जुड़वां भाइयों की कहानी हिंदी फिल्मों का सबसे घिसा-पिटा फॉम्युर्ला बन चुकी थी, तब कॉलेज में पढ़ रहे नौजवानों के बीच यह मजाक जरूर चलता था कि ह्यार रातों की नींद उड़ गई है, पता नहीं कब किस दिन मां बुलाकर कह दे कि बेटा तुम असल में मेरे बेटे नहीं हो, तुम तो उस माली को फलां जगह पड़े मिल गए थे ह्न एकाध दशक और पीछे चले जाएं तो कहानी का प्लॉट ही नहीं, गीत-संगीत और रोमांस के व्याकरण भी पूरी तरह बदले नजर आने लगते हैं। वास्तविक जिंदगी की बात करें तो उस दौर के रोमांस की झलक पाने के लिए हमें साहित्य की शरण लेनी पड़ेगी। मगर साहित्य भी तो फिल्मों की ही तरह कल्पनाओं का संसार है। ऐसे में जब मुझे आज से करीब 60-65 साल पहले लिखा गया एक प्रेमपत्र देखने का मौका मिला, तो पहला ख्याल ऐतिहासिक साक्ष्य के रूप में उसकी अहमियत का ही आया। पत्र का स्वरूप, उसकी पद्यात्मक शैली, उसके बिंब, शब्दह्न सब चीख-चीख कर बता रहे थे कि वक्त के इस अंतराल ने कितना कुछ बदल डाला है। खैर, पहले एक पति द्वारा नवविवाहिता पत्नी को भेजे गए इस पत्र पर एक नजर डाल लेते हैं। प्रिये/ प्रथम दरस के बाद तुम्हारे/ प्रथम परस से पहले/ जागे थे जो स्वप्न सुनहले/ तुम्हें देख, उन स्वप्नों को मैं/ देख लिया करता हूं/ प्रथम मिलन के बाद, प्रिये/ जब प्रथम बार थे बिछड़े/ थे हम शंकित चित्त कि मन में/ अंकित चित्र न बिगड़े/ तुम्हें देख, इस चारु चित्र को/ देख लिया करता हूं। प्रथम कलह के बाद, और/ पहले उस प्रथम सुलह के/ ढलके थे जो कोयों से दो/ आंसू नखत सुबह के/ तुम्हें देख, वह नखत सुमुखि! मैं/ देख लिया करता हूं। इससे क्या फर्क पड़ता है कि यह पत्र मेरे पिता ने मेरी मां को लिखा था या आपमें से किसी के पिता ने आपकी मां को। बात तो उस पीढ़ी की है ना!

**(ये इनके निजी विचार हैं)**



प्रणव प्रियदर्शी

देश की बात

# चिंदीगिरी छूटे तो होगी लड़कियों की सेफ्टी

सर्किट के साथ अपुन की टोली आज जुहू बीच घूमने निकली। क्या मस्त बारिश वाला मौसम और हवा तो अइसे चल रयेली थी जइसे कोई नॉनस्टॉप रेलगाड़ी। चमन चिरकुट अपनी मस्ती में उदर घूमने आई छोकरी लोग को देख के सीटी मारने लगा। अपुन ने उसको खींच के आगे की तरफ धकेला तो आगे खड़ी तीन लड़की लोग के आसपास अइसे मंडराने लगा जइसे मच्छर कान भिनभिन करता है। पांच मिनट नहीं हुए थे अपुन लोग को बीच पे और ये कम से कम 50 लड़कियों पे अपनी चिरकुट नजर डाल चुका था। उसकी इन हरकतों पर अपुन से ज्यादा गुस्सा सर्किट को आ रयेला था। वो अचानक कुकर की सीटी के माफिक चीख के बोला, चिरकुट अपनी गंदी हरकतें बंद कर दे, वरना आज तेरेकू इदर इच खलास करता मैं। चिरकुट बोला, क्या हो गयेला है? अपुन की मस्ती चल रयेली है तो तेरी बेइज्जती काइकू हो रयेली है? चिरकुट की चिकचिक सुन के अपुन कू बीच में कूदनाइच पड़ा। काइकू भेजा फ्राई कर रयेला है चिरकुट? जिदर लड़की देखी उदर उनके आसपास काइकू सैटलाइट के माफिक परिक्रमा कर रयेला है? तेरेकू क्या लगता है, तू इतना हैंडसम है कि अइसे इच फालतू छेड़खानी करेगा और लड़की तेरे पास आ जाएगी शहनाई-बारात लेके। तेरे जइसे लड़कों को अंग्रेजी में परवर्ट बोलते हैं। तभीच हटेला बोल पड़ा, मुन्ना भाई, अब अगर चिरकुट की चिंदीगिरी की बात निकलीइच है तो अपुन भी तुमको एक बात बताता है। ये चिरकुट चाल में आने वाली हर लड़की को अपने फंदे में लपेटने की कोशिश करता है। पहले मासूम बन के लड़की से बात करेगा। वो सोचेगी कि इतना बड़ा उमर का अंकल के माफिक आदमी है तो रिस्पेक्ट के चक्कर में इसको अपना मोबाइल नंबर भी दे देती है। हटेला क्या बोलता है कि ये चिरकुट उसी दिन से लड़की लोग को वॉट्सऐप पर मेसेज करना चालू कर देता है। कभी जोक्स तो कभी गुड मॉर्निंग वाले मेसेज। लड़की लोग से बोलता है अपनी फैमिली के बारे में बताओ, वो लोग इसको अंकल समझ के सब बताने लगती है फिर ये उनसे उल्टी-सीधी बात चालू कर देता है। इसको लगता है कि लड़की ने अपना नंबर शेयर किया मतलब इसके लिए अवेलेबल है। समझाओ मुन्ना भाई इसको, वरना किसी दिन अक्खा एरिया की लड़की लोग मिलकर इसको इतना मारेंगे कि चिरकुट का चमन उजड़ जाएगा। चिरकुट कू मालूम है कि ये पावर वाला आदमी है, इसलिए ये किसी भी लड़की का कुछ भी बिगाड़ सकता है और बच सकता है। अपुन ने पूछा चिरकुट के पास कौन सी पावर? तो सर्किट बोला, भाई ये हर जगह बोलता है कि ये मुन्ना भाई की कंपनी में है, तुम्हारा नाम सुनके सब लोग खौफ में आ जाते।



नमिता जोशी



बोधि वृक्ष

> जब आप एक अपरिचित व्यक्ति और एक भिखारी की तरह अपने अहम् से प्रभु से प्रार्थना करते हैं, तो वे कोई प्रयास सीमित हो जाते हैं। ईश्वर नहीं चाहते कि आप अपनी इच्छाशक्ति को त्याग दें, जो कि उनकी सन्तान होने के नाते आपा दिव्य जन्मसिद्ध अधिकार है।

# प्रतिज्ञापन और प्रार्थना की शक्ति

तब अपने परमपिता से प्रार्थना कीजिएः ''प्रभो! मेरी यह आवश्यकता है। मैं इसके लिए काम करने को तैयार हूं। इसकी पूर्ति के लिए उचित सोचने और उचित कार्य करने के लिए मेरा मार्गदर्शन कीजिए। मैं अपनी विवके बुद्धि का उपयोग करूंगा और दृढ़ निश्चय के साथ करूंगा, पर आप मेरी बुद्धि, इच्छाशक्ति और कार्यशीलता को मार्गदर्शित करें ताकि मैं उचित कार्य करूं। आपको ईश्वर से उनके बच्चे के रूप में, जोकि आप हैं, घनिष्ठतापूर्वक प्रार्थना करनी चाहिए। जब आप एक अपरिचित व्यक्ति और एक भिखारी की तरह अपने अहम् से प्रभु से प्रार्थना करते हैं, तो वे कोई प्रयास सीमित हो जाते हैं। ईश्वर नहीं चाहते कि आप अपनी इच्छाशक्ति को त्याग दें, जो कि उनकी सन्तान होने के नाते आपा दिव्य जन्मसिद्ध अधिकार है। मानसिक रूप से अथक उत्साह एवं अविचल साहस तथा विश्वास के साथ धीरे-धीरे कही हुई किसी भी वस्तु की निरन्तर मांग* एक प्रबल शक्ति में विकसित हो जाती है, जो कि मानव की चेतन, अवचेतन तथा अधिचेतन शक्तियों के सम्पूर्ण व्यवहार कोइस तरह प्रभावित करती है कि इच्छित लक्ष्य की प्राप्ति हो ही जाती है। आन्तरिक मानसिक प्रतिकूलताओं में निर्भीक रहते हुए प्रार्थना निरन्तर होनी चाहिए। **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

फेसबुक वॉल से

Gyanchand Mehta
1d ·

* देश में फिल्मकार अनुभव सिन्हा का अनुभव जब तक कारगर है ,पाकिस्तान को भारत में अपने पि.आर.और प्रचार के लिए कुछ सोचना नहीं है।

Gyanchand Mehta and 24 others 13 comments
Like Comment Send Share

Gyanchand Mehta
अनुभव सिन्हा (65 वर्ष) का जन्म इलाहाबाद में हुआ है। इनकी अंतिम पढ़ाई अलीगढ़... See More
Like Reply 15

X से

@aajtak is hosting

Hemant Soren @HemantSoren... · 4m
आज गुमला ज़िला में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुआ हूँ। राज्य के जरूरतमंद लोगों को हक़-अधिकार देने और योजनाओं से जोड़ने के लिए चौथी बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी को इस अवसर पर हार्दिक बधाई और जोहार।




Hemant Soren @HemantSorenJMM
गुमला जिला में गुमला और लोहरदगा जिले के लाभु...
2 1 5 103

अपनी बात

# उसे उड़ने का मौका तो दो

पिछले हफ्ते एक मित्र ने फोन कर बताया कि बेटी का सिंगापुर में एशिया की टॉप रिसर्च यूनिवर्सिटी में एडमिशन हो गया है, जहां से वह आर्टिफिशल इंटेलीजेंस में पीजी करेगी। कोर्स की फीस और हॉस्टल का मिलाकर करीब 40 लाख रुपये खर्च आएगा। इतनी बड़ी रकम की व्यवस्था करना आसान नहीं था, लेकिन लोन लेने के साथ ही उन्होंने अपनी जमा पूंजी बेटी की पढ़ाई पर लगाने का महत्वपूर्ण फैसला किया है। जब मित्र यह जानकारी दे रहे थे, संयोग से उस वक्त अखबार में मैं शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट से जुड़ी एक खबर पढ़ रहा था, जो बता रही थी कि देश के सरकारी स्कूलों में लड़कियों की संख्या ज्यादा है तो प्राइवेट में लड़कों की। यानी लोग अपने बेटों पर तो दिल खोल कर खर्च कर रहे, लेकिन बेटियों की पढ़ाई के लिए जेब ढीली ही नहीं करना चाहते। इसके बावजूद ये बेटियां बेटों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियों का पासिंग परसेंटेज लड़कों से ज्यादा है। साइंस और आर्ट्स दोनों स्ट्रीम में लड़कियां आगे हैं। यही ट्रेंड कॉलेज व प्रफेशनल एग्जाम्स में भी देखा जा रहा है। यह रिपोर्ट साफ बताती है कि आज हर फील्ड में बेटियों के बेहतर प्रदर्शन के बावजूद देश के अधिकांश परिवारों में बेटे-बेटी का फर्क बना हुआ है। मुझे याद है कि हमारे घर में भी बहनें सरकारी स्कूलों में पढ़ीं, जबकि मेरा दाखिला प्राइवेट स्कूल में करवाया गया था। चलिए, मान लें कि पचास साल पहले समाज की ऐसी सोच रही हो, लेकिन आज के दौर में भी यह भेद बरकरार रहना बताता है कि हम अपनी दकियानूसी सोच छोड़ ही नहीं पा रहे हैं।

अपने आसपास ही कई लोगों को देखता हूं, जो अपने लाड़लों को बड़े पब्लिक स्कूल में तो बेटियों को आसपास के सरकारी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। उनकी यह सोच है कि बेटी को तो पराए घर जाना है, उन पर इतना खर्च करने की क्या जरूरत, उनकी शादी और दानदहेज के लिए भी तो पैसा बचाना है। अब उन्हें कौन समझाए कि अगर आज बेटी की पढ़ाई पर पैसा लगा दिया तो आगे के लिए बचाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी, क्योंकि वह खुद इतनी सक्षम हो जाएगी कि कई लोगों का सहारा बन सकती है। हालांकि हमारे बीच बहुत से ऐसे लोग भी हैं जिनके सिर्फ एक बेटी है और वे उसकी पढ़ाई पर अपनी हैसियत से बाहर जाकर भी पैसा लगा रहे हैं, क्योंकि उन्हें अच्छी तालीम का महत्व पता है। लोग आज भी बेटियों को बोझ समझते हैं, इसका पता इस दूसरी खबर से भी लगता है, जो बताती है कि दिल्ली में पिछले चार साल से लिंगानुपात लगातार गिर रहा है। चार साल पहले एक हजार लड़कों पर यहां 933 बच्चियां जन्मी थीं। 2022 में यह आंकड़ा घटकर 929 और पिछले साल 922 ही रह गया। साफ है कि पाबंदी के बावजूद लिंग जांच करने वाले केंद्र चोरी छिपे चल रहे हैं। शर्मनाक तो यह है कि यहां सख्ती होने पर कुछ लोग विदेश तक जाकर लिंग जांच करवा रहे हैं। जब देश की राजधानी का यह हाल है तो बाकी जगह क्या होगा, बताने की जरूरत नहीं। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है। इन्हें कौन बताए कि बेटियों वाला घर आंगन कितनी रौनक वाला होता है। लेकिन जो लोग यह बात नहीं समझ पाते, वे असल में बेटियों के हकदार ही नहीं।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**



अक्षय शुक्ला



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को समृद्ध करेगा रामनाथ स्वामी मंदिर

**एजेंसी। अयोध्या**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने अयोध्या दौरे की शुरूआत राम नाथ स्वामी मंदिर में आयोजित महाकुंभाभिषेक व प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेकर रामसेवक पुरम पत्थर कार्यशाला से की। इस अवसर पर आयोजित सभा के मंच से मुख्यमंत्री योगी ने रामनाथ स्वामी मंदिर की स्थापना को एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को समृद्ध करने वाला प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि रामस्वामी का कार्यशाला में विराजमान होना अत्यंत आनंद का क्षण है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम और तमिलनाडु का विशेष रिश्ता है। ये हजारों वर्षों की परंपरा है। हजारों वर्ष पहले मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जब श्रीलंका में माता सीता की खोज के लिए निकले थे तो तमिलनाडु के रामेश्वरम में सेतु बंधन के पश्चात अपने आराध्य भगवान शिव की अराधना की थी। सीएम योगी ने कहा कि संपूर्ण भारत एक है, इस संकल्प के साथ आध्यात्मिक चेतना बढ़ रही है। मौजूदा प्रयास भी इसमें एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के पीएम मोदी के कार्यक्रम को ही आगे बढ़ा रहे हैं जो यहां भी देखने को मिल रहा है।




## काशी तमिल संगम का दिया उदाहरण

मुख्यमंत्री योगी वाराणसी में आयोजित होने वाले काशी तमिल संगम का उदाहरण देते हुए कहा कि काशी में तमिल संगम के दो संस्करण पूर्ण हो चुके हैं। काशी के बाद आज अय्या जी के कारण अयोध्या धाम भी तमिलनाडु से जुड़ चुका है। उन्होंने आगे कहा कि एक ओर आरएसएस व विश्व हिंदू परिषद द्वारा राष्ट्र जोड़ने का कार्य हो रहा है। वहीं कुछ लोग ओछी राजनीति के लिए देश को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में, मंदिर स्थापना का यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को प्रशस्त करता है।

# आरजी कर मामले में सीबीआई को मिला नया सुराग, संदीप घोष की मुश्किलें बढ़ीं

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की जांच कर रहे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को एक महत्वपूर्ण दस्तावेज मिला है। दस्तावेज के अनुसार, पूर्व प्राचार्य संदीप घोष ने पीड़िता का शव बरामद होने के एक दिन बाद राज्य के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को घटना स्थल के आस-पास के क्षेत्रों में मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए थे। पीड़िता का शव 9 अगस्त की सुबह अस्पताल परिसर के सेमिनार कक्ष से बरामद किया गया था। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किया है, जिससे पता चलता है कि घोष ने सेमिनार हॉल से सटे एक कमरे और शौचालय में मरम्मत कार्य करने के लिए राज्य लोक निर्माण विभाग को अनुमति पत्र जारी किया था। जिस जगह पर मरम्मत कार्य होने की बात कही जा रही है, वह घटना स्थल के पास है। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों को वह अनुमति पत्र मिल गया है जिस पर घोष के हस्ताक्षर हैं और 10 अगस्त की तारीख अंकित है। सूत्रों ने यह भी बताया कि शुरू में ऐसा माना जा रहा था कि पीडब्ल्यूडी को मरम्मत कार्य शुरू करने का निर्देश घोष के निर्देश पर आर.जी. कर के एक प्रशासनिक अधिकारी ने दिया था। हालांकि, अनुमति पत्र देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि घोष घटना स्थल को मरम्मत कराने के लिए कितने उत्सुक थे।



### विनीत गोयल से दोनों पदक वापस लिये जाएं : शुभेंदू

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने राष्ट्रपति और केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल से दो महत्वपूर्ण पुलिस पदक वापस लेने की मांग की है। शुभेंदु ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि विनीत गोयल राष्ट्रपति पुलिस पदक और पुलिस पदक के योग्य नहीं हैं, जो उन्हें 2013 और 2023 में प्रदान किए गए थे। उनका आरोप है कि विनीत के नेतृत्व में कोलकाता पुलिस आरजी कर अस्पताल मामले की जांच में विफल रही और इस कारण वे इन पदकों की प्रतिष्ठा को बनाए रखने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस के काम की सराहना करने के लिए ये पदक प्रदान किए जाते हैं, लेकिन विनीत गोयल ने अपने कार्यों से न केवल अपनी छवि, बल्कि 168 साल पुराने कोलकाता पुलिस की प्रतिष्ठा को भी धूमिल किया है।

# आडवाणी के घर जा नड्डा ने उन्हें फिर से बनाया पार्टी का सदस्य



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को पार्टी के संस्थापक नेताओं में शामिल रहे लालकृष्ण आडवाणी की सदस्यता का नवीनीकरण कर, उन्हें फिर से पार्टी का सदस्य बनाया। भाजपा अध्यक्ष ने लालकृष्ण आडवाणी के आवास पर पहुंचकर, उनकी पार्टी सदस्यता का नवीनीकरण किया। भाजपा के संस्थापक नेता लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वह देश के उप-प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री भी रहे हैं। उन्हें केंद्र की मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# केजरीवाल की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा शराब घोटाले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और सीबीआई का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू की मौखिक दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

# लखनऊ-पटना वंदेभारत ट्रेन पर शरारती तत्वों ने फेंका पत्थर

**एजेंसी। वाराणसी**

चौकाघाट ढ़ेलवरिया के समीप लखनऊ-पटना वंदेभारत ट्रेन पर पत्थर फेंकने की घटना सामने आई है। शरारती तत्वों के पत्थर फेंकने से वंदेभारत के सी-5 कोच के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। पत्थर फेंके जाने से खिड़की के पास बैठे यात्रियों में अफरा—तफरी मच गई। संयोग ही रहा कि पत्थर फेंकने के बावजूद कोई यात्री घायल नही हुआ है। लखनऊ गोमती नगर से अयोध्या होते हुए 22346 वंदेभारत एक्सप्रेस रात में वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंची। निर्धारित समय तक रुकने के बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हुई। ट्रेन जैसे ही चौकाघाट ढ़ेलवरिया के समीप पहुंची तभी अचानक किसी ने रेलवे लाइन के किनारे से पत्थर उठाकर ट्रेन की बोगी पर फेंक दिया। इससे सी—5 कोच के



शीशे बाहर से क्षतिग्रस्त हो गए। इससे कोच के 10 से 12 नंबर तक की सीट पर बैठे यात्रियों में अफरा—तफरी मच गई। यात्रियों ने रेल मदद 139 नंबर पर शिकायत की। इसके बाद कोच अटेंडेंट के अलर्ट पर ट्रेन को रोक दिया गया। बुधवार की रात हुई घटना की जानकारी पाते ही कैंट जीआरपी और आरपीएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और छानबीन किया। यहां से ट्रेन पीडीडीयू नगर स्टेशन (मुगलसराय) पहुंची तो आरपीएफ के अफसरों ने सी-5 कोच के यात्रियों का बयान लिया।

# तेलंगाना : महिला से दुष्कर्म व हत्या के प्रयास मामले में आदिवासी संगठनों का प्रदर्शन

**एजेंसी। कुमरम भीम आसिफाबाद**

तेलंगाना के कुमुराम भीम आसिफाबाद जिले के जैनूर कस्बे में एक आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म व हत्या के प्रयास के खिलाफ आदिवासी संगठनों ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार को प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि जैनूर कस्बे और उसके आसपास के क्षेत्रों में हालात शांतिपूर्ण और नियंत्रण में हैं। आदिवासियों के बुधवार के विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गयी थी, जिसके बाद से इलाके में निषेधाज्ञा लगा दी गयी है। इसी बीच गुरुवार को हालात का जायजा लेने अपने आवास से निकल रहे भाजपा के दो विधायकों- पायल शंकर और हरीश बाबू को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। घटना के विरोध में कुछ आदिवासी संगठनों ने प्रदर्शन का आह्वान किया था जिसके बाद गुरुवार को पड़ोसी आदिलाबाद जिले के चार मंडलों में भी निषेधाज्ञा



लगा दी गयी। प्रदेश की मंत्री सीतक्का ने हैदराबाद के अस्पताल में पीड़िता से मुलाकात की और दोषियों के खिलाफ सख्त करवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में हालात शांतिपूर्ण और नियंत्रण में हैं। जैनूर कस्बे में आरएएफ के साथ अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि ऑटो-रिक्शा चालक ने मंगलवार को जैनूर कस्बे में 45 वर्षीय आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया था लेकिन जब उसने शोर मचाया तो चालक ने उसकी हत्या करने की कोशिश की थी जिससे महिला सड़क पर बेहोश हो गई थी।

# बिहार में 2005 के पहले विकास का कोई एजेंडा नहीं था : सम्राट चौधरी

**एजेंसी। पटना**

बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को राजद अध्यक्ष लालू यादव पर जोरदार जुबानी हमला करते हुए कहा कि बिहार में वर्ष 2005 के पहले विकास कोई एजेंडा नहीं था। उस समय एक राजा, एक रानी और उनके राजकुमार, राजकुमारी थे। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय



रामदेव महतो की 17वीं पुण्यतिथि के मौके पर 'बिहार के विकास : संभावनाएं और चुनौतियां' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा पर लोगों को पूरा भरोसा है। भाजपा जो कहती है, उसे करके भी दिखाती है। उन्होंने लालू यादव पर तंज कसते हुए कहा कि 2005 में एनडीए की सरकार बनने के पहले बिहार में विकास की बात नहीं होती थी। तब, एक राजा, एक रानी और उनके राजकुमार, राजकुमारी थे। उनके राज में बिहार में न बिजली थी, न सड़क थी और न विकास था। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार

# यौन उत्पीड़न मामले मे फंसे आंध्र के विधायक को टीडीपी ने किया निलंबित

**एजेंसी। अमरावती**

यौन उत्पीड़न के आरोप से घिरे सत्यवेदु विधानसभा क्षेत्र से विधायक कोनेती आदिमुलम को उनकी तेलगू देशम पार्टी ने निलंबित कर दिया है। टीडीपी के आंध्र प्रदेश अध्यक्ष पल्ला श्रीनिवास ने एक पत्र जारी कर बताया कि अधिमुला पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों के चलते उन्हें पार्टी से निलंबित किया जा रहा है। दरअसल, सत्यवेदु विधानसभा क्षेत्र से टीडीपी विधायक कोनेती आदिमुलम पर एक महिला ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इस महिला ने हैदराबाद में मीडिया के सामने आकर बताया कि कोनेती ने शुरू से ही उसका यौन उत्पीड़न किया और इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मैंने इसे पेन कैमरे पर रिकॉर्ड किया ताकि सभी को अपने विधायक के बारे में पता चल सके। विधायक ने सौ बार उसे फोन किए, वह मैसेज भेजता और धमकी देता है। पीड़ित महिला ने बताया कि एक ही पार्टी के होने के कारण कई कार्यक्रमों में उनकी मुलाकात होती रहती थी। विधायक ने मेरा फोन नंबर ले लिया और बार-बार कॉल करना शुरू कर दिया। महिला आरोप लगाया कि विधायक ने मुझे तिरुपति के एक होटल के कमरा नंबर 109 में आने को कहा। वहां उन्होंने मुझे धमकाया और मेरा यौन उत्पीड़न किया।'

# आज का राशिफल

**मेष :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा।

**वृष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ।

**सिंह :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं।

**कन्या :** आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें।

**तुला :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**वृश्चिक :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी।

**धनु :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मकर :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कुंभ :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मीन :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

# शिमला : अवैध मस्जिद को लेकर हिंदुओं ने निकाला रोष मार्च



**एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली में बनी अवैध मस्जिद के खिलाफ गुरुवार को हिंदू समुदाय ने रोष मार्च निकाला। इस मार्च में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मार्च में शामिल मंत्री अनिरुद्ध सिंह सहित अन्य लोगों ने सवाल उठाए कि आखिर किसकी सरपरस्ती में यह मस्जिद बनी? अवैध मस्जिद को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच दोनों समुदायों में तनाव बना हुआ है। हर गतिविधियों पर नजर बनाने व अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए जगह-जगह पर पुलिसबलों को तैनात किया गया है। मंत्री अनिरुद्ध ने कहा, संजोली में लगातार चोरी और लव जिहाद के मामलों में तेजी देखने को मिल रही है। महिलाओं का चलना तक दूभर हो चुका है, लेकिन प्रशासन का रवैया उदासीन है। उन्होंने आगे कहा, मस्जिद निर्माण अवैध तरीके से कराया गया। पहले एक मंजिल बना, इसके बाद दूसरी, इसके बाद तीसरी, इस तरह से पांच मंजिल बना ली गई, आखिर कैसे? मैं समझता हूं कि यह स्थिति देश और प्रदेश के लिए खतरनाक है। मेरा प्रशासन से सवाल है कि अब तक पानी, बिजली क्यों नहीं काटा गया? ऐसा निर्माण तभी संभंव होता है, जब प्रशासन से सहयोग मिले।

# छह साल की बच्ची से बैड टच मामले में क्लास टीचर और हेड मिस्ट्रेस सहित चार गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के एक निजी स्कूल में छह साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। यह घटना स्कूल में काम करने वाले मजदूर ने की थी। इस मामले में पुलिस ने बच्ची की क्लास टीचर, हेड मिस्ट्रेस और ठेकेदार समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि जब बच्ची ने अपनी क्लास टीचर को पूरी घटना बताई थी, तो उन्होंने हेड मिस्ट्रेस के साथ मिलकर मामले को छिपाने की कोशिश की थी। वहीं, ठेकेदार पर आरोप है कि उसने आरोपी मजदूर को वहां से भागने में मदद की थी। बच्ची ने घर जाकर जब अपने परिजनों को पूरी घटना बताई तो उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। सेक्टर-24 थाना पुलिस ने गुरुवार को बताया कि नाबालिग से हुई घटना की शिकायत दर्ज कराई गई थी। सेक्टर-12 स्थित मॉडर्न स्कूल में घटना हुई थी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराएं लगाई थी। इस पूरे घटनाक्रम में शामिल क्लास टीचर सरिता सुनेजा, हेड मिस्ट्रेस प्रीति शुक्ला, सुपर वाइजर बसंत पांडेय और ठेकेदार मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस घटना में शामिल आरोपी की तलाश कर रही है।

# अगले महीने देशभर में शुरू होगा प्रकृति परीक्षण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- आयुर्वेद के प्रति जन सामान्य का रुझान बढ़ेगा
- एक करोड़ नागरिकों की होगी प्रकृति की जांच



आयुष मंत्रालय एक अक्टूबर से देश में प्रकृति परीक्षण अभियान चलाएगा। इस अभियान को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग पर रहेगी। गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा कि प्रकृति का स्वास्थ्य रक्षण में बहुत महत्व होता है, प्रकृति की जानकारी से आम नागरिक खुद को स्वस्थ रखने के लिए दिनचर्या, ॠतुचर्या के अनुरूप अपने नित्य कार्यों में छोटे-छोटे बदलाव लाकर स्वस्थ रह सकते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए देश को सकारात्मक स्वास्थ्य की ओर बढ़ने में यह प्रकृति प्रशिक्षण अभियान मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत देश भर के एक करोड़ से ज्यादा नागरिकों का प्रकृति परीक्षण देश के आयुर्वेद महाविद्यालयों के 1,35,000 विद्यार्थी 20,000 स्नातकोत्तर शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी 18,000 अध्यापक तथा तीन लाख चिकित्सक ,ऐसे कुल मिलाकर साढ़े चार लाख लोगों के माध्यम से किया जाएगा, जिन्हें प्रकृति परीक्षण स्वयंसेवक कहा जाएगा। इस अभियान के तहत प्रकृति परीक्षण स्वयंसेवक घर घर जा कर लोगों की प्रकृति का परीक्षण करेंगे। इस अभियान के कारण आयुर्वेद के प्रति जन सामान्य का रुझान बढ़ेगा और आयुर्वेद की अर्थव्यवस्था को भी गतिमानता से विकास पथ पर आगे बढ़ाने में मदद होगी। प्रताप राव ने कहा कि इस माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के पांच विश्व कीर्तिमान स्थापना करने का संकल्प आयोजन समिति ने किया है। इसके लिए एक एप भी विकसित किया गया है, जिसे अभियान की शुरूआत में लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने के अनुसार हर-घर, जन-जन आयुर्वेद यह सपना संजोकर यह अभियान की रचना की गई है।

# न्यूज बॉक्स

## प्रधानमंत्री आज जल संचय जनभागीदारी पहल को संबोधित करेंगे



**नई दिल्ली।** पीएम शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के सूरत में जल संचय जनभागीदारी पहल के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि जल सुरक्षा के बारे में प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी और स्वामित्व पर जोर देते हुए जल संरक्षण करना है और यह पूरे समाज व पूरी सरकार के दृष्टिकोण से संचालित है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार जयदीप आप्टे गिरफ्तार

**मुंबई।** सिंधुदूर्ग जिले में स्थित राजकोट किले में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार जयदीप आप्टे को पुलिस की टीम ने बुधवार रात को कल्याण से गिरफ्तार किया है। गुरुवार को सुबह मालवण पुलिस स्टेशन की टीम जयदीप आप्टे को लेकर मालवण पहुंची है और आरोपित को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। राजकोट किले में स्थापित शिवाजी महाराज की प्रतिमा 26 अगस्त को ढह गई थी। इस प्रतिमा का निर्माण कल्याण के मूर्तिकार जयदीप आप्टे ने किया था। जयदीप आप्टे पर शिवाजी महाराज की मूर्ति में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप है। शिवाजी

## जम्मू-कश्मीर : प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना ने भरा नामांकन

**नौशेरा (जम्मू-कश्मीर)।** जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना ने गुरुवार को नौशेरा विधानसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल किया। यहां दूसरे चरण में 25 सितंबर को मतदान होगा। आज नामांकन की आखिरी तारीख थी। रैना ने नामांकन के बाद एक रैली भी निकाली जिसमें उनके समर्थकों का हुजूम देखने को मिला। उनके नामांकन के मौके पर भाजपा नेता राम माधव भी मौजूद थे।

## हरियाणा के लिए कांग्रेस जल्द जारी करेगी उम्मीदवारों की सूची : चौधरी बीरेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने मजबूत उम्मीदवारों को टिकट देगी। 90 विधानसभा सीटों में से 66 सीटों पर लगभग बातचीत पूरी हो चुकी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उम्मीदवारों के नाम वाली लिस्ट शीघ्र जारी करेंगे। वहीं, आम आदमी पार्टी से गठबंधन पर उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने दिखा दिया कि इंडिया गठबंधन का असर लोकसभा चुनाव में हुआ। हमने यहां पांच सीट जीती। कुछ ऐसा ही असर विधानसभा चुनाव में भी जनता देखना चाहती है।

## यूएई के संसदीय शिष्टमंडल ने ओम बिरला के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** भारत यात्रा पर आए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संसदीय शिष्टमंडल ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। यूएई शिष्टमंडल का नेतृत्व रक्षा, आंतरिक और विदेशी मामलों की समिति के प्रमुख डॉ. अली राशिद अल नुआइमी कर रहे हैं। बैठक के दौरान बिरला ने कहा कि आजादी के बाद से ही दोनों देशों के बीच लोगों के आपसी संपर्क में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जिसकी वजह से, बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक यूएई में रहते हैं और वहां की प्रगति में अपना योगदान दे रहे हैं।

## पुलिस मुठभेड़ के बाद दो शातिर गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में दिनदहाड़े पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश को पुलिस ने गोली लगने के बाद धर दबोचा। इस दौरान दूसरा बदमाश फरार हो गया था, जिसका पीछा पुलिस टीम कर रही थी। इसके बाद दूसरे बदमाश से हुई मुठभेड़ का लाइव वीडियो सामने आया है। इसमें कॉम्बिंग के दौरान बदमाश एक घर में भागकर छुप गया था। जिसका पीछा करते हुए पुलिस भी घर में रेलिंग को फांदकर दाखिल हुई। पुलिस को देखते ही बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी।

# सिमरन महिलाओं के 100 मीटर-टी12 फाइनल में पहुंची



एजेंसी। पेरिस

भारत की सिमरन शर्मा ने गुरुवार को यहां स्टेड डी फ्रांस में पेरिस पैरालंपिक में सेमीफाइनल 2 में 12.33 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहने के बाद महिलाओं के 100 मीटर-टी12 फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। अपने गाइड अभय सिंह के साथ, 24 वर्षीय मौजूदा विश्व चैंपियन सिमरन सेमीफाइनल 2 में जर्मनी की कैटरीन म्यूलर-रॉटगार्ड के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। सिमरन ने तीसरी सबसे तेज धावक के रूप में फाइनल में अपनी जगह पक्की की। नियम के अनुसार, प्रत्येक सेमीफाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त धावक और अगले 2 सबसे तेज धावक फाइनल में आगे बढ़ते हैं। क्यूबा की ओमारा डूरंड पहले सेमीफाइनल में शीर्ष पर रहीं। कुल मिलाकर, ओमारा ने सेमीफाइनल दो में 12.01 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया, उसके बाद जर्मनी की म्यूलर-रॉटगार्ड (12.26 सेकंड) और सिमरन (12.33 सेकंड) रहीं। यूक्रेन की ओक्साना बोटुरचुक 12.36 सेकेंड के समय के साथ फाइनल में जगह पक्की करने वाली चौथी और आखिरी सबसे तेज धाविका रहीं। वह सेमीफाइनल में दूसरे स्थान पर रही। सिमरन का जन्म समय से पहले हुआ था और उसने अगले 10 सप्ताह इनक्यूबेटर में बिताए जहां पता चला कि वह दृष्टिबाधित है। अपने पति गजेंद्र सिंह, जो आर्मी सर्विस कोर के लिए काम करते हैं, द्वारा वह नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रशिक्षण लेती हैं। अपनी दृष्टिबाधिता के लिए मजाक उड़ाने से लेकर हाल ही में कोबे में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने और अब पैरालंपिक फाइनल तक सिमरन ने एक लंबा सफर तय किया है।

**पेरिस पैरालंपिक में सेमीफाइनल 2 में 12.33 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहने के बाद महिलाओं के 100 मीटर-टी12 फाइनल के लिए क्वालीफाई किया**

# मिश्रित टीम रिकर्व ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हरविंदर और पूजा



**पेरिस।** पैरा-तीरंदाज हरविंदर सिंह और पूजा जत्यान ने गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक में आस्ट्रेलियाई जोड़ी टेमोन केंटन-स्मिथ और अमांडा जेनिंग्स को शूट-ऑफ में 5-4 से हराकर मिश्रित टीम रिकर्व ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हरविंदर और पूजा का सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अगला मुकाबला पोलैंड के लुकास सिसजेक और मिलेना ओल्स्जेवस्का से होगा। शूट-ऑफ में हरविंदर ने 9 अंक हासिल किए, उसके बाद पूजा ने सात अंक बनाए। ऑस्ट्रेलिया की टीम भारतीयों के शॉट का मुकाबला नहीं कर पाई क्योंकि केंटन-स्मिथ ने पांच अंक जबकि अमांडा का निशाना चूक गया, जिससे भारत को क्वार्टर फाइनल में जगह मिली।

## चोटिल जोस बटलर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की टी 20 सीरीज से बाहर, फिल साल्ट संभालेंगे कप्तानी

**लंदन।** इंग्लिश टीम के कप्तान जोस बटलर चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बताया कि इस महीने के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में भी उनके खेलने पर संदेह है। बटलर की जगह टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की कप्तानी फिल साल्ट संभालेंगे, जबकि ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को भी टीम में शामिल किया गया है। साल्ट ने इस सीजन में द हंड्रेड में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स की कप्तानी की थी।

# दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में नहीं खेलेंगे ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव और प्रसिद्ध कृष्णा





**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा दलीप ट्रॉफी के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने बुधवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि ईशान किशन को ऑल-इंडिया बुची बाबू टूर्नामेंट के दौरान लगी कमर की चोट के कारण दलीप ट्रॉफी के पहले दौर से बाहर कर दिया गया है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रही है और उनके जल्द स्वस्थ होने की दिशा में काम कर रही है।

**चयन समिति ने संजू सैमसन को इंडिया डी टीम में किशन की जगह शामिल किया है।**

## दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के लिए अद्यतन टीमें इस प्रकार हैं

**भारत एः** शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएल राहुल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुष कोटियन, कुलदीप यादव, आकाश दीप, खलील अहमद, अवेश खान, विदवथ कावेरप्पा, कुमार कुशाग्र , शास्वत रावत।

**भारत बीः** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी। एन जगदीसन (विकेटकीपर)।

**भारत सीः** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाल विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), संदीप वारियर।

**बैलोन डी'ओर 2024**

# रोनाल्डो, मेसी का नाम नहीं एमबाप्पे, हालैंड मुख्य आकर्षण

एजेंसी। नई दिल्ली

बैलन डी'ओर 2024 सूची में दो दशकों में पहली बार क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी का नाम नहीं है। पुरस्कार के लिए नामांकितों की सूची बुधवार को घोषित की गई। दूसरी ओर, काइलियन एमबाप्पे और एरलिंग हालैंड इंग्लैंड के प्रतिभाशाली खिलाड़ी जूड बेलिंगहैम के साथ सूची के मुख्य आकर्षण हैं, जबकि स्पेन की विजयी 2024 यूरोपीय चैम्पियनशिप के दो युवा सितारे लैमिन यामल और निको विलियम्स भी सूची में शामिल हैं।

**बैलन डी'ओर 2024 के लिए नामांकितों की पूरी सूची**

**जूड बेलिंगहैम, हाकन काल्हानोग्लू, किलियन एमबाप्पे, एर्लिंग हैलैंड, लैमिन यमल, रूबेन डायस, आर्टेम डोबविक, फिल फोडेन, एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो, फ्लोरियन विट्र्ज, ग्रैनिट जाका आदि शामिल थे।**

## सिडनी सिक्सर्स ने मैथ्यू मॉट को सहायक कोच नियुक्त किया



**सिडनी।** पूर्व इंग्लिश कोच मैथ्यू मॉट को तीन साल के कॉन्ट्रैक्ट पर बिग बैश लीग की टीम सिडनी सिक्सर्स का सहायक कोच नियुक्त किया गया है। मॉट आगामी सत्र के लिए मुख्य कोच ग्रेग शिपर्ड के अधीन सहायक के रूप में सिक्सर्स पुरुष टीम में शामिल होंगे। वे कैमरून व्हाइट की जगह लेंगे, जिन्हें जून में मेलबर्न रेनेगेड्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

## घरेलू क्रिकेट खेलना हमारे लिए बेहद जरूरी : ऋषभ पंत

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के शुरू होने के साथ नए सत्र की शुरूआत के लिए घरेलू क्रिकेट में शीर्ष क्रिकेटरों की भागीदारी का समर्थन किया।

टूनार्मेंट में इंडिया बी के लिए खेल रहे पंत ने लगभग दो साल बाद लाल गेंद से क्रिकेट खेलने का उत्साह साझा किया। उन्होंने भारत के लिए आखिरी टेस्ट मैच दिसंबर 2022 में (बांग्लादेश के खिलाफ) खेला था। पंत ने जियोसिनेमा से



कहा, मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक अद्भुत एहसास है, क्योंकि दो साल पहले जब मैं दुर्घटना का शिकार हुआ था, तो मैं हमेशा सोचता था कि मैं भारत के लिए फिर से कब खेल पाऊंगा। पिछले छह महीनों में, मैंने आईपीएल खेला, और हमने विश्व कप भी जीता। यह बहुत अच्छा एहसास है क्योंकि मैंने बचपन से ही विश्व कप जीतने का सपना देखा था। अब मैं फिर से रेड बॉल क्रिकेट में वापसी कर रहा हूं और दो साल से अधिक समय के बाद दलीप ट्रॉफी में अपना पहला मैच खेलूंगा ।"

## प्रो पंजा लीग चार अक्टूबर से, 6 टीमों के 180 आर्म रेसलर्स भाग लेंगे

**मुंबई।** प्रो पंजा लीग का दूसरा सीजन , 4 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और इसका समापन 20 अक्टूबर 2024 को होगा। इस सीजन में देश के सभी हिस्सों से 6 टीमों में कुल 180 आर्म-रेसलर्स शामिल होंगे, जो प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए पुरुष, महिला और दिव्यांग श्रेणियों में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रो पंजा लीग, जिसकी सह-स्थापना बॉलीवुड अभिनेता और निमार्ता परवीन डबास और प्रीति झंगियानी ने की है और जिसमें बॉलीवुड के दिग्गज सुनील शेट्टी भागीदार हैं, ने 2023 में पहले सीजन से पहले रैंकिंग टूनामेंट के दो संस्करण, कई मेगा मैच और कई प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए, जो 32 मिलियन अद्वितीय दर्शकों के साथ एक बड़ी सफलता साबित हुई। प्रो पंजा लीग ने भारत में आर्म रेसलिंग के खेल को व्यापक दर्शकों तक पहुँचाने में मदद की है। सीजन 2 को लेकर प्रो पंजा लीग के सह-मालिक परवीन डबास ने कहा, पहले सीजन ने साबित कर दिया कि अगर सही तरीके से पेश किया जाए तो पंजा के खेल के लिए बहुत सारे दर्शक हैं और हम दर्शकों के प्यार के लिए आभारी हैं। यह सीजन और भी रोमांचक होने का वादा करता है, क्योंकि खिलाड़ियों को इसमें बहुत बड़ी हिस्सेदारी का एहसास है और वे अब पूरी तरह से अलग स्तर पर तैयारी कर रहे हैं। हम भारत में स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट के रूप में पंजा लाने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को दिखाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## अमेरिकी ओपन : झांग शुआई/क्रिस्टिना म्लादेनोविच महिला युगल के फाइनल में

**वाशिंगटन।** चीन की झांग शुआई और फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच ने अमेरिकी ओपन महिला युगल के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। झांग-क्रिस्टीना की जोड़ी ने बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा को 7-5, 4-6, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सामंथा स्टोसुर के साथ 2021 में यूएस ओपन महिला युगल खिताब जीतने वाली झांग अब अपने चौथे ग्रैंड स्लैम युगल फाइनल में पहुंच गई हैं। झांग और म्लादेनोविच का मुकाबला शुक्रवार को फाइनल में 7वीं वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको और ल्यूडमिला किचेनोक से होगा।

## यूएस ओपन 2024: मुचोवा लगातार दूसरी बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में

**न्यूयॉर्क।** यूएस ओपन 2023 में कलाई की चोट के बाद केवल छठे टूनार्मेंट में वापसी कर रही गैर वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा ने बुधवार को ब्राजील की बीट्रिज हदाद मैया को 6-1, 6-4 से हराकर लगातार दूसरे साल न्यूयॉर्क सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मुचोवा, जो फरवरी में सर्जरी के कारण लगी चोट से उबरने के बाद जून में एक्शन में लौटी थीं, ने कूल्हे की तकलीफ से जूझते हुए अपने बैकहैंड स्लाइस पर भरोसा किया और ब्राजील की 22वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 85 मिनट में हराया।

## अक्षर के हरफनमौला प्रयासों के बावजूद इंडिया सी इंडिया डी से आगे

**अनंतपुर।** गेंदबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के कारण एक ही दिन में 14 विकेट गिरने के बाद, गुरुवार को यहां ग्रामीण विकास ट्रस्ट मैदान में दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैच के पहले दिन के अंत में भारत सी भारत डी से थोड़ा आगे रहने में सफल रही। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया डी ने खुद को 76/8 पर संकट में पाया, जब तक कि अक्षर पटेल ने जवाबी हमला करते हुए 86 रन नहीं बनाए, टीम ने अपनी पहली पारी में 164 रन बनाए, जिसमें अगला उच्चतम स्कोर सिर्फ 13 था। जवाब में, अक्षर और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लेकर इंडिया सी का स्कोर 91/4 कर दिया और इंडिया सी अभी 73 रन से पीछे है। पिच से मदद और आसमान पर छाये बादलों के बीच पहले गेंदबाजी करते हुए, इंडिया सी को शुरूआती खुशी मिली जब अंशुल कंबोज ने मैच के पहले ही ओवर में अथर्व ताइदे को आउट कर दिया। विजयकुमार वैश्य ने छठे ओवर में श्रेयस अय्यर और देवदत्त पडिक्कल को जल्दी-जल्दी आउट कर दो झटके दिए। वहां से यश दुबे, रिकी भुई, के.एस. भरत, सारांश जैन और राणा बिना कुछ किए आउट हो गए क्योंकि इंडिया डी पर कम स्कोर पर आउट होने का वास्तविक खतरा मंडराने लगा। अक्षर, जो दूसरे छोर से बल्लेबाजों का जुलूस निकलते देख रहे थे , ने शुरूआती तूफान का सामना करने के बाद चौहान पर बाउंड्रीज लगाने के लिए अपना जवाबी हमला शुरू किया। अपने लंबे लीवर का उपयोग करते हुए, अक्षर स्पिनरों को बाउंड्री के लिए भेजने में गंभीर थे - जैसे मानव सुथार को लगातार तीन चौके लगाना, उसके बाद रितिक शौकीन को लगातार छक्के मारना।



# भारत में 18 प्रतिशत यूनिकॉर्न स्टार्टअप का नेतृत्व कर रही हैं महिलाएं : वित्त मंत्री

**2014** में देश में एक्टिव कंपनियों में महिला निदेशकों की संख्या 2.58 लाख थी

**2024** तक बढ़कर 8.83 लाख हो गई है। इसमें 3.4 गुना का इजाफा देखने को मिला है

**2024-25** में महिलाओं के वेलफेयर और उन्हें सशक्त बनाने वाली स्कीमों के लिए 3.10 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं

एजेंसी। चेन्नई



भारत में महिलाएं कॉरपोरेट क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसकी असर है कि मौजूदा समय में स्टार्टअप और फाइनेंसियल टेक्नोलॉजी क्षेत्र के 111 यूनिकॉर्न (वैल्यूएशन एक अरब डॉलर से अधिक) में से 18 प्रतिशत का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से यह बयान दिया गया। फिक्की-एफएलओ चेन्नई इकाई द्वारा चेन्नई में आयोजित की गई कॉन्फ्रेंस में सीतारमण ने कहा कि कॉरपोरेट कंपनियों में बीते एक दशक में महिला निदेशकों की संख्या में तीन गुना का इजाफा हुआ है। 2014 में देश में एक्टिव कंपनियों में महिला निदेशकों की संख्या 2.58 लाख थी, जो कि अब अगस्त 2024 तक बढ़कर 8.83 लाख हो गई है। इसमें 3.4 गुना का इजाफा देखने को मिला है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने आगे कहा कि तमिलनाडु में महिला निदेशकों की संख्या भी इस दौरान 4.3 गुना बढ़ी है। राज्य की एक्टिव कंपनियों में अगस्त 2024 में महिला निदेशकों की संख्या 68,000 थी, जो कि 2014 में 15,550 थी।

केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं को सशक्त बनाए जाने को लेकर लगातार काम किया जा रहा है। आम बजट 2024-25 में महिलाओं के वेलफेयर और उन्हें सशक्त बनाने वाली स्कीमों के लिए 3.10 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2013-14 में 97,134 करोड़ रुपये था।


रिसर्च फर्म डेलॉयट की ओर से की गई स्टडी का हवाला देते हुए सीतारमण ने कहा कि निफ्टी 50 कंपनियों में भी महिला निदेशकों की संख्या बढ़कर 22 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2019 में 18 प्रतिशत थी।

उन्होंने आगे कहा कि नौसेना में जून 2023 से महिलाओं के प्रवेश की शुरूआत हुई थी। तीनों सेनाओं में महिलाओं की भर्ती की जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा, आईएएफ (इंडियन एयर फोर्स) की सभी शाखाओं और स्ट्रीम में महिलाओं की भर्तियां की जा रही हैं।

## स्टार हेल्थ इंश्योरेंस बनी ब्रेल लिपि में बीमा पॉलिसी लॉन्च करने वाली देश की पहली कंपनी

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी खुदरा स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (स्टार हेल्थ इंश्योरेंस) ने आज उद्योग में पहली बार ब्रेल लिपि में एक बीमा पॉलिसी लॉन्च करने की घोषणा की। यह पॉलिसी नेत्रहीन लोगों तक अपने स्वास्थ्य तथा वित्त संबंधी मामलों पर स्वतंत्र निर्णय लेने में सहायक साबित होगी। यह जानकारी स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आनंद रॉय ने दी। आनंद रॉय के अनुसार यह पॉलिसी देश में मौजूद 34 मिलियन दृष्टिबाधित/दृष्टिहीन लोगों को आय सृजन के अवसरों के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक होगी । यह समाज के वंचित, हाशिए पर पड़े वर्ग को प्रशिक्षण और कौशल प्रदान कर उन्हें कंपनी के साथ स्वास्थ्य बीमा एजेंट बनने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। आनंद रॉय ने कहा, हमें ब्रेल लिपि में स्पेशल केयर गोल्ड पॉलिसी लॉन्च करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह समाज के सभी वर्गों में स्वास्थ्य बीमा तक समान पहुंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह पॉलिसी पारंपरिक बीमा से आगे बढ़कर यह सुनिश्चित करने प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है कि विकलांग व्यक्तियों को उनकी जरूरत के अनुसार व्यापक सहायता और कवरेज मिले। हम अपेक्षाकृत अधिक समावेशी बीमा क्षेत्र बनाना चाहते हैं, विशेष रूप से भारत में 34 मिलियन दृष्टिबाधित लोगों के लिए। हम आईआरडीएआई के सभी के लिए बीमा दृष्टिकोण के अनुरूप न केवल गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य बीमा का लोकतांत्रिकरण सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं।

# टैक्स जमा कराने में किंग खान अव्वल सेलेब्रिटी, खिलाड़ियों में विराट सबसे आगे



**फॉर्च्यून इंडिया की लिस्ट में शाहरुख खान 92 करोड़ रुपये का टैक्स चुका कर नंबर वन के पोजीशन पर पहुंचे हैं**

**थलपति विजय-2, सलमान खान -3, अमिताभ बच्चन-4, विराट कोहली -5**

एजेंसी। नई दिल्ली

सबसे अधिक इनकम टैक्स चुकाने वाले सेलिब्रिटीज की लिस्ट में एक बार फिर बॉलीवुड के किंग खान अव्वल नंबर पर रहे हैं, जबकि बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन इस लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। फॉर्च्यून इंडिया ने देश के सेलिब्रिटी इनकम टैक्सपेयर्स की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में क्रिकेटर विराट कोहली भी टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं।

फॉर्च्यून इंडिया की लिस्ट में शाहरुख खान 92 करोड़ रुपये का टैक्स चुका कर नंबर वन के पोजीशन पर पहुंचे हैं। दूसरे नंबर पर तमिल फिल्मों के सुपरस्टार थलपति विजय का नाम है, जिन्होंने टैक्स के रूप में 80 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। सलमान खान टैक्स के रूप में 75 करोड़ रुपये जमा करवा कर इस सूची में तीसरे नंबर पर हैं। इसी तरह बॉलीवुड के ऑल टाइम हिट अमिताभ बच्चन 71 करोड़ रुपये का टैक्स जमा करके सूची में चौथे स्थान पर हैं, जबकि क्रिकेट स्टार विराट कोहली 66 करोड़ रुपये के टैक्स का भुगतान करके इस लिस्ट में पांचवें स्थान पर पहुंचे हैं। सबसे अधिक टैक्स जमा करने वाले सेलिब्रिटीज की लिस्ट में पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी, सचिन तेंदुलकर और ऋतिक रोशन के नाम भी टॉप 10 में शामिल हैं।

अगर सिर्फ भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों की बात करें तो विराट कोहली के बाद दूसरे नंबर पर एमएस धोनी ने 38 करोड़ रुपये का टैक्स जमा कराया है। धोनी फिलहाल सिर्फ आईपीएल में खेल रहे हैं लेकिन विज्ञापनों के जरिए उनकी कमाई अभी भी जारी है। इसी तरह मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। तेंदुलकर ने 28 करोड़ रुपये के टैक्स का भुगतान किया है। इसी तरह सौरव गांगुली ने 23 करोड़ रुपये और हार्दिक पांड्या ने 13 करोड़ रुपये के टैक्स का भुगतान किया है।

## अब 35 रुपये प्रति किलो मिलेगा प्याज

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाने के लिए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाया है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने बुधवार को यहां आयोजित कार्यक्रम में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज बेचने वाली मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर इसकी शुरूआत की। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री ने यहां बिक्री के लिए तैनात भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज की खुदरा बिक्री की शुरूआत की है। इस समय देश के अधिकांश हिस्?सों में प्याज खुदरा में 60 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिक रहा है। प्रहलाद वेंकटेश जोशी ने इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि रबी फसल से हमारे पास 4.7 लाख टन प्याज का बफर स्टॉक उपलब्ध है।

## लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को लगातार दूसरे दिन कमजोरी के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई थी लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिर कर लाल निशान में आ गए। हालांकि, खरीदार लगातार लिवाली का जोर बना कर शेयर बाजार को सहारा देने की कोशिश करते रहे, जिसके कारण दोनों सूचकांकों की चाल में उतार-चढ़ाव भी होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिनभर हुई खरीद बिक्री के दौरान आईटी, मीडिया, मेटल, टेलीकॉम और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर कैपिटल गुड्स, रियल्टी, पावर, ऑयल एंड गैस और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई गिरावट के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 465.66 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 465.13 लाख करोड़ रुपये था।





## मणिपुर में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के घर में लगाई आग

**इंफाल।** मणिपुर में उपद्रवियों ने एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के घर में आग लगा दी। यह घटना जिरीबाम जिले की सीमा से लगे फेरजोल जिला अंतर्गत जकुराधार में हुई। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के तीन कमरे का मकान जलकर राख हो गया। जिला पुलिस सूत्रों के मुताबिक गुरुवार को तड़के करीब 3:30 बजे जिरिबाम जिले से करीब 28 किमी दूर मार-बहुल फेरजोल जिले के पास अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के घर में आग लगा दी। जिले में पहले हुई हिंसा के बाद सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी अपने परिवार के साथ घर से बाहर चले गये थे। जिरीबाम जिला प्रशासन, असम राइफल्स और सीआरपीएफ अधिकारियों की उपस्थिति में मणिपुर के जिरीबाम जिले की सीमा से लगे असम के कछार जिले में जिरीबाम के मैतेई, मार, थाडू, पाइते और मिजो समुदायों के शीर्ष नेताओं की एक बैठक हुई।

## निमार्णाधीन इमारत का स्लैब गिरने से चार मजदूरों की मौत

**मुंबई।** मालाड के हाजीबापू रोड पर स्थित गोविंद नगर में नवजीवन बिल्डिंग नामक निमार्णाधीन इमारत के 20वीं मंजिल का स्लैब गुरुवार को दोपहर में अचानक गिर जाने से 4 मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना में घायल 3 मजदूरों को तत्काल एमडब्ल्यू देसाई अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मुंबई नगर निगम की टीम ने इमारत का निर्माण कार्य तत्काल रोकने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। गुरुवार दोपहर इस बिल्डिंग में 20 मंजिल का स्लैब डाला जा रहा था। अचानक बिल्डिंग का स्लैब गिर गया, जिससे यहां काम कर रहे छह मजदूर नीचे गिर गए।

# भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि हम भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहता है। दो देशों के बीच 'मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन' सहयोग का प्रतीक बन गया है। सिंगापुर सिर्फ एक भागीदार देश नहीं है, बल्कि हर विकासशील देश के लिए एक प्रेरणा है। हम भारत में कई सिंगापुर भी बनाना चाहते हैं और इसके लिए मिलकर प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह बात अपने सिंगापुर समकक्ष लॉरेंस वोंग के साथ बैठक में कही। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा की।

उन्होंने कहा कि ''हमारे बीच जो मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन बना है, वो एक पथ-प्रदर्शक तंत्र है। स्किल, डिजटलाइजेशन, मोबिलिटी, एडवांस मैनिफ्रक्चरिंग, एआई, स्वास्थ्य सेवा, साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्र में सहयोग का प्रतीक बन गया हैं। प्रधानमंत्री मोदी और सिंगापुर के पीएम वोंग की मौजूदगी में भारत और सिंगापुर के बीच डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य और चिकित्सा, शैक्षिक सहयोग और कौशल विकास और भारत-सिंगापुर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम साझेदारी के क्षेत्र में कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। वार्ता से पहले पीएम मोदी का सिंगापुर संसद भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। पीएम मोदी और सिंगापुर के पीएम वोंग ने संसद भवन में एक-दूसरे देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

## भारत हरित भविष्य के लिए दुनिया के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध

- अंतरराष्ट्रीय सौर महोत्सव पूरी दुनिया को सूर्य के प्रभाव का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाता है
- पिछले 10 वर्षों में हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 32 गुना बढ़ गई है



एजेंसी

**सिंगापुर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को प्रथम अंतरराष्ट्रीय सौर महोत्सव में कहा कि भारत हरित भविष्य के लिए दुनिया के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्व से ऐसे उपाय शुरू करने का आह्वान किया, जिससे पृथ्वी को अधिक हरित ग्रह बनाया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से पहले अंतरराष्ट्रीय सौर महोत्सव को संबोधित करते हुए कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों का स्वागत किया और इस अद्भुत पहल के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय सौर महोत्सव पूरी दुनिया को सूर्य के प्रभाव का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाता है। यह एक ऐसा मौका है जो हमें एक बेहतर ग्रह बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने हरित ऊर्जा के क्षेत्र में कई बड़े कदम उठाए हैं। हम नवीकरणीय ऊर्जा में पेरिस प्रतिबद्धताओं को प्राप्त करने वाले पहले जी-20 राष्ट्र थे। सौर ऊर्जा की उल्लेखनीय वृद्धि इसे संभव बनाने में एक प्रमुख कारण है। पिछले 10 वर्षों में हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 32 गुना बढ़ गई है। यह गति और पैमाना हमें 2030 तक पांच सौ (500) गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता हासिल करने में भी मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने कुछ महीने पहले शुरू की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि हम इस योजना में 750 बिलियन रुपये का निवेश कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य 10 मिलियन परिवारों को अपनी छत पर सौर पैनल लगाने में मदद करना है। हम लोगों के बैंक खातों में सीधे वित्तीय सहायता हस्तांतरित कर रहे हैं। अतिरिक्त वित्त की आवश्यकता होने पर कम ब्याज, संपार्श्विक मुक्त ऋण भी सक्षम किए जा रहे हैं। अब, ये घर अपनी जरूरतों के लिए स्वच्छ बिजली पैदा कर रहे हैं। इसके अलावा, वे अतिरिक्त बिजली को ग्रिड को बेचकर पैसा भी कमा सकेंगे।

## अमेरिका के हाई स्कूल में गोलीबारी में चार की मौत, नौ घायल


**अटलांटा।** अमेरिका में जॉर्जिया के अपालाची हाई स्कूल में बुधवार को 14 वर्षीय छात्र ने गोलीबारी कर चार लोगों की जान ले ली। इस गोलीबारी में नौ लोग घायल हो गए। घायलों में आठ छात्र और एक शिक्षक है । पुलिस जांच अधिकारी ने कहा है कि आरोपित संदिग्ध छात्र से गोलीबारी की ऑनलाइन धमकी के संबंध में स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने करीब एक साल पहले भी पूछताछ की थी। जॉर्जिया ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के निदेशक क्रिस होसी ने बताया कि मृतकों में 14 वर्षीय मेसन शेरमेरहॉर्न और क्रिश्चियन एंगुलो, 39 वर्षीय प्रशिक्षक रिचर्ड एस्पिनवाल और 53 वर्षीय क्रिस्टीना इरिमी शामिल हैं।

## राहुल गांधी ने महाराष्ट्र को बताया कांग्रेस की विचारधारा का बेहद महत्वपूर्ण गढ़

### सांगली में स्वर्गीय पतंगराव कदम की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

एजेंसी

**मुंबई ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को सांगली में कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस की विचारधारा का गढ़ है। छत्रपति शिवाजी महाराज, शाहू, फुले, अंबेडकर सभी ने न केवल महाराष्ट्र, बल्कि पूरे देश को प्रेरित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सांगली में स्वर्गीय पतंगराव कदम की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पतंगराव कदम ने विकास और शिक्षा का काम किया। वह जीवन भर कांग्रेस पार्टी के साथ पूरे दिल से खड़े रहे। चुनाव हारने के बाद भी पंतगाराव कदम इंदिरा गांधी के साथ थे। राहुल गांधी ने कहा कि जब मैं महाराष्ट्र आता हूं तो मुझे लगता है कि यह क्षेत्र हमारी विचारधारा का गढ़ है। ये विचारधारा आपके डीएनए में है। आज आपके देश भारत में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है और दूसरी तरफ भाजपा है। हम सामाजिक विकास चाहते हैं। हमें सबको जोड़कर आगे बढ़ना है।' वे चुनाव में चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं। वे चाहते हैं पिछड़े-पिछड़े रहें।, वे चाहते हैं कि दलित दलित ही रहें। वे चाहते हैं कि जातिगत ढांचा जस का तस बना रहे।



## सिक्किम में सेना का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, चार जवानों की मौत

**गंगटोक।** सिक्किम राज्य के पाकिम जिले में गुरुवार को सुबह हुई वाहन दुर्घटना में भारतीय सेना के चार जवानों की मौत हो गई। दुर्घटना रिनॉक-रंगेली राजमार्ग में हुई। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक भारतीय सेना की बिनागुड़ी (पश्चिम बंगाल) स्थित ईएमसी यूनिट का एक वाहन आज सुबह रिनॉक-रंगेली राजमार्ग के दलपचंद में भीर नामक पहाड़ से करीब 700 फीट नीचे फिसल गया। हादसे में चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। मृत जवानों की पहचान कांस्टेबल प्रदीप पटेल, सीएफएन डब्ल्यू. पीटर, नायब गुरसेब सिंह और सूबेदार के. थंगापंडी के रूप में हुई है।

## पुतिन ने 'यूक्रेन संकट' पर मदद के लिए भारत, ब्राजील, चीन की सराहना की

एजेंसी

**लादिवोस्तोक (रूस)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि भारत, ब्राजील और चीन का शीर्ष नेतृत्व यूक्रेन संकट को सुलझाने में योगदान देने के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रहा है। पुतिन ने यह टिप्पणी पूर्वी आर्थिक मंच के चार दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र के संबोधन में की। रूस की सरकारी संवाद समिति तास की रिपोर्ट के अनुसार तीन सितंबर से पूर्वी संघीय विश्वविद्यालय के परिसर में शुरू सम्मेलन में पुतिन ने कहा, हम अपने दोस्तों और साझेदारों का सम्मान करते हैं। मेरा मानना है कि ईमानदारी से इस संघर्ष से जुड़े सभी मुद्दों को मुख्य रूप से चीन, ब्राजील और भारत हल करना चाहते हैं। मैं इस मुद्दे पर तीनों देश के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में हूं। पुतिन ने कहा, मुझे खुशी है कि रूस के इन तीनों देशों के साथ भरोसेमंद संबंध हैं। तीनों इस जटिल प्रक्रिया से दोनों देशों को बाहर निकालने के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं।



### रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की हर पहल का स्वागत करेगा व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन एफ किर्बी ने कहा है कि रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग को समाप्त करने की हर पहल का व्हाइट हाउस स्वागत करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल में रूस की यात्रा के बाद यूक्रेन की यात्रा कर चुके हैं।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** सीएफए का मतलब है चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट, यह वित्त के क्षेत्र पर केंद्रित एक अत्यधिक सम्मानित प्रमाणन पाठ्यक्रम है। यह अमेरिका में स्थित सीएफए संस्थान द्वारा संचालित है और इसका उद्देश्य उन व्यक्तियों को लक्षित करना है जो वित्त में अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। यह प्रमाणन विशेष रूप से उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो वित्त में अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाना चाहते हैं, जिसका लक्ष्य एक मूल्यवान प्रमाणपत्र अर्जित करना है जो बेहतरीन कैरियर के अवसरों के द्वार खोल सकता है। सीएफए पदनाम को वित्त उद्योग में उच्च सम्मान दिया जाता है और गोल्डमैन सैक्स, जेपी मॉर्गन चेस, मैकिन्से और मेरिल लिंच जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ काम करने के इच्छुक पेशेवरों द्वारा इसकी मांग की जाती है।

# सीएफए में बना सकते हैं अपना करियर

**अन्य जानकारी :** सीएफए में तीन लेवल की परीक्षा पास करनी होती है। रपले लेवल की परीक्षा पास करेने के बाद, दूसरे लेवल में जाना पढ़ता है, दूसरे लेवल के परीक्षा को पास करने के बाद तीसरे लेवल की परीक्षा मै बैठने की अनुमति है। सीएफए कोर्स के लिए ओन लाइन रजिस्ट्रेशन होता है। इस के लिए अलग-अलग शहर में कोचिंग की व्यवस्था होती है।




### सीएफए के बाद नौकरियां और करियर

**पोर्टफोलियो प्रबंधक :** एक पोर्टफोलियो प्रबंधक ग्राहक (व्यक्ति या संस्था दोनों) के धन का प्रबंधन और निवेश इस प्रकार करेगा कि ग्राहक की जोखिम क्षमता को ध्यान में रखते हुए अपेक्षित दर पर प्रतिफल प्राप्त हो सके।

**इक्विटी रिसर्च एनालिस्ट :** जैसा कि नाम से पता चलता है, एक इक्विटी रिसर्च एनालिस्ट उद्योग-विशिष्ट इक्विटी स्टॉक पर शोध करता है और उनके भविष्य के मूल्यों का अनुमान लगाकर यह निर्धारित करता है कि क्या वे निवेश के लायक हैं।

**विलय और अधिग्रहण विश्लेषक :** जैसा कि नाम से पता चलता है, विलय और अधिग्रहण विश्लेषक (एम एंड ए विश्लेषक) तब भूमिका निभाता है जब दो कंपनियों का विलय होता है, या जब कोई अधिग्रहण होता है

**क्रेडिट विश्लेषक :** जैसा कि नाम से पता चलता है, क्रेडिट विश्लेषक किसी व्यक्ति या संगठन की क्रेडिट योग्यता का विश्लेषण करता है। असल में, वह यह तय करता है कि किसी खास इकाई को क्रेडिट देना है या नहीं

### सीएफए परीक्षा छात्रवृत्ति

**एक्सेस स्कॉलरशिप :** उन लोगों के लिए जो सीएफए कार्यक्रम नामांकन और परीक्षा पंजीकरण के लिए पूरी कीमत वहन करने में असमर्थ हैं।

**महिला छात्रवृत्ति :** उन महिलाओं के लिए जो अन्य छात्रवृत्तियों के लिए अर्हता प्राप्त नहीं करती हैं और जिन्होंने अभी तक अपनी अगली परीक्षा के लिए पंजीकरण नहीं कराया है।

**•छात्र छात्रवृत्ति :** उन छात्रों के लिए जो हमारे संबद्ध विश्वविद्यालयों में से किसी एक में पढ़ते हैं।

**प्रोफेसर छात्रवृत्ति :** पूर्णकालिक कॉलेज या विश्वविद्यालय प्रोफेसर के लिए।

**नियामक छात्रवृत्ति :** गैर-लाभकारी संस्थाओं के पूर्णकालिक, योग्य कर्मचारियों के लिए।

**मीडिया छात्रवृत्ति :** मीडिया संगठनों के पूर्णकालिक कर्मचारियों के लिए।

## भारत में सीएफए बनने के चरण

चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट बनना एक बहु-चरणीय प्रक्रिया है जिसके लिए समर्पण और प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। भारत में सीएफए बनने के लिए निम्नलिखित मुख्य कदम उठाए जाने चाहिए.

1. **पात्रता मानदंड को पूरा करें:** लेवल I सीएफए परीक्षा देने के लिए पात्र होने के लिए, आपके पास स्नातक की डिग्री या समकक्ष होना चाहिए, या परीक्षा की तिथि पर आपके पास स्नातक की डिग्री के अंतिम 23 महीने होने चाहिए। यदि इनमें से कोई भी लागू नहीं होता है, तो आपके पास कम से कम 4,000 घंटे का कार्य अनुभव और/या उच्च शिक्षा होनी चाहिए। सीएफए संस्थान के लिए प्रत्येक सीएफए कार्यक्रम उम्मीदवार के पास वैध अंतर्राष्ट्रीय यात्रा पासपोर्ट होना आवश्यक है।

2. **सीएफए कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करें:** एक बार जब आप पात्रता मानदंड पूरा कर लेते हैं, तो आप सीएफए संस्थान की वेबसाइट के माध्यम से सीएफए कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। आपको एक बार नामांकन शुल्क और परीक्षा पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना होगा। कृपया ध्यान दें कि सीएफए कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट होना एक पूर्व-आवश्यकता है

3. **सीएफए परीक्षाओं की तैयारी करें:** सीएफए कार्यक्रम में तीन स्तर की परीक्षाएं होती हैं, और आपको अगले स्तर पर जाने के लिए प्रत्येक स्तर को पास करना होगा। लेवल I परीक्षाएं साल में चार बार, फरवरी, मई, अगस्त और नवंबर में आयोजित की जाती हैं; लेवल II परीक्षाएं साल में तीन बार, मई, अगस्त, नवंबर में और लेवल III परीक्षाएं दो बार - फरवरी, अगस्त में आयोजित की जाती हैं। परीक्षा से कम से कम छह महीने पहले तैयारी शुरू करने की सलाह दी जाती है।

4. **सीएफए परीक्षाएँ लें:** सीएफए परीक्षाएँ कंप्यूटर आधारित होती हैं, जिनमें बहुविकल्पीय प्रश्न होते हैं (स्तर III पर निबंध-प्रकार के प्रश्न सहित)। परीक्षाएँ नैतिकता, इक्विटी, निश्चित आय और पोर्टफोलियो प्रबंधन सहित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करती हैं।

5. **कार्य अनुभव की आवश्यकता को पूरा करें:** सीएफए परीक्षा के सभी तीन स्तरों को उत्तीर्ण करने के अतिरिक्त, आपको सीएफए चार्टर प्राप्त करने के लिए सीएफए परीक्षा देने से पहले, उसके दौरान या उसके बाद, निवेश निर्णय लेने की प्रक्रिया में न्यूनतम 4,000 घंटे का व्यावसायिक कार्य अनुभव पूरा करना होगा।

6. **सदस्यता के लिए आवेदन करें:** कार्य अनुभव की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, आप सीएफए संस्थान की सदस्यता के लिए आवेदन कर सकते हैं। एक बार आपकी सदस्यता स्वीकृत हो जाने पर, आपको अपना सीएफए चार्टर प्राप्त होगा और आप सीएफए पदनाम का उपयोग करने में सक्षम होंगे।

7. **अपनी सदस्यता बनाए रखें:** सीएफए चार्टर धारक के रूप में, आपसे सतत शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने और सीएफए संस्थान की आचार संहिता और व्यावसायिक आचरण के मानकों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

**नोट-** अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक वेबसाइट cfa Institute. org में जा कर ले सकते है।